संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार 13 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 161 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड





# अहमदाबाद में विमान हादसा

▶▶ 242 लोग थे सवार, अब तक 200 से ज्यादा शव मिले, विमान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश नागरिक, सात पुर्तगाली, एक कनाडाई कर रहा था सफर

**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का ड्रीमलाइनर बोइंग 787-8 विमान गुरुवार दोपहर को सरदार पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह जिस इलाके में गिरा वहां भी भारी तबाही हुई। विमान में कुल 242 लोग सवार थे, जिनके बचने की कोई उम्मीद नहीं है। नागर विमानन महानिदेशालय ने इस हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। दुर्घटनास्थल पर व्यापक स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अहमदाबाद के लिए रवाना हुए। इस हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री समेत तमाम नेताओं ने इस पर दुख जताया है। एअर इंडिया का यह विमान टेक ऑफ करते ही हवाई अड्डे के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त होकर मेघानी नगर इलाके के एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की बिल्डिंग पर गिरा। इसमें कई छात्रों की मौत की आशंका है। कैप्टन सुमित सभरवाल, सह पायलट क्लाइव कुंदर के साथ विमान उड़ा रहे थे। विमान में 230 यात्री, दो पायलट और चालक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। इन यात्रियों में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक है। यात्रियों की सूची में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी नाम है।






एअर इंडिया के मुताबिक, बोइंग 787-8 दोपहर 13 बजकर 38 मिनट पर टेक ऑफ हुई थी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के अनुसार, उड़ान भरने के कुछ ही क्षणों बाद विमान के पायलट ने एटीसी को 'मेडे' यानी गंभीरतम आपातस्थिति का संकेत दिया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गयी कॉल पर विमान से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी। इसके तुरंत बाद विमान हवाई अड्डे के निकट के इलाके में गिर गया और दुर्घटनास्थल से काले धुएं के गुबार निकलने लगे। विमान ने टेकऑफ करने के बाद महज 625 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भरी लेकिन इसके बाद विमान 400 फीट प्रति सेकेंड की गति से नीचे आने लगा और 60-70 सेकेंड के भीतर दुर्घटनाग्रस्त विमान अहमदाबाद के मेघानी नगर इलाके के एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की बिल्डिंग पर गिरा। भीषण विस्फोट के साथ विमान जलकर राख हो गया। दूर-दूर तक धुएं का गुबार देखा गया। यहां भी कई छात्रों के मौत की आशंका है।

हादसे के बाद अहमदाबाद आयुक्त जीएस मलिक ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतीत होता है कि विमान दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि चूंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जहां कार्यालय भी थे, इसलिए कुछ स्थानीय लोग भी चपेट में आए होंगे। उन्होंने कहा कि हताहतों की सटीक संख्या का पता लगाया जा रहा है। मृतकों की पहचान के लिए यात्रियों के परिजनों के डीएनए सैंपल लिए जाएंगे।

हादसे के बाद सीआईएसएफ कर्मियों ने तुरंत आपातकालीन प्रोटोकॉल सक्रिय किया और घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय अधिकारियों और आपातकालीन सेवाओं के साथ बचाव अभियान शुरू किया गया।

## विमान हादसे में विजय रूपाणी का निधन, बेटी से मिलने लंदन जा रहे थे पूर्व मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया के विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया। गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल ने इसकी पुष्टि की है। रूपाणी अपनी बेटी से मिलने जा रहे थे। हादसे की खबर मिलने के बाद से रूपाणी के घर पर मातम पसरा हुआ था। अब उनके निधन की खबर मिलने के बाद उनके रोते-बिलखते परिजनों की तस्वीरें भी सामने आई हैं। इससे पहले रूपाणी की एक ओर तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी, जिसमें वह विमान में बैठे हुए नजर आ रहे थे। सी आर पाटिल ने कहा, हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी इसी उड़ान में अपने परिवार से मिलने के लिए लंदन जा रहे थे। वह भी इस हादसे के शिकार हुए हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। उन्होंने आगे कहा, यह हादसा इतना बड़ा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं गुजरात पहुंच रहे हैं। वह जो भी कर सकते हैं, यहां आकर वह करेंगे। रूपाणी 68 साल के थे।

वह 2016 से 2020 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री बनने से पहले रूपाणी जुलाई, 2006 से 2012 के बीच राज्यसभा सदस्य रहे। साल 2014 में गुजरात के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी की जगह आनंदीबेन पटेल ने ली थी। इसके लगभग दो साल बाद अगस्त, 2016 में विजय रुपाणी मुख्यमंत्री बने थे। पहले कार्यकाल में रुपाणी अगस्त, 2016 से दिसंबर, 2017 तक सीएम पद पर रहे। इसके बाद उन्होंने दिसंबर, 2017 से सितंबर, 2021 के बीच मुख्यमंत्री पद संभाला। वह पांच साल 37 दिन तक मुख्यमंत्री रहे। रुपाणी ने फरवरी से अगस्त, 2016 के बीच गुजरात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के रूप में भी काम किया था। इससे पहले वर्ष 1996-97 में रुपाणी राजकोट नगर निगम के मेयर भी रहे थे।

सियासत से इतर बात रुपाणी के निजी जीवन की करें तो विजय रुपाणी ने भाजपा महिला विंग की सदस्य अंजलि से शादी की। रुपाणी के परिवार में एक बेटा ऋषभ और बेटी राधिका हैं। बेटी शादीशुदा है। एयर इंडिया के विमान बोइंग 787-8 में 242 यात्री सवार थे। हादसे के बाद से बचाव और राहत दल अपने काम में जुटे हैं। अब तक 200 से ज्यादा शवों को बरामद किया जा चुका है।

## डीजीसीए ने बताया- पायलट ने मेडे की कॉल की थी



**टीम एक्शन इंडिया**

डीजीसीए ने बताया कि विमान में दो पायलट और केबिन क्रू के 10 सदस्यों समेत 242 यात्री सवार थे। विमान को कैप्टन सुमीत सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे।

डीजीसीए ने बताया कि विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल की थी, लेकिन जब एटीसी ने एयरक्राफ्ट से संपर्क साधने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला। विमान उड़ान भरते ही एयरपोर्ट परिसर के बाहर गिर गया, जिसके बाद धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया। विमान हादसे के बाद बचाव और राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ की कई टीमें मौके पर भेजी गई हैं।

**37 साल पहले भी यात्री विमान क्रैश से दहला था अहमदाबाद**

19 अक्तूबर 1988 को भी अहमदाबाद एयरपोर्ट के करीब एक बड़ा विमान हादसा हुआ था। उस हादसे में 113 लोगों की मौत हुई थी। उस दिन बोइंग 737-200 विमान ने सुबह 6.05 बजे मुंबई से उड़ान भरी। 6.20 बजे पायलट ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से कम दृश्यता के चलते मौसम की जानकारी मांगी।

### कई लोग आंखों में आंसू लिए अपने परिजनों को ढूंढ रहे थे

इस बीच अस्पताल के बाहर ऐसे भी कई लोग दिखे जो आंखों में आंसू लिए अपने परिजनों को ढूंढ रहे थे। इनमें एक व्यक्ति अस्पताल के बाहर रो पड़ा और अधिकारियों से उसे अंदर जाने देने की विनती करने लगा। दूसरी तरफ एक और व्यक्ति ने कहा, "मेरी बहन और बहनोई अस्पताल के अंदर हैं, लेकिन हमें अंदर नहीं जाने दिया जा रहा। वे लंदन जा रहे थे। मेरी भांजी लंदन में है। वे उसी को देखने जा रहे थे। भांजी ने मुझे फोन कर बताया कि उसके माता-पिता उसी फ्लाइट में हैं, जो दुर्घटनाग्रस्त हुई।

## विमान हादसे में 425 फीट से गिरकर जीवित बचा शख्स, अस्पताल पहुंचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद :** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान अक-171 गुरुवार को टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी समेत 242 यात्री सवार थे।

अभी तक 200 से अधिक लोगों के शव बरामद हुए हैं। लेकिन इस हादसे में एक शख्स जिंदा भी बच गया है। विमान हादसे के दौरान 625 फीट से गिरने के बावजूद उसकी जान बच गई। शख्स हादसे के स्थल से लाशों के बीच से होते हुए चलते हुए अस्पताल पहुंचा।



**जिंदा बचे शख्स का नाम रमेश विश्वास कुमार :** अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने कहा है, पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अभी तक मौतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा

### डॉक्टर्स हॉस्टल पर क्रैश हुआ विमान

**एअर** इंडिया ने जानकारी देने के लिए हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 जारी किया है। एअर इंडिया ने अथॉरिटीज को पूरा समर्थन देने की बात कही है। AI171 दुर्घटना के मद्देनजर, सभी विवरणों के समन्वय के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिया गया है। जिसका नंबर : 011-24610843` 9650391859 है।

**डॉक्टर्स हॉस्टल पर क्रैश हुआ विमान**

अहमदाबाद के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट डॉक्टर्स हॉस्टल पर क्रैश हुई। सूचना मिलने के 2-3 मिनट के भीतर ही पुलिस अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। करीब 70-80 प्रतिशत इलाका क्लीयर करा लिया गया है।

## जिस हॉस्टल में घुसा विमान, वहां लड़के ने दूसरी मंजिल से कूद कर बचाई जान

**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद :** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया। यह यात्री विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के चंद सेकेंड्स बाद ही मेघाणीनगर में गिरकर आग के गोले में बदल गया। देश-दुनिया के बड़े नेताओं ने इस घटना को लेकर शोक जताया है और मृतकों के परिजनों के प्रति शोक प्रकट किया है। इस बीच हादसे को लेकर चश्मदीदों के बयान आए हैं। साथ ही वे लोग भी सामने आए हैं, जिन्होंने इस हादसे में अपने करीबियों को खो दिया।

**घटना पर क्या बोले चश्मदीद?**




एयर इंडिया विमान क्रैश के एक चश्मदीद ने बताया- "मैं तब घर पर ही था, जब हमने एक जबरदस्त आवाज सुनी। जब हम बाहर निकले तो हवा में धुएं का जबरदस्त गुबार देखा। जब हम यहां आए तो हर तरफ लाशें और क्रैश हुए प्लेन का मलबा ही बिखरा दिखाई दिया।"

दूसरी तरफ अहमदाबाद के सिविल अस्पताल के बाहर इस घटना के बाद भारी भीड़ जुटी दिखाई दी। रमीला नाम की एक महिला ने बताया कि उनका बेटा जब हॉस्टल में खाना खाने गया था, तभी यह विमान क्रैश हुआ। उन्होंने कहा, "मेरा बेटा सुरक्षित है और मेरी उससे बात हुई है। उसने दूसरी मंजिल से कूद कर अपनी जान बचाई। इसलिए उसे कुछ चोटें आई हैं।" एक अन्य व्यक्ति ने दावा किया कि जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां से उसका दफ्तर 200 मीटर दूर है। उसने बताया कि जैसे ही मैं बाहर निकला, एक तेज आवाज आई और पूरा इलाका धुएं से भर गया। एक सन्नाटा छा गया और फिर हमने देखा कि बड़ी दुर्घटना हुई है। शख्स ने कहा कि हम जैसे ही घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां काफी मलबा फैला देखा। इलाके में आग और धुआं ही धुआं था। कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था।

### 'तेज आवाज आई और पूरा इलाका धुएं से भर गया'

दूसरी तरफ अहमदाबाद के सिविल अस्पताल के बाहर इस घटना के बाद भारी भीड़ जुटी दिखाई दी। रमीला नाम की एक महिला ने बताया कि उनका बेटा जब हॉस्टल में खाना खाने गया था, तभी यह विमान क्रैश हुआ। उन्होंने कहा, "मेरा बेटा सुरक्षित है और मेरी उससे बात हुई है। उसने दूसरी मंजिल से कूद कर अपनी जान बचाई। इसलिए उसे कुछ चोटें आई हैं।" एक अन्य व्यक्ति ने दावा किया कि जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां से उसका दफ्तर 200 मीटर दूर है।

उसने बताया कि जैसे ही मैं बाहर निकला, एक तेज आवाज आई और पूरा इलाका धुएं से भर गया। एक सन्नाटा छा गया और फिर हमने देखा कि बड़ी दुर्घटना हुई है। शख्स ने कहा कि हम जैसे ही घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां काफी मलबा फैला देखा। इलाके में आग और धुआं ही धुआं था। कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। तब हमें पता चला कि विमान के पंख इधर-उधर पड़े हैं और एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया है। हमें हताहतों की जानकारी नहीं है,›

# साईं धाम शिरडी में भव्य तिरंगा आस्था और राष्ट्रवाद का संगम है: नवीन जिन्दल




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** देश के राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और गौरव को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ, कुरुक्षेत्र के सांसद एवं फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल ने आज साईं धाम, शिरडी में 108 फीट ऊँचा भव्य तिरंगा राष्ट्र को समर्पित किया। तिरंगा ध्वजारोहण के अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि यह तिरंगा धार्मिक आस्थाओं और राष्ट्रवाद की भावनाओं का एक अद्भुत संगम है। साईं बाबा सबके हैं, और तिरंगा भी हम सबका है। न कोई जात, न मजहब, न भाषा। साईं दरबार में और इस तिरंगे की छांव में हर भारतीय एक है। उन्होंने कहा कि शिरडी के साईं बाबा एक ऐसे महान संत थे, जिन्होंने हमें सेवा, दया-करुणा, सच्चाई, समर्पण और परस्पर विश्वास का संदेश दिया। उन्होंने मजहब के बीच की दीवारें तोड़कर हमें प्रेम और भाईचारा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। शिरडी में उनका यह पवित्र स्थल आज करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां हमें आध्यात्मिक शांति और जनसेवा की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को एक पावन प्रतीक बताते हुए कहा कि यह केवल एक झंडा नहीं, बल्कि उस अखंड एकता का प्रतीक है जो हमें जोड़ता है, प्रेरित करता है और गर्व से भर देता है। इस मौके पर सांसद नवीन जिन्दल ने अपने संबोधन में जनमानस से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने की अपील की।इस ऐतिहासिक अवसर पर शिरडी के सांसद श्री भाऊसाहेब वाकचौरे, श्री साइन बाबा संस्थान ट्रस्ट के सीईओ श्री गोरक्ष गाडिलकर, फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की उपाध्यक्षा श्रीमती शालू जिन्दल, फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ मेजर जनरल अशीम कोहली, प्रशासनिक अधिकारी, अनेक गणमान्य अतिथि, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सांसद नवीन जिन्दल के कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि 1992 में तिरंगा फहराने के अधिकार को लेकर शुरू हुई सांसद नवीन जिन्दल की संघर्ष-यात्रा 2004 में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय से पूर्ण हुई, जब प्रत्येक भारतीय को ध्वज फहराने का अधिकार प्राप्त हुआ। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से देश में ऐसे 176 विशालकाय तिरंगा फहरा रहे हैं। राष्ट्रीय ध्वज के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सांसद नवीन जिन्दल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के परिणामस्वरूप आज देश भर में 700 से अधिक स्थानों पर दिन-रात फहराने जाने वाले विशालकाय तिरंगे गर्व से लहरा रहे हैं।

सांसद नवीन जिन्दल ने विशालकाय तिरंगे फहराने की श्रृंखला में सबसे पहला तिरंगा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के कैथल में हनुमान वाटिका में 207 फीट का तिरंगा फहराकर शुरूआत की थी। तब से देश के कोने-कोने में विशालकाय तिरंगे लगाने के लिए और देश में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता लाने के लिए फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया निरंतर कार्य कर रही है।

## छात्रों को नशे के खिलाफ जानकारी देकर जागरूक किया

**पानीपत, (कमाल हुसैन)** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला को नशामुक्त करने के लिए नशे के खिलाफ चलाई गई जागरूकता मुहिम के तहत पुलिस टीम ने वीरवार को समालखा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र परिसर में इंपावर एकेडमी फॉर स्किल्स में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। अभियान के जिला नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बबार्दी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाणा पुलिस लगातार प्रयासरत है।

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **विकास पुत्रः** ओमकार सिंह **पताः** बी–47 पांचाल विहार करावल नगर दिल्ली, ने **FIR No. 433/2020, U/s 392/411 IPC थानाः नंद नगरी दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 433/2020, U/s 392/411 IPC थानाः नंद नगरी दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विकास,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 19**
**कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली**

**DP/7525/NE/2025**
**(Court Matter)**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किशन बिहारी पुत्र** गंगा सिंह, **निवासीः** जी–26, जे–123, गली नं0–26, मोलर बैंड एक्सटेंशन, बदरपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 67/2019, पुलिस स्टेशन पांडव नगर, पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किशन बिहारी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किशन बिहारी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 67/2019, पुलिस स्टेशन पांडव नगर, पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **किशन बिहारी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.08.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री दीपक कुमार**
**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कमरा नं.–29,**
**कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली**

**DP/7595/ED/2025**
**(Court Matter)**

### उत्तर रेलवे

**(ई-नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइटस के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल **(https://ireps.gov.in)** पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है :

| ई–कैटलॉगसंख्या E-Catalogue No | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-23-2025 | दिनांक 27.06.2025 को 11:00 बजे | मंडावली चंदर विहार हाल्ट और ओ बी नंबर 29 के नजदीक (मिक्स पार्किंग) = कुल 1 साइट |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | **https://ireps.gov.in/** | |

**ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ:** आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है 43. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाएँ भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होंगी। 44. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 45. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता 46. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 47. फण्ड का लियन मार्किंग 48. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 49. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नही है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055, Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084

**संख्या-No:23AC/393/E Auction/Pkg/2025 दिनांक: 11.06.2025** **1747/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक राज्य प्रधान डॉ. दिनेश निंबड़िया की अध्यक्षता में अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग पंकज अग्रवाल, निदेशक मौलिक शिक्षा विवेक अग्रवाल, तथा अतिरिक्त निदेशक श्रीमती कमलप्रीत कौर के साथ शिक्षा सदन, पंचकूला में सम्पन्न हुई। राज्य महासचिव विनोद मोहड़ी ने बताया कि इस उच्चस्तरीय बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के अध्यापकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक के मुख्य निर्णय बिंदु निम्नलिखित रहे। एलिमेंट्री स्कूल हेडमास्टर रिवर्जन मामले की डायरेक्टर एलिमेंट्री एजुकेशन द्वारा शीघ्र समीक्षा की जाएगी। संघ द्वारा प्रस्तुत सभी तर्कों व तथ्यों को संज्ञान में लेकर इस पर न्यायोचित निर्णय लिया जाएगा।एसीपी मामलों में हरियाणा सिविल सेवा नियम 1998 का पालन करते हुए लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र सुलझाया जाएगा। राज्य के सभी विभागीय संस्थानों में रोस्टर रजिस्टर का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा ताकि पदोन्नति व नियुक्तियों में आरक्षण की पारदर्शिता बनी रहे। तृतीय श्रेणी पदोन्नति में अनुसूचित जाति आरक्षण लागू न होने के विषय पर पुनरीक्षण कर इसे लागू किया जाएगा, जिससे वर्ग विशेष के अधिकारों का संरक्षण हो सके।

### उत्तर रेलवे

**इ–निविदा (इ–प्रोक्योर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

**सं. 128-W/280/e Tender Notice/ NIT-28 & 29-25-26-W-II** **दिनांक: 11.06.2025**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-30 | **कार्य का नामः-** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के कार्यक्षेत्र व सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अनुभाग में 1. गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर सामुदायिक हॉल का निर्माण और 2. SSE/W/M/GZB और SSE/W/E/GZB के अंतर्गत टैंकरों के माध्यम से पीने के पानी की आपूर्ति, (जिसमें रास्ते के स्टेशन और LC शामिल हैं) आदि का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** :– IREPS पर NIT के अनुसार। **बयाना राशि (रुपये)** :– IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 08.07.2025 15:00 hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है।। | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलबध है। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **1754/25**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अनमोल उर्फ संजू पुत्र** अनिल, **पताः** मकान नं. 544, ब्लॉक–28 एमसीडी कॉलोनी, सेक्टर–20, रोहिणी, दिल्ली **FIR No. 583/2022, U/S: 392/411/34 IPC, पुलिस थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनमोल उर्फ संजू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनमोल उर्फ संजू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अनमोल उर्फ संजू FIR No. 583/2022, U/S: 392/411/34 IPC, पुलिस थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**रीतिका जैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी 05**
**उत्तर–पश्चिम कोर्ट नंबर 105**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7510/OD/2025**
**(Court Matter)**

### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं:** झाँसी/जीएसयु/पी.एस.आई.-2025-06 **दिनांक:** 10.06.2025

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य विद्युत इंजीनियर गति शक्ति यूनिट झांसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** झाँसी/जीएसयु/पी.एस.आई.-2025-06, उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के चिरगांव स्टेशन पर 25 केवी, 50 हर्ट्ज एसी, मौजूदा/नए एसपी का संशोधन/डिजाइन, आपूर्ति, आपूर्ति, स्थापना, टेस्टिंग और कमीशनिंग का कार्य। **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 18147276.15

**अमानत राशि (रू.):** ₹ 240700.00 | **निविदा बन्द होने की तिथि: 07.07.2025**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह।

● निविदा **दिनांक 07.07.2025 को 15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1013/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82(2)(ii) Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महादेव पुत्र मोहन सिंह निवासी बी-125, ईस्ट नाथू कॉलोनी, नंद नगरी, दिल्ली** ने एफआईआर सं. **832/2020, अन्तर्गत धारा 12/9/55 जी. एक्ट, थाना नन्द नगरी, उत्तर-पूर्व ज़िला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महादेव** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महादेव** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **832/2020, अन्तर्गत धारा 12/9/55 जी. एक्ट, थाना नन्द नगरी, उत्तर-पूर्व ज़िला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **महादेव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.08.2025 को प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री दीपाक्षी राना**
एलडी. महानगर न्यायधीश-03
शाहदरा, कोर्ट नं. 19
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/7518/NE/2025**
**(Court Matter)**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **मोहित, पुत्र. राजू, निवासीः** मकान नं. **सी–37, जेजे कॉलोनी, मादीपुर, पंजाबी बाग, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.98/2018 Dt.10.03.2018 U/S 392/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना जनकपुरी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **मोहित** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **मोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.98/2018 Dt.10.03.2018 U/S 392/411/34 IPC, थाना जनकपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहित** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **23.07.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार हरजोत सिंह औजला
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11,
कमरा नं.-05, दक्षिण पश्चिम जिला,
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/7545/WD/2025**
(अदालती मामला)

### उत्तर रेलवे

**टेंडर नोटिस सं. 22/2025-2026 दिनांक: 11.06.2025**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09255006 | कास्ट स्टील केसनब 22 एच एस बोगी | 960 नग | 07.07.25 |
| 02 | 19250764 | स्प्रिंग लोडेड स्विच फॉर जेड पी टी | 1147 नग | 14.07.25 |
| 03 | 07241086A | हेलिकल स्प्रिंग फॉर एक्सल बॉक्स | 700 नग | 18.07.25 |
| 04 | 19250808 | एन्ड फ्रेम डे असेंबली | 58 नग | 22.09.25 |
| 05 | 19254439 | डबल रो सेल्फ अलीगिनिंग स्फेरिकल रोलर | 205 नग | 29.09.25 |
| 06 | 19250803 | सेट ऑफ सिंगल डक्ट लेदर | 95 नग | 06.10.25 |

**निविदा शर्तें:-** **1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती हैं। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। 1744/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पीसीसी एकेडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )** पीसीसी एकेडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य था। डिग्री से ज्यादा टैलेंट जरूरी। इस मौके पर बच्चों ने भाषण के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। मौके पर एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा डिग्री से ज्यादा टैलेंट जरूरी है क्योंकि आज सोशल मीडिया पर लोग लाखों रुपये कमा रहे हैं। अपने टैलेंट की वजह से दुनिया में ऐसे ऐसे टैलेंट हैं जो सोशल मीडिया के माध्यम से बाहर आए हैं । राजीव परुथी ने कहा डिग्री लेना आसान है परंतु टैलेंट पैदा करना थोड़ा मुश्किल है जिस इंसान में टैलेंट आ जाए या वह अपने टैलेन्ट को पहचान ले तो उसको जीवन में सफलता मिलना तय है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## सार्वजनिक सूचना

**हम जोकि अमित कुमार गर्ग, राजकुमार पुत्र जयकिशन निवासी गन्नौर मंडी तहसील गन्नौर जिला सोनीपत व सोनिया पुत्री जयकिशन निवासी मकान नंबर 32, देवी मंदिर विजयनगर पानीपत तहसील व जिला पानीपत बयान करते हैं कि हमारे पिता की मृत्यु 17.10.2021 व हमारी माता की मृत्यु पहले ही हो चुकी है अब हमारे माता-पिता के तीन वारसान है जिनके नाम अमित कुमार गर्ग पुत्र, राजकुमार पुत्र सोनिया पुत्री है. उपरोक्त के अलावा कोई भी हमारे पिता का वारसान नहीं है.**

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सीएम ने 3डी मैमोग्राफी प्रणाली का उद्घाटन किया

सरकार निरंतर बेहतर, सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध: सीएम

**गुणवत्तापूर्ण**

- यह यूनिट महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की समय रहते पहचान और प्रभावी इलाज में अहम भूमिका निभाएगी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को वसुंधरा एंक्लेव स्थित धर्मशिला नारायणा अस्पताल में 3डी मैमोग्राफी प्रणाली का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि यह अत्याधुनिक सुविधा वाली यूनिट महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की समय रहते पहचान और प्रभावी इलाज में अहम भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार निरंतर बेहतर, सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुगमता से पहुंचे, इसके लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार सभी नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण, किफायती और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को और मजबूत बनाने में जुटी है। दिल्ली सरकार अब तक ह्यप्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनाह्न और ह्यवय वंदना योजनाह्न के तहत 3 लाख 45 हजार से ज्यादा स्वास्थ्य कार्ड जारी कर चुकी है।

## बच्चों को बाल मजदूरी में झोंकना, देश के भविष्य को अंधेरे में धकेलने जैसा: सीएम

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें बाल मजदूरी में झोंकना, देश के भविष्य को अंधेरे में धकेलने जैसा है। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी न सिर्फ एक सामाजिक अपराध है, बल्कि बचपन की मुस्कान और सपनों की उड़ान को छीन लेने वाला कलंक भी है। शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान हर बच्चे का अधिकार है। यही नया भारत है, यही हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बचपन को संवारने के लिए सही पोषण, सुरक्षित वातावरण और अच्छी शिक्षा व्यवस्था पर तेजी से काम कर रही है। उन्होंने सभी से 'बाल श्रम' को 'न' कहकर बच्चों को उनका बचपन लौटाने की अपील की है। इस विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर हम हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और संस्कार से जोड़ने का संकल्प लें।

## गर्मी की छुट्टियों के दौरान व्यापक सुरक्षा जांच के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी कॉलेजों, विभागों और छात्रावासों को गर्मी की छुट्टियों के दौरान व्यापक सुरक्षा और संरचनात्मक जांच के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश प्रोवोस्ट कार्यालय द्वारा बोर्ड ऑफ रेजिडेंस, हेल्थ एंड डिसिप्लिन के अंतर्गत जारी सर्वेक्षण के बाद जारी किए गए हैं। पिछले दिनों में कॉलेजों में कई हादसे हुए हैं और विश्वविद्यालय ने सभी से सजगता बरतने को कहा है।
विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा समाप्त होते ही संबंधित संस्थान अपने परिसरों में सभी कमरों और शौचालयों का



गहन निरीक्षण करें।
निर्देश में कहा गया है कि सभी छतें और दीवारें सुरक्षित स्थिति में हों, पंखे, लाइट आदि विद्युत फिटिंग ठीक से काम कर रही हों, शुद्ध पेयजल और शौचालयों में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित हो और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए रैम्पों की मरम्मत कराई जाए।



दिल्ली में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए कल्याणपुरी के पास हिंडन नहर में नहाते बच्चे।

## हेड कांस्टेबल को मोटरसाइकिल सवार ने मारी टक्कर, घायल

**नई दिल्ली।** पुलिस मुख्यालय में डाक लेने जा रहे हेड कॉन्स्टेबल की मोटरसाइकिल में अन्य मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में हेड कॉन्स्टेबल घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं आरोपी बाइक सवार को मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार बाइक सवार की पहचान पालम कॉलोनी के विजय कुमार के रूप में हुई है। उसकी बाइक भी जब्त कर ली गई है। वहीं घायल हेड कॉन्स्टेबल की पहचान धर्मपाल के रूप में हुई है। फिलहाल चाणक्यपुरी पुलिस आगे की जांच कर रही है। घायल हेड कॉन्स्टेबल धर्मपाल अपने परिवार के साथ गणेश अपार्टमेंट ककरोला गांव में रहते हैं। साउथ वेस्ट जिले में वह अभी कार्यरत हैं।

## दिल्ली में 3.45 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड जारी

**मुफ्त जांच**

- दिल्ली में 3.45 लाख स्वास्थ्य कार्ड जारी
- वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष योजना
- आरोग्य मंदिरों में मुफ्त जांच सुविधा होगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेवाई) और आयुष्मान वय वंदना योजना (वीवीवाई) के अंतर्गत दिल्ली में 3,45,140 स्वास्थ्य कार्ड हो चुके हैं। इनमें से 1,66,841 कार्ड 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए वय वंदना योजना के अंतर्गत बने हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा, पीएमजेवाई "स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली" की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित हो रही है। राजधानी में अब तक 85 अस्पतालों को इस योजना से जोड़ा गया है।

**योजना के तहत 60 निजी और 25 सरकार अस्पतालों को जोड़ा**

इसमें से 60 निजी और 25



सरकारी अस्पताल शामिल हैं। कार्ड धारक दिल्ली के साथ ही पूरे देश में सूचीबद्ध अस्पतालों में 10 लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार करा सकते हैं। उन्होंने कहा, दिल्लीवासियों को घर के बास बेहतर उपचार मिले इसके लिए दिल्ली में 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है। सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में समुचित संख्या में आरोग्य मंदिर बनेंगे।

**इसी माह 30 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू होंगे**

इसी माह 30 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू हो जाएंगे। इसमें उपचार के साथ ही कई तरह के निश्शुल्क जांच की सुविधा होगी। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के दिल्ली के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक जिसके पास आधार कार्ड है वह आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत पंजीकरण के लिए पात्र हैं। पंजीकरण की प्रक्रिया बेहद सरल है।

## निजामुद्दीन से गाजियाबाद जा रही ट्रेन बेपटरी, कोई हताहत नहीं



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के निजामुद्दीन से गाजियाबाद जा रही एक ट्रेन गुरुवार को पटरी से उतर गई। ट्रेन का चौथा डिब्बा प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और राहत एवं सुरक्षा उपायों का आकलन किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के अनुसार, शाम 4:10 बजे के आसपास ट्रेन नंबर 64419 (एनजेडएम-जीजेडबी ईएमयू) का एक डिब्बा शिवाजी ब्रिज के पास डाउन मेन लाइन पर पटरी से उतर गया। रेलवे अधिकारी और कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचकर बहाली के काम में जुट गए हैं। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। रेलवे अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

## बुलडोजर के खौफ से लोगों में मचा हड़कंप, फटाफट खाली होने लगे मकान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बटला हाउस क्षेत्र के मुरादी रोड पर बने अवैध मकानों पर दिल्ली विकास प्राधिकरण कार्रवाई के डर से लोगों ने अपने मकान खाली करने शुरू कर दिए हैं। पिछले दो दिन में मुरादी रोड पर खसरा नंबर-279 पर बने मकानों दुकानों से लोग अपना सामान निकाल कर ले जा रहे हैं। बटला हाउस के मुरादी रोड पर खसरा नंबर-279 पर बने अवैध मकानों-दुकानों पर पिछले दिनों डीडीए ने खाली करने का नोटिस चस्पा किया था। डीडीए की नोटिस के मुताबिक, ओखला गांव का खसरा नंबर-279 (लगभग तीन



बीघा भूमि) डीडीए का है। इसके एक हिस्से पर अतिक्रमण है। लोगों को घर खाली करने के लिए 10 जून तक का अल्टीमेटम दिया गया था। वहीं, मंगलवार को डीडीए की समय सीमा समाप्त हो गई। ऐसे में बुधवार को दिनभर मुरादी रोड पर गहमा गहमी का माहौल रहा।
स्थानीय निवासी आबिद ने बताया कि कार्रवाई के डर से पिछले दो दिनों से लोग अपना सामान निकाल कर ले जा रहे हैं। अब तक करीब 60 से 65 प्रतिशत तक मकान लगभग खाली हो चुके हैं। किराएदार दुकानें खाली कर दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आकर झुलसे बच्चे

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले के नांगलोई स्थित सैनिक कॉलोनी में शाम दो बच्चे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर झुलस गए। घटना की जानकारी शाम करीब 6:36 बजे कंट्रोल रूम को दी गई। जिसके बाद दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को तार से हटाया और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार तार की चपेट में आकर झुलसे बच्चों की पहचान सूर्यांश (10) और रितिक (9) के रूप में हुई है। वहीं बताया जा रहा है कि सूर्यांश करीब 35 प्रतिशत और रितिक 19 प्रतिशत झुलसे हैं। दोनों का उपचार जारी है।

## लंग्स ट्रांसप्लांट से 65 वर्षीय महिला को मिली नई जिंदगी



**प्रत्यारोपण**

- फेफड़े प्रत्यारोपण से 65 वर्षीय महिला को नया जीवन
- दुर्लभ बीमारी से पीड़ित महिला ऑक्सीजन पर थी निर्भर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में फेफड़ों की गंभीर बीमारी से पीड़ित 65 वर्षीय महिला को फेफड़े प्रत्यारोपण से नई जिंदगी दी गई। महिला एक दुर्लभ आटोइम्यून स्थिति स्क्लेरोडर्मा के कारण होने वाली इंटरस्टिशियल लंग डिजीज (आइएलडी) से पीड़ित थी। इसके चलते पिछले करीब एक साल से मरीज आक्सीजन पर निर्भर थी। अस्पताल में फेफड़ों का प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक कर उसे जीवनदान दिया गया। मरीज को 14 मई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उसे प्रति मिनट चार से पांच लीटर की ऑक्सीजन सहायता की जरूरत पड़ रही थी। बताया गया कि डा. अवधेश बंसल, सीनियर कंसल्टेंट, रेस्पिरेटरी मेडिसिन और डा. मुकेश गोयल, सीनियर कंसल्टेंट, कार्डियोथोरेसिक ने मरीज की जांच कर फेफड़ा प्रत्यारोपण का सुझाव दिया। 15 मई को, फोर्टिस अस्पताल, नोएडा में एक ब्रेन-डेड मरीज डोनर की जानकारी मिली और देर रात फेफड़ों को निकाल प्रत्यारोपण सर्जरी शुरू की गई। करीब सात घंटे तक चली सर्जरी के दौरान मरीज तो ईसीएमओ सपोर्ट पर रखा गया।

## जयपुर के चोरी मामले का वांछित अपराधी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने जयपुर के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में हुई एक करोड़ रुपये की चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपित संजय पहाड़िया (40) को गिरफ्तार किया है। आरोपित दिल्ली के संगम विहार का निवासी है और उस पर जयपुर पुलिस द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि 8-9 मार्च 2022 की रात को जयपुर के जवाहर नगर क्षेत्र में एक बड़ी चोरी हुई थी। जिसमें सोना-हीरा, नकदी और विदेशी मुद्रा समेत करीब एक करोड़ की संपत्ति चोरी हुई थी। जांच में सामने आया कि वारदात



में इस्तेमाल की गई कार संजय पहाड़िया के नाम थी। लेकिन आरोपित लगातार फरार था। डीसीपी के अनुसार उक्त मामले में क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता कर 10 जून को संगम विहार से आरोपित को दबोच लिया।पूछताछ में संजय ने स्वीकार किया कि वह वर्ष 2004 से अपराधों में सक्रिय है। निहाल विहार, नांगलोई निवासी संजय महज सातवीं कक्षा तक पढ़ा है और उसने अपराध की शुरूआत

**दबोच लिया**

- संगम विहार का निवासी है और उस पर जयपुर पुलिस द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था

जितेंद्र उर्फ गोलू और मोहम्मद जावेद उर्फ गंजू के साथ की थी। जावेद रोहित चौधरी गैंग का सदस्य है और हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, जबरन वसूली जैसे गंभीर मामलों में शामिल रहा है। जांच में पता चला है कि संजय पर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चोरी व आर्म्स एक्ट से जुड़े 70 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## युवक की चाकू घोंपकर हत्या, नाबालिग समेत तीन को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के सीलमपुर इलाके की 'भारत टायर वाली गली' में रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी पुलिस को रात करीब 10:39 बजे मिली। जिसके बाद तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हालांकि तब तक घायल युवक को परिजन नजदीकी अस्पताल ले जा चुके थे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार मृतक की पहचान सीलमपुर निवासी जहीर अब्बास (19) के रूप में हुई है। वह एक फैक्ट्री में सीट कवर सिलाई का काम करता था और उसके पिता

**काबू**

- घटना की जानकारी पुलिस को रात करीब 10:39 बजे मिली। जिसके बाद तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंची

भी यही कार्य करते हैं।
प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक का किसी पारिवारिक रिश्तेदार से विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते आरोपित कासिम ने अपने बेटे और एक नाबालिग के साथ मिलकर जहीर पर हमला कर दिया।

## दिल्ली में 43 डिग्री के पास पहुंचा पारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। लोगों को न घर में सुकून मिल रहा और न बाहर राहत महसूस हो रही है। इस भीषण गर्मी के बीच लोगों को पानी की किल्लत भी झेलनी पड़ रही है। कई जगहों पर सरकारी ट्यूबवेलों में से एक बूंद पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। इसको लेकर स्थानीय निवासी दिल्ली जल बोर्ड सहित जनप्रतिनिधियों से लगातार शिकायत कर रहे हैं।

## दिल्ली में प्रेम-प्रसंग के शक में फूफा बना हत्यारा, भतीजे की कर दी हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सीलमपुर इलाके में बेटी से प्रेम प्रसंग के शक में एक फूफा ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर भतीजे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। गली में दौड़ा दौड़ाकर चाकू से वार किए। युवक के शरीर में चाकू के पांच से छह निशान हैं। मृतक की पहचान जहीर अब्बास (19) के रूप में हुई है। जहीर अपने फूफा की नाबालिग बेटी से प्रेम करता था। ईद पर वह अपनी प्रेमिका से गली में खड़े होकर इशारों में बात कर रहा था। आरोप है कि फूफा ने यह देख लिया था और उसी वक्त भतीजे की जमकर पिटाई की थी। उसने बात करना बंद नहीं



किया। जिसके बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले फूफा को उसके दो बेटों के साथ दबोचा है। पकड़े गए आरोपितों में 13 वर्षीय नाबालिग भी है। सीलमपुर थाना ने हत्या समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है।

**फूफा को उनका यह रिश्ता मंजूर नहीं**

जहीर अब्बास अपने परिवार के साथ जनता कॉलोनी, वेलकम मे रहता था। परिवार में पिता गुलशेर, मां व तीन भाई हैं। जहीर मुस्तफाबाद में बाइक सीट कवर बनाने का काम करता था। मृतक के परिवार ने बताया कि जहीर अब्बास की बुआ अपने परिवार के साथ वेलकम थाना क्षेत्र में रहती है। जहीर अपनी बुआ की बेटी से प्रेम करता था। यह बात दोनों परिवारों को पता थी। लेकिन फूफा को उनका यह रिश्ता मंजूर नहीं था।

## सफदरजंग अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए 'योग समावेश' कार्यक्रम शुरू

**सशक्त**

- गर्भावस्था एक परिवर्तनकारी यात्रा है, और हमारा लक्ष्य गर्भवती माताओं को सशक्त बनाना है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के मद्देनजर वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज(वीएमएमसी) और सफदरजंग अस्पताल में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए योग समावेश कार्यक्रम की शुरूआत की गई। गुरुवार को महिला कल्याण के लिए काम करने वाली संस्था देवया ने गुरुवार को "योग समावेश" के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए





विशेष रूप से डिजाइन किया गया एक व्यापक 10 दिवसीय योग कार्यक्रम की शुरूआत की। देवया की संस्थापक डॉ. मनीषा जोशी ने इस मौके पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उत्सव के हिस्से के रूप में वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल में योग समावेश शुरू करने पर खुशी है। यह मातृ स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस 10-दिवसीय कार्यक्रम को गर्भवती महिलाओं की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है, जिसमें सुरक्षित और लाभकारी अनुभव के लिए योग के प्राचीन ज्ञान को साक्ष्य-आधारित प्रथाओं के साथ जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू किए गए 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हमें मातृ स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करके इस वैश्विक कल्याण आंदोलन में योगदान देने पर गर्व है। गर्भावस्था एक परिवर्तनकारी यात्रा है, और योग समावेश के माध्यम से, हमारा लक्ष्य गर्भवती माताओं को सशक्त बनाना है। वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ संदीप बंसल ने कहा कि देवया के साथ साझेदारी के साथ शुरू यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अनुरूप है।

# ड्रोन तकनीक से कृषि और आपदा प्रबंधन को मिलेगी नई दिशा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में ड्रोन इमेजिंग एंड इंफॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ हरियाणा लिमिटेड (दृश्या) के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश में ड्रोन तकनीक के विविध उपयोगों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि फसल स्वास्थ्य की निगरानी और बीमारियों की पहचान के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ड्रोन का उपयोग किया जाए। इससे किसानों को समय पर जानकारी उपलब्ध कराकर फसल हानि को रोकने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि पायलट चरण में आलू, चना, कपास, धान और सब्जियों जैसी फसलों को शामिल किया जाए, जिनमें सामान्यतः बीमारियों की संभावना अधिक होती है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की





पैदावार में सुधार होगा और फसलों के नुकसान में कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि ह्यड्रोन दीदी योजनाह्ल के तहत प्रदेश में 5,000 महिलाओं को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने दृश्या के अधिकारियों को अगली एक तिमाही में लगभग 500 महिलाओं को प्रशिक्षण देने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। यह पहल महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगी।

**प्राकृतिक खेती को मिलेगा प्रोत्साहन :** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ड्रोन तकनीक का उपयोग प्राकृतिक खेती, विशेष रूप से जीवामृत के छिड़काव के लिए किया जाए। इसके लिए किसानों को भी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि वे आधुनिक तकनीक के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल खेती की ओर अग्रसर हो सकें। दृश्या के सीईओ फूल कुमार ने बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि दृश्या द्वारा एचटी पावर लाइन निरीक्षण, लार्ज स्केल मैपिंग, आपदा प्रबंधन, यातायात प्रबंधन निगरानी, अवैध खनन निगरानी और फसल स्वास्थ्य निगरानी आदि जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। लार्ज स्केल मैपिंग प्रोजेक्ट के तहत 6100 स्क्वायर किलोमीटर से अधिक एरिया को कवर किया जा चुका है। अब तक 21 एचटी पावर लाइनों के 680 किलोमीटर क्षेत्र का सफल निरीक्षण किया गया है और समय रहते कई तकनीकी खामियों की पहचान कर उन्हें दूर किया गया है। किसानों के लिए चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अब तक 135 किसानों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। बैठक में बताया गया कि यूएवी उड़ान प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए करनाल में रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन (आरपीटीओ) में लगभग 243 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

राजस्व विभाग के अलावा शहरी स्थानीय निकाय, बिजली, आपदा प्रबंधन, खनन, वन, यातायात, नगर एवं ग्राम नियोजन तथा कृषि जैसे अन्य विभागों में भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे शहरी क्षेत्रों में मैपिंग, भूमि रिकॉर्ड, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं तथा विकास योजनाओं में सहायता मिल रही है।


**बैठक**

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई ड्रोन इमेजिंग एंड इंफॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ हरियाणा लिमिटेड के बोर्ड और डायरेक्टर्स की 9वीं बैठक
- मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, फसलों में बीमारियों की पहचान के लिए ड्रोन आधारित पायलट प्रोजेक्ट तैयार करें

# जेजेपी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 18 सदस्य नियुक्त किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने संगठन नवनिर्माण के तहत कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) का गठन किया है। साथ ही पार्टी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 18 सदस्य बनाए है। जेजेपी पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में डॉ. अजय सिंह चौटाला, वरिष्ठ नेता डॉ. केसी बांगड़, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा, पूर्व विधायक नैना सिंह, पूर्व विधायक रमेश खटक, मोहसीन चौधरी, रीटा सिंह, राव सुनील चौधरी एवं सभी प्रदेश अध्यक्ष होंगे। इनके अलावा जेजेपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पूर्व वीसी रणपाल सिंह, बलवान दनौदा, चरण सिंह अहेर, अमर सिंह ब्रह्मचारी, रणबीर राणा, हरी सिंह भारी, होशियार सिंह नेहला,



राजमल काजल, तेज सिंह तेवतिया, नफे सिंह मान, राकेश जाखड़ और धूप सिंह माजरा को सदस्य बनाया हैं। साथ ही पार्टी अनुशासन समिति के चेयरमैन पूर्व वीसी अजमेर और सभी सदस्य भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य होंगे जिनमें एडवोकेट कलम सिंह, रिटायर्ड ईआईसी निहाल सिंह, एडवोकेट विजय बंसल, एडवोकेट अदरीश खान और पूर्व सूचना आयुक्त एडवोकेट पंकज मेहता शामिल हैं।

## न्यूज फ्लैश

### केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन

**चंडीगढ़:** सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हिसार के लघु सचिवालय परिसर में लगाई गई जिला स्तरीय प्रदर्शनी का वीरवार को कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने शुभारंभ किया। प्रदर्शनी केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत के अमृत काल के तहत सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई गई योजनाओं व नीतियों की जानकारी इस प्रदर्शनी में उल्लेखित किया गया है। प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा द्वारा की गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा भी उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। देश आज आत्मनिर्भरता की दिशा में दृढ़ संकल्पित होकर आगे बढ़ रहा है और वैश्विक मंच पर एक निर्णायक शक्ति के रूप में उभरा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सीमा सुरक्षा के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और हथियार प्रणालियों को आधुनिक बनाया गया है। ह्यवन रैंक, वन पेंशनह्ल लागू कर सैनिकों का मनोबल बढ़ाया गया है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश के घरेलू उद्योगों को संबल दिया है। छोटे व मध्यम उद्यमों को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने के लिए सरकार ने अनेक नीतिगत सुधार किए, जिससे स्थानीय उत्पादन को बल मिला और रोजगार के नए अवसर सृजित हुए। कृषि क्षेत्र में सरकार के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने देश के करोड़ों किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता दी है। सिंचाई योजनाओं, ई-नाम पोर्टल और कृषि यंत्रीकरण ने खेती को लाभकारी और टिकाऊ व्यवसाय के रूप में स्थापित किया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकताओं में रहा है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से लेकर मुद्रा योजना और मातृत्व लाभ योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत किया है।

### अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान हादसा बहुत ही दुखद: अनिल विज



**चण्डीगढ:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया के विमान के क्रेश को बहुत दुखद दुर्घटना बताया और कहा कि यह बहुत ही बडा नुकसान तथा क्षति हुई है क्योंकि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी जी की इस दुर्घटना में मृत्यु हुई है। विज आज मीडिया कर्मियों द्वारा अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के संबंध में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के अहमदाबाद पहुंचने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक परिवार है और विजय रूपानी जी भाजपा परिवार की जान थे, तो प्रधानमंत्री व गृहमंत्री इत्यादि जाएंगें। विज ने कहा कि विजय रूपानी जी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे हैं और गुजरात के मुख्यमंत्री भी रहे है। उन्होंने कहा कि इस विमान में काफी यात्री सवार थे और जैसे-जैसे समाचार प्राप्त हो रहे हैं कि इसमें लगभग 242 यात्री सवार थे। गौरतलब है कि आज एयर इंडिया का अहमदाबाद से लंदन जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। बचाव कार्य दल मौके पर पहुंच चुका है और बताया जा रहा है कि अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से यह विमान टेक ऑफ करने के तुंरत बाद ही यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि इस विमान में 12 क्रू सदस्यों, जिनमें दो पायलट सहित 230 यात्री सवार थे। उल्लेखनीय है कि इस विमान ने आज दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उडान भरी थी और दो मिनट के बाद ही 1 बजकर 40 मिनट पर यह विमान अहमदाबाद के मेधानीनगर के पास क्रेश हो गया। सूचना यह भी है कि इस विमान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक सवार थे।

# केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदर्शनी आयोजित

**चंडीगढ :** केंद्र सरकार के 11 सफल वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा आज सोनीपत में तीन दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन हरियाणा सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने फीता काटकर किया। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि यह प्रदर्शनी विकसित भारत की दिशा में निरंतर अग्रसर होते देश की झलक प्रस्तुत करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया गया है, उसे साकार करने हेतु केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर कार्य कर रही हैं। यह प्रदर्शनी सरकार की नीतियों और जनहित में किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मूलमंत्र पर चलते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कीं, जिनका लाभ पारदर्शी तरीके से हर पात्र नागरिक तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान जैसी सकारात्मक परिवर्तन लाए हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि इन योजनाओं से नागरिकों को न केवल सुविधा मिली है।

# मोदी के मजबूत नेतृत्व से बदली भारत की तस्वीर: डॉ अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व की बदौलत अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर ही नहीं, गांव-शहर, गली-मोहल्लों में बदलते भारत को महसूस किया जा रहा है। 140 करोड भारतीय आज भारत के दुनिया में बज रहे डंके और चहुंमुखी उत्थान की योजनाओं के प्रभाव से खुश होकर भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि 11 साल की इस यात्रा के दौरान सरल, पारदर्शी व्यवस्था और वंचित, जरूरतमंद का उत्थान सुनिश्चित हुआ है। वीरवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा मोदी सरकार के 11 सालः संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत जीटी रोड



स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सोनीपत जिला प्रभारी सतीश नांदल, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखौदा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक व माईराम कौशिक के साथ पत्रकार वार्ता कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ देशवासियों को विकास की ओर आगे बढा रहे हैं और इसी कड़ी में हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संकल्पों की सिद्धि का गवाह बन रहा है। दुनिया के सबसे प्रभावी, मजबूत व दमदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, शीर्ष नेतृत्व एवं कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान पर एक देश-एक विधान की भावना पर आगे बढते हुए भाजपा आज दुनिया का सबसे बडे लोकतांत्रिक राजनीतिक संगठन बन चुका है। इन 11 सालों में हम सभी ने मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाने की गति को रफ्तार दी है।

**चहुंमुखी उत्थान**

- 140 करोड भारतीय के चहुंमुखी उत्थान और भरोसे से दुनिया के सबसे प्रभावी व्यक्ति बने नरेंद्र मोदी

# मुख्यमंत्री सैनी ने राज्यपाल दत्तात्रेय को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़-** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से आज वीरवार को राजभवन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और ईश्वर से उनके दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान राजभवन परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने पौधारोपण किया। राज्यपाल ने फलों के राजा आम की तोतापरी किस्म व मुख्यमंत्री ने आम की चौसा किस्म का पौधा रोपित किया। उन्होंने इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देने का संदेश दिया। राज्यपाल ने



कहा कि प्रदेश में शीघ्र ही मानसून आने वाला है। ऐसे समय में हर नागरिक को पर्यावरण की रक्षा हेतु एक पौधा अवश्य लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण करना हमारा सामूहिक दायित्व है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी, आईएएस, राज्यपाल के एडीसी मनप्रीत सिंह, आईपीएस, मुख्यमंत्री के निजी सचिव रविकांत, राजभवन के गृह नियंत्रक जगन बैंस सहित राजभवन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## गुरुग्राम नगर निगम ने दो और एक्सपर्ट्स की सेवाएं समाप्त की

**गुरुग्राम।** नगर निगम ने हाल ही में दो एक्सपर्ट्स की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया है। निगमायुक्त प्रदीप दहिया द्वारा गुरुवार को इस बारे में आदेश जारी किए गए हैं। जिन एक्सपर्ट्स की सेवाएं समाप्त की गई हैं, उनमें स्वच्छ भारत मिशन शाखा की एक्सपर्ट प्रियंका यादव और सफाई एक्सपर्ट राजवीर स्वामी शामिल हैं। यह पहली बार नहीं है जब नगर निगम ने एक्सपर्ट की सेवाएं समाप्त की हैं। इससे पहले नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 18 एक्सपर्ट्स की सेवाएं समाप्त की जा चुकी हैं। इससे पहले छह जून को भी नगर निगम गुरुग्राम ने

# राज्यपाल ने आठ वर्षीय पर्वतारोही व उसके परिवार को बधाई दी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से गुरुवार को राजभवन में आठ वर्षीय पर्वतारोही आर्यन ने अपने परिवार के साथ मुलाकात की। आर्यन ने राज्यपाल को बताया कि उन्होंने ह्यनशा मुक्त हरियाणा और नशा मुक्त भारतह्ल के अभियान के तहत ह्यनशा छोड़ों आगे बढ़ो आर्यन की सुनोह्य के नारे के साथ 14 मई 2025 को अपने परिवार के साथ 5,364 मीटर ऊंचे माउंट एवरेस्ट बेस कैंप की चढ़ाई पूरी की और वहां भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

राज्यपाल दत्तात्रेय ने इस महान उपलब्धि के लिए आर्यन को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने आर्यन की प्रशंसा करते हुए कहा, इतनी कम उम्र में आपने असंभव को संभव कर दिखाया है। आपका यह प्रयास न केवल युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि आपकी उपलब्धि हर किसी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।ह्व

आर्यन ने बताया कि उन्होंने इससे पहले हरियाणा की सबसे ऊंची चोटी ह्यकरोह पीकह्ल, शिवालिक रेंज की सबसे ऊंची चोटी ह्यचूड़धारह्ल, विश्व की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क ह्यखारदुंग लाह्ल, और ह्यभृगु झीलह्ल की चढ़ाई भी सफलतापूर्वक पूरी की है। उन्होंने अपने भविष्य के लक्ष्य साझा करते हुए कहा कि वह बड़े होकर भारतीय वायु सेना में शामिल होकर देश की सेवा करना चाहते हैं।

राज्यपाल ने आर्यन के साहस, दृढ़ संकल्प और देशभक्ति की भावना की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप इसी प्रकार नई ऊंचाइयां हासिल कर हरियाणा और भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन करोगे।

आर्यन हरियाणा की प्रसिद्ध पर्वतारोही पद्मसे सम्मानित ममता सौदा जी के बेटे हैं।

# नया युगः वन क्षेत्र विस्तार, पौधारोपण और इको-टूरिज्म की बड़ी पहल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य में वन क्षेत्र बढ़ाने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए बहुआयामी प्रयास शुरू किए हैं। वन विभाग ग्राम स्तर से लेकर अंतर्राष्ट्रीय जंगल सफारी तक की योजनाओं पर मिशन मोड में कार्य कर रहा है। शहरी वानिकी के तहत प्रदेश के सभी शहरों में 67,500 बड़े पौधे लगाए गए हैं। अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत 2,200 तालाबों के किनारे पीपल, बड़ और नीम की त्रिवेणी लगाने का कार्य प्रगति पर है, वहीं कृषि वानिकी के माध्यम से किसानों के खेतों में सफेदा क्लोन व फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024झ्र25 के दौरान अब तक 44 लाख से अधिक पौधे प्रदेशभर में रोपित किए जा चुके हैं, जबकि जल शक्ति अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग को 39 लाख से अधिक पौधे उपलब्ध करवाए गए हैं। राव नरबीर ने कहा कि यमुना और घग्गर नदियों के साथ लगते गांवों में भूमि कटाव और जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए 20 लाख से अधिक पौधे रोपित किए गए हैं। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए 'पौधागिरी अभियान' चलाया गया है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2024झ्र25 के दौरान 13.50 लाख से अधिक पौधे विद्यालयों में वितरित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि वन मित्र योजना के अंतर्गत अब तक 780 से अधिक वन मित्रों द्वारा पौधारोपण कार्य किया गया है और 70 हजार से अधिक गड्ढे खोदे गए हैं। साथ ही, 75 वर्ष से अधिक आयु के पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु शुरू की गई ह्यप्राण वायु देवता पेंशन योजनाह्ल के तहत अब तक 3,819 वृक्षों के अभिरक्षकों को वार्षिक 2,750 रुपये की पेंशन सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की गई है। वन मंत्री ने बताया कि हरियाणा में शिवालिक और अरावली पर्वत श्रृंखलाओं में जल संरक्षण और भूमि क्षरण रोकने हेतु चेक डैम जैसी जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

**बहुआयामी**

- राज्य में वन क्षेत्र बढ़ाने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए बहुआयामी प्रयास शुरू किए

# पूर्व विधायक रामनिवास को पांच दिन के रिमांड पर ईडी को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय द्वारा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण घोटाले में गिरफ्तार पूर्व जजपा विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा और प्राधिकरण के पूर्व अधिकारी सुनील बंसल को अदालत ने पांच दिन के ई डी रिमांड पर सौंपा है। हरियाणा पुलिस ने 2023 में 70 करोड़ की ठगी का मामला दर्ज किया था लेकिन ईडी की जांच में 225 करोड़ रुपये की हेराफेरी का पता चला। ईडी ने दोनों को पंचकूला जिला अदालत में पेश कर पांच दिनों का रिमांड हासिल किया है। रामनिवास और सुनील बंसल एचएसवीपी में मिलकर धोखाधड़ी को अंजाम देते थे। ईडी ने दो साल पहले हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआइआर के आधार पर जांच शुरू की थी। हरियाणा पुलिस ने वर्ष 2023 में इनके खिलाफ 70 करोड़ की ठगी का केस दर्ज किया था। इसके बाद ईडी ने मनी लांड्रिंग की जांच शुरू की तो पता चला कि आरोपितों ने 225 करोड़ रुपये की हेराफेरी की थी। रामनिवास सुरजाखेड़ा वर्ष 2019 से 2024 तक नरवाना विधानसभा सीट से जननायक जनता पार्टी (जजपा) के विधायक रहे हैं। विधायक चुने जाने से पहले रामनिवास खुद भी एचएसवीपी में ही अधिकारी थे और रिटायरमेंट के बाद राजनीत में आए। दो साल पहले हरियाणा पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया था। पुलिस को एचएसवीपी के एक अधिकारी ने शिकायत दी थी।

आरोप था कि एचएसवीपी के पंजाब नेशनल बैंक के खाते में से कुछ लोगों को रकम ट्रांसफर की जा रही थी। वर्ष 2015 से 2019 के बीच लगभग 70 करोड़ रुपये की रकम कुछ चुनिंदा खातों में बिना किसी स्पष्ट कारण के ट्रांसफर की गई।

# घोटालों का रिकॉर्ड तोड़ने में लगी है भाजपा की जुमलेबाज सरकार: कुमारी सैलजा

## कहा-भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा है सिंचाई विभाग में, बाढ़ से पहले और बाढ़ के बाद भी होता है घोटाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में काम कम और घोटाले ज्यादा हुए है, अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से घोटालों को अंजाम दिया जा रहा है, पर सरकार हाथ पर हाथ रखे बैठी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि ज्यादातर विभाग भ्रष्टाचार में डूबे हुए है पर सिंचाई विभाग सरकार के राजस्व को ज्यादा चूना लगा रहा है। बाढ़ से पहले बचाव की तैयारियों को लेकर बाद में बाढ़ में प्रबंधनों के नाम पर फर्जी बिल बनाकर घोटाले किए जा रहे है जबकि



सरकार हर विभाग में पूरी पारदर्शिता की बात करती है। सिंचाई विभाग में हाल ही में निमार्णाधीन प्रोजेक्ट में भारी घोटाला हुआ, आनन फानन में सरकार ने 12 एसई, 17 एक्सईएन, 22 एसडीओ और 29 जेई को चार्जशीट किया है और तीन चीफ इंजीनियरों के खिलाफ नाराजगी नोट जारी किया है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में धान घोटाला, चावल घोटाला, शराब घोटाला और न जाने कितने घोटाले हुए विपक्ष शोर मचाता रहा पर सरकार जांच कराने को तैयार नहीं हुई क्योंकि इसमें सरकार के लोग ही शामिल थे। जनस्वास्थ्य विभाग और स्थानीय निकायों नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगमों में भ्रष्टाचार भीतर जाकर बैठ गया था, हर काम में घोटाला होता आया है पर सरकार को वहां पर भी पारदर्शिता दिखाई देती है। सिंचाई विभाग सीधे तौर पर किसानों और आम आदमी से जुडा हुआ है, नहरों के माध्यम से किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी देता है साथ ही जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल उपलब्ध कराता है ताकि लोगों को पीने के पानी का मिल सके। सिंचाई विभाग में किसानों से संबंधित कार्य में ही सबसे ज्यादा घोटाला होता है, नहरों की साफ सफाई कागजों में दिखाकर फर्जी बिलों को भुगतान कर दिया जाता है, कभी तटबंधों की मरम्मत के नाम पर घोटाला किया जाता है, बाढ़ में जब तटबंध टूट जाता है तो कहा जाता है कि चूहों द्वारा तटबंध में बनाए बिल के कारण ही तटबंध टूटा है। बाढ़ में तटबंधों की मजबूती के लिए बोरों में रेत भरकर लगाए जाते है वहां पर बोरों की संख्या में अधिक दिखाकर, बोरों के रेट बाजार से कई गुना दिखाकर पैसा जेब में डाला जाता है।

# केंद्र सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पितः कंवरपाल गुज्जर

**उद्घाटन**

**कांग्रेस में ही कई पार्टी बनी, सुरजेवाला की अंग्रेजी की सोच खोखली, केंद्र के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लगाई गई प्रदर्शनी का किया उद्घाटन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लघु सचिवालय परिसर में वीरवार को केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयानों को आड़े हाथों लेते हुए तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन बनाए अच्छी बात है, लेकिन कांग्रेस में ही कई पार्टी बनी हुई है।

पूर्व मंत्री ने रणदीप सुरजेवाला की अंग्रेजी वाली सोच पर भी पलटवार किया है। उन्होंने सुरजेवाला के उस बयान पर टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने युवाओं के लिए अंग्रेजी को जरूरी बताया था। पूर्व मंत्री ने कहा कि ये कहना कि अंग्रेजी से देश आगे बढ़ेगा, एकदम मूर्खता है। दुनिया में कोई भी देश अपनी भाषा छोडकर तरक्की नहीं कर पाया। चाइना, जापान, जर्मनी-हर जगह स्थानीय भाषा को ही प्राथमिकता मिली है।

उन्होंने कहा कि अगर हम भारत में अंग्रेजी को थोपने की कोशिश करेंगे तो अपने ही देश की प्रतिभा का दमन करेंगे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी जानने वाले ही इंटेलिजेंट होते हैं, इस सोच को बदलने की जरूरत है। उन्होंने साफ किया कि वह अंग्रेजी के विरोधी नहीं हैं, लेकिन कामकाज और शासन की भाषा हिंदी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसे अंग्रेजी पढ ?ी है, जरूर पढ़े, लेकिन शासन व्यवस्था में भारतीय भाषाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

पूर्व मंत्री ने कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा के थीम चेंज करने के बयान पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि हम थीम चेंज नहीं करते, बल्कि हम इतने काम कर रहे हैं कि कांग्रेस के नेताओं को समझने में ही वक्त लग जाएगा। हम थीम पर काम करते है और उसे पूरा करने के बाद अगला टारगेट रखते हैं। कांग्रेस वालों के पास बोलने को कुछ नहीं है, क्योंकि उन्होंने वे काम कभी किए नहीं।

कांग्रेस की संगठनात्मक तैयारी पर सवाल पूछने पर पूर्व मंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन बनाए, ये अच्छी बात है, लेकिन उसमें तो एक पार्टी में कई पार्टी चल रही हैं। ऐसी स्थिति में बीजेपी को टक्कर देने की बात करना मजाक लगता है। कांग्रेस खुद अंदर से बिखरी हुई है।

कुमारी सैलजा द्वारा प्रशासनिक तंत्र में अफसरशाही हावी होने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि हम सब मिलकर काम करते हैं। मंत्री, विधायक और अधिकारी, सभी समन्वय से काम कर रहे हैं। बिना तालमेल के विकास संभव ही नहीं। कांग्रेस को हर चीज में खामी नजर आती है, क्योंकि उन्होंने खुद कभी सिस्टम को दुरुस्त करने का काम नहीं किया।

कार्यक्रम में विकसित भारत के अमृत काल की थीम पर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। कंवरपाल गुर्जर ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि 11 वर्षों में गरीबों, महिलाओं, किसानों और व्यापारियों के हित में जो योजनाएं चलाई गई हैं, वह वास्तव में सराहनीय हैं।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए उम्र सीमा तयः वैध

**सक्रिय**

**प्रो. राजेश वैध ने कहा कि कांग्रेस अपने संगठन सृजन को लेकर पूरी तरह से सक्रिय है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में नीलोखेड़ी से पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस टिकट के प्रबल दावेदार और सीनियर नेता प्रो. राजेश वैध ने कहा कि कांग्रेस अपने संगठन सृजन को लेकर पूरी तरह से सक्रिय है। करनाल जिला की पांचों विधानसभाओं में एआईसीसी के पर्यवेक्षक विधायक बूवन कापड़ी और पर्यवेक्षक कैलाशों सैनी कार्यकताओं से मुलाकात कर रही है और कार्यकताओं के साथ रायशुमारी के बाद ही जिला अध्यक्षों का चयन होगा।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजेश वैध ने कहा कि संगठन में नए और ऊजार्वान चेहरों को मौका देने के लिए कांग्रेस हाईकमान ने जिला अध्यक्ष के लिए 35 से 55 साल की उम्र सीमा तय की है। यह फैसला न सिर्फ कार्यकताओं बल्कि संगठन की मजबूती का सबसे बड़ा कारण बनेगा। सबकी यही कोशिश है कि कांग्रेस का संगठन न केवल मजबूत हो, बल्कि उसमें नई पीढ़ी के नेताओं को भी आगे लाया जाए।

प्रो.राजेश वैध ने स्पष्ट किया कि वे पिछले पांच सालों से लगातार फील्ड में सक्रिय हैं और पार्टी के हर कार्यक्रम में अग्रिम पंक्ति में खड़े नजर आते हैं। चाहे धार्मिक या सामाजिक आयोजन हो, बीजेपी की नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन हो या गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी और कर्मचारियों की आवाज उठानी हो, वे हर बार लोगों के साथ खड़े मिले हैं। जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी जिसको भी दी जाएगी, वह पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेगा। साथ ही सभी नेताओं और कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष के साथ मिलकर चलेंगे।राजेश वैध से जब सवाल किया गया कि क्या वे भी जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल हैं तो उन्होंने कहा कि वे पार्टी के कर्मठ सिपाहियों में से एक है। लोगों के बीच गहरा जुड़ाव है। अगर पार्टी उन पर विश्वास जताती है और उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपती है तो वे पूरी निष्ठा और ताकत के साथ पार्टी को और मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन में नई जान फूंकने का यह बेहतरीन अवसर है। ये मौका जिसको भी मिलेगा, वह जनता का सेवक और कार्यकताओं का साथी बनकर काम करेगा।

## एसडीएम कार्यालय में लगा समाधान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मबीर)-**

आम जनता की शिकायतों को सुनने के लिए एसडीम बिलासपुर कार्यालय में समाधान शिवर का आयोजन किया गया समाधान शिवर में कल तीन शिकायतें आई जो परिवार पहचान पत्र बिजली विभाग तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़ी थी।

एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल ने लघु सचिवालय व्यासपुर में स्थित अपने कार्यालय में समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुना।

एसडीएम ने बताया कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में वीरवार को परिवार पहचान पत्र, बिजली, राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि से संबंधित 3 शिकायतें आई जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया । समाधान शिविर में उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार



के निदेर्शानुसार उपमंडल स्तर पर सप्ताह में दो दिन सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन कर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं, पंचायती राज या फिर किसी अन्य विभाग की समस्या हो तो वह शिविर में लाई जा सकती है। जिन समस्याओं के मौके पर ही निदान संभव होता है उनका समाधान किया जा रहा है व अन्य समस्याओं के मामलों में यथाशीघ्र एक्शन लेते हुए निर्धारित समय में समाधान के निर्देश दिए जाते हैं। समाधान शिविर में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ रामकुमार, साढौरा के नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह, लोक निर्माण विभाग( भवन एवं सडके) से जेई जतिन, मार्केट कमेटी से रामकुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए 2025 होगा अब तक का सबसे बड़ा साल

**मंडीः** साल 2025 दुनिया भर में स्कोडा ऑटो के लिए खास मायने रखता है।जहां कंपनी अपने समृद्ध 130 साल के इतिहास का जश्न मना रही है वहीं भारत में स्कोडा ऑटो को सफलतापूर्वक 25 साल पूरे हो गए हैं। ग्राहकों के और करीब पहुंचने की रणनीति को आगे बढ़ाते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत बनाने के लिए कई अहम ब्रांड,प्रॉडक्ट,नेटवर्क और ग्राहक केंद्रित पहलों की रूपरेखा तैयार की है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा यूरोप के बाहर भारत स्कोडा ऑटो के लिए सबसे अहम ग्रोथ मार्केट है। हमारा फोकस एक ऐसा मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ब्रांड बनाने पर है जिसमें उद्देश्य की स्पष्टता,सोच में पारदर्शिता और काम को तेजी से अंजाम देने की क्षमता हो।

## दो दिन से लापता व्यक्ति का मिला शव



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** ताऊ देवीलाल चौक पर गुरुवार सुबह एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। मृतक दो दिन से घर से लापता था और बीमारी से ग्रस्त था। पुलिस को मृतक की जेब से सरकारी अस्पताल की पर्चियां मिलीं, जिनके आधार पर परिजनों से संपर्क किया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक नशे का आदी था और अक्सर इधर-उधर घूमता रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है। सेक्टर-4 चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।मृतक की पहचान करनाल निवासी रूपचंद के रूप में हुई है। वह घर से दो दिन से लापता था। वह नशे का आदी था और बीमार भी चल रहा था। वह इस तरह से घूमता रहता था और शाम को घर भी लौट आता था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात को रूपचंद घर नहीं पहुंचे। वे अपने आप घर आ जाते थे तो इतना ध्यान नहीं दिया। आज सुबह उनकी डेडबॉडी देवी लाल चौक पर मिली। वे काफी बीमार रहते थे और बीमारी के कारण मौत की आशंका है।

बुजुर्ग का शव मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। मृतक ने हाफ बाजू की सफेद शर्ट और ग्रे कलर की पेंट पहनी हुई है। पुलिस को उसकी जेब से एक चश्मा मिला है। मृतक ने काले रंग की चप्पल डाली हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### हंगामा ओटीटी लेकर आया है डबल रोल वाली नई सस्पेंस थ्रिलर सीरीज जुड़वा जाल

**नई दिल्ली।** देश के सबसे प्रमुख एंटरटेन्मेंट प्लैटफॉर्म में शामिल हंगामा ओटीटी ने आज अपनी नई ओरिजनल सीरीज ह्यजुड़वा जालह्ण के रिलीज की घोषणा की। यह जबरदस्त सस्पेंस से भरी क्राइम थ्रिलर सीरीज है जिसमें रोचकता, ड्रामा और कदम कदम पर नए मोड़ लेने वाली कहानी है। सीरीज छह एपिसोड की है और हर एपिसोड आपकी उत्सुकता को बढ़ाएगा और आपको अंदर सीरीज को आखिर तक देखने की दिलचस्पी पैदा करेगा। इस सीरीज में दर्शकों को हत्या, चीजों को अलग तरह से दिखाने की कोशिश, धोखे और सच तक पहुंचने की कशमकश देखने को मिलेगी। ह्यजुड़वा जालह्ण को बेहद प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपने अभिनय से तैयार किया है। इसमें मोनालिसा डबल रोल में नजर आएंगी और उनके साथ अंकित भाटिया, पलक सिंह, कार्तिक जैन अहम भूमिकाओं में होंगे। इस सीरीज के बारे में बात करते हुए हंगामा डिजिटल मीडिया के सीईओ सिद्धार्थ रॉय कहते हैं, ह्लजुड़वा जाल के साथ हम दर्शकों के दिल की धड़कनों को बढ़ाने वाला थ्रिलर लेकर आए हैं जो कि रहस्य, चालाकियों और अप्रत्याशित मोड़ से भरा है। यह ऐसी स्टोरी है जिसमें आप अंदाज लगाते रहेंगे और हर एपिसोड के साथ आपकी दिलचस्पी बढ़ती जाएगी। हमने इस कहानी को खास तौर पर उन दर्शकों को ध्यान में रखकर पेश किया है जो कहानी में डूब जाना चाहते हैं, जिन्हें थ्रिल की तलाश होती है और हमेशा कुछ नई तरह की कहानी को देखने के लिए तैयार रहते हैं। इस सस्पेंस थ्रिलर की कहानी अनामिका की रहस्यमयी स्थितियों में हुई मौत के इर्द-गिर्द बुनी गई है। अनामिका एक ऐसी लड़की है जिसकी जिंदगी और मौत दोनों एक पहेली की तरह दर्शकों के सामने आती है। क्या उसकी मौत एक्सीडेंट में हुई है या फिर किसी ने उसकी हत्या की है? इंस्पेक्टर कुणाल इस केस को सुलझाने के लिए जब गहराई में जाकर पड़ताल करते हैं, तो शक की तमाम सुई एक ही व्यक्ति की ओर इशारा करती हैं और वो है अनामिका की उससे अलग रहने वाली जुड़वा बहन शुचि। लेकिन इस दुनिया में सच तक पहुंचना इतना आसान भी नहीं है और हर कोई जो इस केस में रोशनी डालने के लिए सामने आता है वह इसे एक अलग ही मोड़ दे देता है। तो क्या कई सबूतों और सच के मिट जाने से पहले अनामिका की मौत पर से पर्दा उठ पाएगा?

### विमल पटेल का मिले तुम हुआ रिलीज

**नई दिल्ली।** कुछ गाने दिल में उतर जाते हैं। गायक-गीतकार विस्मय पटेल का ह्यमिले तुम उन्हीं में से एक गाना है। इसमें दिल को छू लेने वाले बोल और भावुक धुन है। यह उस क्षण को प्रतिबिंबित करता है, जब प्यार शांत, सुकूनदायक और गहरा होता है, जो ऐसा एहसास देता है, जैसे आप अपने घर वापस आ गए हों। विस्मय पटेल द्वारा लिखे और गाए गए इस गाने को विस्मय और श्रेय गुप्ता ने संगीत दिया है। इसका निर्माण विस्मय, श्रेय और नबील जुबैर ने किया है। ह्यमिले तुमह्ण में उस क्षण को प्रतिबिंबित किया गया है, जब आपके जीवन में कोई सही व्यक्ति प्रवेश करता है, और अचानक, सारे टुकड़े एक जगह आकर सिमट जाते हैं। विस्मय पटेल ने कहा, ह्लमिले तुम उस व्यक्ति को पाने के बारे में है, जो बिखरे हुए जीवन को समेट देता है और अफरा-तफरी के बाद जीवन में शांति ले आता है। यह वह क्षण होता है, जब आपको एहसास होता है कि आपको वह व्यक्ति मिल गया है। यह सरल, आसान और सुकूनदायक होता है। यह गाना एक व्यक्तिगत भावना से निकला है। मैं उस भावना को शब्दों में पिरोना चाहता था, जो मन में सुकून का अनुभव प्रदान करती है। मुझे उम्मीद है कि मिले तुम शांति का क्षण प्रदान करेगा और आपको एहसास कराएगा कि प्यार को सच्चा महसूस कराने के लिए कोलाहल की जरूरत नहीं है। इस गाने में सॉफ्ट पॉप के साथ इंडी भावना का मिश्रण है। मिले तुम, अगर आपको अभी तक अपना प्यार नहीं मिला है, तो हल्की आवाज में दिल टूटने के साथ मुख्य किरदार की ऊर्जा है। लेकिन यह आपको आशा भी देता है क्योंकि जब आपको वह सही व्यक्ति मिल जाता है, तो प्यार इसी गाने की तरह महसूस होता है। उसकी डिस्कोग्राफी बढ़ती रहती है और भावनात्मक क्षति भी (सबसे अच्छे तरीके से)। इसलिए अपनी आँखें बंद कर लीजिए, प्ले का बटन दबाईये और मिले तुम के भावनात्मक क्षणों का आनंद लीजिए।

## खुले नाले में गिरकर युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल में नेशनल हाईवे-44 पर देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां बाइक सवार युवक सर्विस रोड पर मुड़ते वक्त पुलिया के पास बने खुले नाले में जा गिरा। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिया के सामने कोई बेरिकेडिंग या चेतावनी बोर्ड नहीं था, जिससे हादसे को रोका जा सके।

मृतक करनाल के एक होटल में काम करता था और ड्यूटी पर जा रहा था। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी है। मृतक की पहचान पीताम्बर के रूप में हुई, जो होटल में काम करता था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। मृतक की जेब से मिले डॉक्यूमेंट के आधार पर उसकी पहचान उत्तराखंड निवासी पीताम्बर के रूप में हुई, जो इन दिनों उचाना में किराए के मकान में रह रहा था और करनाल के विवान होटल में काम करता था।



बुधवार रात वह होटल के लिए निकला था कि यह हादसा हो गया। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी हाउस करनाल में रखवाया गया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों और पुलिस का कहना है कि हाईवे पर बनी पुलिया के दोनों सिरों पर तो कॉन्क्रीट की रेलिंग है, लेकिन बीच में सर्विस रोड के पास पुलिया पूरी तरह खुली हुई है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। मृतक ने जैसे ही बाइक मोड़ी, वह सीधे उसी खुले हिस्से में गिर गया। यह लापरवाही हाईवे अथॉरिटी की है, जिन्होंने वहां न तो सीमेंट बैरिकेड लगाए हैं और न कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है।

## उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**पत्रकार वार्ता**

**यह केवल एक सरकार के 11 वर्ष नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के स्वर्णिम अध्याय हैं: विपुल गोयल**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

केन्द्र सरकार के सफलतापूर्वक 11 वर्ष पूरे होने पर स्थानीय जिला सचिवालय में सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का उद्दघाटन करते हुए प्रदेश के राजस्व और आपदा प्रबंधन, स्थानीय निकाय व नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने उद्दघाटन किया और इसके बाद स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पत्रकार वार्ता भी की। इस मौके पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्द्ट, मेयर कोमल सैनी, भाजपा महिला मोर्चा




की जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा, भाजपा नेता रोशनलाल मेहला, प्राणरत्नाकर, राजेश भारद्वाज और जिला के सभी भाजपा मण्डल अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

राजस्व और आपदा प्रबंधन, स्थानीय निकाय व नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल का जिला सचिवालय में पहुंचने पर उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर निगमायुक्त डॉ. पंकज यादव, अतिरिक्त निगम आयुक्त विवेक चौधरी, एसडीएम मनदीप कुमार भी उपस्थित रहे। मंत्री विपुल गोयल ने इस मौके पर अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर खेद प्रकट किया और कहा कि पूरा देश इस घटना से बेहद दुखी है। उन्होंने दुर्घटना में मारे गए और घायल लोगों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

उन्होंने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने 11 वर्ष सफलता के साथ पूरे किए है। यह केवल एक सरकार के 11 वर्ष नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के स्वर्णिम अध्याय हैं। इन 11 साल में हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। मोदी सरकार के 11 वर्षों में भारत ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल कीं, जिनमें गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित और बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में शानदार काम हुए। प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को बैंकिंग की मुख्यधारा से जोड़ा और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में नई रोशनी जगाई।

मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को धुएँ से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य और सम्मान को सुरक्षित किया। आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराकर करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ने हर गाँव-शहर को स्वच्छ और स्वस्थ भारत के रूप में दुनिया के सामने रखा। पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को सीधी आर्थिक सहायता दी गई। फसल बीमा योजना और कृषि यंत्रीकरण ने खेती-किसानी को सुरक्षित और आधुनिक बनाया।

## भाजपा शासनकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंः गुर्जर

**बैठक**

**भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में संकल्प से सिद्धि कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में संकल्प से सिद्धि कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी मंडल अध्यक्षों एवं संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के वक्ताओं को पूर्व विधानसभा स्पीकर कंवर



पाल गुर्जर सहित जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल एवं वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिला।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधानसभा स्पीकर कंवर पाल गुर्जर, इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप करनाल विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीर पंथी, मेयर रेणु बाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, चेयरपर्सन निर्मला बैरागी,वरिष्ठ नेता त्रिलोचन सिंह,अशोक खुराना मौजूद रहे।

पूर्व विधानसभा स्पीकर कंवर पाल गुर्जर ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी मंडल अध्यक्षों एवं इस अभियान में जुटे सभी वक्ताओं को लीडर बनने का मौका मिला है, इसलिए सभी वक्ताओं को चाहिए कि वह लोगों तक भाजपा के 11 वर्षों के शासनकाल की उपलब्धियों एवं आजादी से लेकर कांग्रेसी शासनकाल में हुए कार्यों को तुलनात्मक दृष्टि से जन जन तक पहुंचाने का काम करें।

जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने कहा कि कार्यशाला कार्यकताओं का निर्माण करती है इसलिए सभी को कार्यशालाओं में ध्यानपूर्वक अपनी उपस्थिति देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संकल्प से सिद्धि अभियान कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी को कांग्रेस की सरकार विफलताओं एवं भाजपा की मोदी सरकार कें 11 वर्षों के शासनकाल का तुलनात्मक दृष्टि से जानकारी देने का काम करें।

करनाल विधायक जगमोहन आनंद व संकल्प से सिद्धि अभियान के जिला संयोजक अशोक सुखीजा ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान मुख्य तौर पर यशपाल ठाकुर, सुभाष चन्द्र, अशोक भंडारी, कृष्ण गर्ग,सुनील गोयल, मेहर सिंह कलामपुरा, जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार, कुलदीप शर्मा, राज सिंह गौदारा, रघुमल भट्ट, सुरेश चौधरी, चौधरी विजय वेदपाल, रघुवीर बतान, मदन गुर्जर विकास राणा सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष व अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 26 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, तस्कर पर आठ मामले तस्करी के पहले भी दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मबीर)-**

पुलिस चौकी रामपुरा की टीम ने एक युवक को 26.21 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है अरौपी पर नशा तस्करी के पहले भी आठ मामले दर्ज हैं जिन पर वह जमानत पर चल रहा है।

रामपुरा चौकी पुलिस ने करीब एक लाख रुपए कीमत की 26.21 ग्राम हेरोइन (स्मैक) सहित सहित एक युवक एक गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस मामले की



गहनता से जांच कर रही है।

पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक आजाद नगर गली नंबर 6 में नशीले पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है।

इस सूचना के आधार पर एएसआई मुकेश, सुरेंद्र, सुखविंदर, विनोद, अमित की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी राजीव मिगलानी को बुलाया गया। जिसके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 26 ग्राम 21 मिलीग्राम हीरोइन (स्मैक) बरामद हुई।

जिसकी पहचान आजाद नगर गली नंबर 9 निवासी हर्षदीप उर्फ गुल्लू पुत्र दविंदर सिंह के नाम से हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया जाएगा।

## संपादकीय

# न्यायिक आतंकवाद पर टिप्पणी के निहितार्थ

**भारत** के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के तेवर देखकर लगता है कि वे अपने छह माह के कार्यकाल में कुछ न कुछ ऐसा कर जाएंगे जिस पर लंबे अरसे तक बहस होती रहेगी. जस्टिस गवई ने हाल ही में न्यायिक आतंकवाद के मुद्दे पर बडी साफगोई से अपनी बात कही है. उन्होने संविधान को 'स्याही में लिखी एक शांत क्रांति' बताया है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी ताकत है जो न केवल अधिकार देती है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से दबे हुए लोगों को ऊपर उठाती है। पिछले दिनों ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'फ्रॉम रिप्रेजेंटेशन टू रियलाइजेशनः एम्बॉडिंग द कॉस्टिट्यूशनंस प्रॉमिस' विषय पर बोलते हुए मुख्य न्यायाधीश गवई ने 'न्यायिक सक्रियता' से 'न्यायिक आतंकवाद' की ओर बढ़ने को लेकर चेतावनी दी और कहा कि हमें ऐसी चीजों से बचना चाहिए. भारत में न्यायिक सक्रियता हमेशा से सवालों के घेरे मे रही है. जस्टिस गव ई से भी इसे लेकर सवाल किया गया. मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक सक्रियता भारत में जरूरी है। लेकिन, हमें ऐसी जगह पर नहीं जाना चाहिए, जहां न्यायपालिका को नहीं जाना चाहिए। सीजेआई गवई ने जोर देकर कहा,कि भारत में"न्यायिक सक्रियता बनी रहेगी। लेकिन, न्यायिक सक्रियता को न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलना चाहिए। कभी-कभी, आप सीमाएं पार करने की कोशिश करते हैं और ऐसी जगह पर प्रवेश करते हैं, जहां न्यायपालिका को नहीं जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि अगर विधायिका या कार्यपालिका लोगों के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहती है, तो न्यायपालिका हस्तक्षेप करेगी। लेकिन, न्यायिक समीक्षा की शक्ति का उपयोग बहुत ही कम मामलों में किया जाना चाहिए। सीजेआई गवई 'न्यायिक समीक्षा का प्रयोग बहुत ही सीमित क्षेत्र में करने के पक्षधर हैं वे कहते हैं कि बहुत ही असाधारण मामलों में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। जैसे कि, कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है, या यह संविधान के किसी भी मौलिक अधिकार के साथ सीधे संघर्ष में है, या यदि कानून इतना स्पष्ट रूप से मनमाना, भेदभावपूर्ण है... तो अदालतें इसका प्रयोग कर सकती हैं, और अदालतों ने ऐसा किया है।' जाहिर है कि उनका संकेत वक्फ बोर्ड कानून की ओर रहा होगा. आपको याद होगा कि इसी साल अप्रैल में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार यह तय किया कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की ओर से उनके विचार के लिए आरक्षित विधेयकों पर ऐसी सिफारिश मिलने की तारीख से तीन महीने के भीतर निर्णय लेना चाहिए। एक महीने बाद, राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट को लिखा और पूछा कि क्या इस तरह की समय सीमा लगाई जा सकती है। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट की राय मांगी। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति को कानूनी मुद्दों या सार्वजनिक महत्त्व के मामलों पर अदालत से सलाह लेने की शक्ति देता है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू तक ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा था कि 'क्या राज्यपाल भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उनके समक्ष प्रस्तुत विधेयक पर सभी उपलब्ध विकल्पों का प्रयोग करते समय मंत्रिपरिषद द्वारा दी गई सहायता और सलाह से बंधे हैं?'

# गांव से जिनेवा तकः भारत का सामाजिक सुरक्षा मॉडल

**प्रो. आरके जैन**

> "यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई उस यात्रा का गवाह है, जो ह्लसबका साथ, सबका विकासह्व को नारा नहीं, बल्कि हकीकत बनाती है। इस क्रांति की नींव उन कल्याणकारी योजनाओं पर टिकी है, जिन्होंने गरीबों, मजदूरों और समाज के हाशिए पर खड़े लोगों के जीवन को नई रोशनी दी। आयुष्मान भारत ने करोड़ों परिवारों को मुफ्त इलाज का सहारा दिया, तो अटल पेंशन योजना ने बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा का भरोसा दिलाया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और जन-धन योजना ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और महिलाओं को वह आत्मविश्वास दिया, जो उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता की ओर ले जाता है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने भारत की इस उपलब्धि को न केवल सराहा, बल्कि इसे वैश्विक मंच पर एक मिसाल के रूप में पेश किया"

**भारत** की धरती पर एक ऐसी क्रांति जन्म ले रही है, जो न केवल आंकड़ों की किताबों में दर्ज होगी, बल्कि करोड़ों दिलों की धड़कनों में बसेगी। यह कहानी है 94 करोड़ लोगों की, जो आज सामाजिक सुरक्षा के अभेद्य कवच में सांस ले रहे हैं। यह कहानी है उस भारत की, जिसने एक दशक में असंभव को संभव कर दिखाया, विश्व मंच पर सामाजिक सुरक्षा कवरेज में दूसरा स्थान हासिल किया। 2015 में जहां केवल 19% आबादी इस सुरक्षा के दायरे में थी, वहीं 2025 में यह आंकड़ा 64.3% तक पहुंच गया। यह 45% का ऐतिहासिक उछाल केवल एक संख्या नहीं, बल्कि उस अटल संकल्प का प्रतीक है, जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने का वादा करता है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई उस यात्रा का गवाह है, जो 'सबका साथ, सबका विकास' को नारा नहीं, बल्कि हकीकत बनाती है। इस क्रांति की नींव उन कल्याणकारी योजनाओं पर टिकी है, जिन्होंने गरीबों, मजदूरों और समाज के हाशिए पर खड़े लोगों के जीवन को नई रोशनी दी। आयुष्मान भारत ने करोड़ों परिवारों को मुफ्त इलाज का सहारा दिया, तो अटल पेंशन योजना ने बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा का भरोसा दिलाया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और जन-धन योजना ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और महिलाओं को वह आत्मविश्वास दिया, जो उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता की ओर ले जाता है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने भारत की इस उपलब्धि को न केवल सराहा, बल्कि इसे वैश्विक मंच पर एक मिसाल के रूप में पेश किया। आईएलओ के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ हुंगबो ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में जो प्रगति की है, वह विश्व के लिए एक प्रेरणा है।' यह प्रशंसा उस भारत की ताकत को रेखांकित करती है, जो अपने हर नागरिक को गरिमा और सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। जिनेवा में आयोजित 113वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत की इस उपलब्धि को गर्व के साथ प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, 'यह वृद्धि अंत्योदय' के उस सिद्धांत को साकार करती है, जो समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति को



सशक्त बनाने का वादा करता है। भारत ने न केवल सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाया, बल्कि इसे डिजिटल और पारदर्शी बनाकर एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया। आईएलओ के सहयोग से शुरू किया गया राष्ट्रीय डाटा पूलिंग अभियान इसकी सबसे बड़ी मिसाल है। यह अभियान न केवल लाभार्थियों की संख्या को ट्रैक करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि योजनाएं विधायी रूप से समर्थित और समयबद्ध हों। भारत 2025 के सामाजिक सुरक्षा डाटा को आईएलओएसटीएट डेटाबेस में अपडेट करने वाला पहला देश बना, जो इसकी डिजिटल प्रणालियों और पारदर्शिता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह उस किसान की कहानी है, जो अब आयुष्मान भारत के तहत बिना चिंता के इलाज करवा सकता है। यह उस मजदूर की कहानी है, जिसे अटल पेंशन योजना ने बुढ़ापे में सहारा दिया। यह उस महिला की कहानी है, जो जन-धन खाते के माध्यम से अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रख सकती है। वर्तमान आंकड़े केवल प्रथम चरण को दशार्ते हैं, जिसमें केंद्रीय योजनाओं और आठ राज्यों की महिला-केंद्रित योजनाओं के लाभार्थी शामिल हैं। दूसरे चरण में यह कवरेज 100 करोड़ के आंकड़े को पार करने की ओर अग्रसर है। यह न केवल भारत के लिए, बल्कि विश्व के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा, जब एक अरब लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे में होंगे। भारत का यह समावेशी दृष्टिकोण इसे अन्य देशों से अलग करता है। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा को एक नीति से आगे बढ़ाकर इसे अधिकार-आधारित बनाया है। मांडविया ने आईएलओ महानिदेशक के साथ चर्चा में इस बात पर जोर दिया कि मोदी सरकार का विजन समाज के हर वर्ग को सशक्त करना है। 'हमारा लक्ष्य केवल आंकड़े बढ़ाना नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना है,' उन्होंने कहा।

यह दृष्टिकोण भारत को एक अनूठा स्थान देता है। जहां कई देश सामाजिक सुरक्षा को केवल एक प्रशासनिक कार्य के रूप में देखते हैं, भारत ने इसे एक राष्ट्रीय मिशन बना दिया है। डिजिटल इंडिया की ताकत ने इस क्रांति को और मजबूत किया है। आधार-लिंक्ड डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और डिजिटल ट्रैकिंग ने यह सुनिश्चित किया कि योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे। कई देश आज भी पारदर्शिता और पहुंच के मुद्दों से जूझ रहे हैं, लेकिन भारत ने डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से इस चुनौती को अवसर में बदला। यह पारदर्शिता न केवल योजनाओं की विश्वसनीयता बढ़ाती है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत को एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत करती है। यह यात्रा केवल शुरूआत है। 100 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने का लक्ष्य अब बस कुछ कदम दूर है। यह उपलब्धि भारत की नीतियों, नेतृत्व और सामाजिक प्रतिबद्धता की ताकत को दशार्ती है। यह उन अनगिनत चेहरों की मुस्कान की कहानी है, जिनके लिए सामाजिक सुरक्षा ने नई उम्मीदें जगाईं। यह उस भारत की कहानी है, जो विश्व मंच पर न केवल अपनी आर्थिक शक्ति, बल्कि अपनी सामाजिक संवेदनशीलता के लिए जाना जाएगा।

यह क्रांति रुकने वाली नहीं है। यह भारत की वह ताकत है, जो हर नागरिक को सशक्त बनाने का वादा करती है। यह एक ऐसे भारत का निर्माण है, जहां कोई भी पीछे न छूटे, जहां हर व्यक्ति का जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक हो। यह नया भारत है–एक ऐसा भारत, जो विश्व को दिखा रहा है कि समावेशी विकास का सपना हकीकत बन सकता है। और जब यह सपना 100 करोड़ लोगों तक पहुंचेगा, तो यह न केवल भारत, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक स्वर्णिम अध्याय होगा।

## कविता

### वे स्त्रियां

वे सिर्फ स्त्रियां हैं
नहीं वे जीवन की चकबेनियां
वे जब चलती हैं तो गढ़ती हैं
एक परिवार, एक समाज और एक परिवेश
वे समर्पित और संघर्षशील हैं
घर, परिवार, बच्चे और पति के लिए
वे नींद में जागती हैं और बुनती हैं सपने
वे गतिशील हैं कुम्भार की चाक जैसी
उठ खड़ी होती हैं भोर के साथ
और चलती हैं चाँद के पार
चूल्हा, चौका और वर्तन है उनका संगीत
परिवार की चाहत है उनकी संतुष्टि
वे नहीं जाती होटल, रेस्तरां और सिनेमा
चुनती हैं चावल और दाल के दाने
सूप की परछती में उड़ा देती हैं मायके का सुख
और कभी बचती नहीं दाल तो सुखी खाती हैं
रोटियां
जेठ की दोपहरी में तोड़ती हैं पत्थर
पीठ पर बच्चों को लाद ढोती हैं ईंटें
वे पति को मानती हैं परमेश्वर
एक जोड़ी बिछुवे, मांग भर सिंदूर और
भरे गोड़ के महावर से रहती हैं खुश
वे नहीं करती स्त्री स्वतंत्रता की बात
वे नहीं होना चाहती बेड़ियों से आजाद
वे बस, चाहती हैं
बेटियों के पीले हाथ, बहू की गोंद में
किलकारियां
और शांत होती सांसों में पति का साथ

**प्रभुनाथ शुक्ल**

# तपिश से बचने के लिये

**विजय गर्ग**

**ऐसे** वक्त में जब भारत के अनेक हिस्सों में तेज गर्मी से पारा उछल रहा है, तपिश से बचने के लिये बिजली की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि स्वाभाविक बात है। आम आदमी से लेकर खास आदमी तक गर्मी की तपिश से बचने के लिये कूलर से लेकर एसी तक का भरपूर इस्तेमाल करता है। हाल के दिनों में घरों, कार्यालयों, होटलों व मॉल तक में एसी का उपयोग बेतहाशा बढ़ा है। जिसके चलते गर्मियों के पीक सीजन में बिजली की खपत चरम पर पहुंच जाती है। ऐसे वक्त में केंद्र सरकार ने एयर कंडीशनर यानी एसी की पहचान बिजली की बढ़ती खपत के लिये जिम्मेदार खलनायक के रूप में की है। केंद्र सरकार योजना बना रही है कि घरों, होटलों व कार्यालयों में बीस डिग्री से अट्ठाइस डिग्री सेल्सियस के बीच इस्तेमाल होने वाले इस उपकरण की कूलिंग रेंज को मानकीकृत किया जाए। नए दिशा-निर्देश लागू होने के बाद एसी निमार्ताओं को बीस डिग्री से कम तापमान पर कूलिंग प्रदान करने वाले एसी बनाने से रोक दिया जाएगा। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर के अनुसार केंद्र सरकार की यह पहल बिजली बचाने और भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के प्रयासों का हिस्सा है। इस बात में दो राय नहीं कि गर्मियों की तपिश से बचने के लिये लोग अपने एसी को बहुत कम तापमान पर चलाते हैं। इस प्रवृत्ति का बिजली ग्रिड पर दबाव बहुत अधिक बढ़ जाता है। निश्चित रूप से इसके चलते बिजली कटौती की संभावना भी बहुत अधिक बढ़ जाती है। लेकिन इस संकट का अकेला मुख्य समाधान एसी को बेहद कम तापमान पर चलाया जाना ही नहीं है। इसके अलावा अन्य कारक भी हैं। यह भी एक हकीकत है कि सरकारी व निजी कार्यालयों में एसी का उपयोग काफी लंबे समय तक अंधाधुंध ढंग से किया जाता है। यहां इसके उपयोग में किफायत बरतने की दिशा में भी कदम उठाने की जरूरत है। निस्संदेह, ऊर्जा मंत्रालय का ऊर्जा नियामक ब्यूरो, बिजली खपत कम करने वाले उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देता है। लेकिन जब गर्मी रिकॉर्ड तोड़ती बढ़ रही है तो तापमान बढ़ने पर बिजली की खपत अनिवार्य रूप से बढ़ने लगती है। लेकिन इसका एकमात्र कारण एसी का बढ़ता उपयोग ही नहीं है। हमें खुद से सवाल पूछने की जरूरत है कि हमारे शहर इतने गर्म क्यों हो रहे हैं? हम इस बढ़ते तापमान से नागरिकों को राहत क्यों नहीं दे पा रहे हैं। अंधाधुंध-अवैज्ञानिक तरीके से हो रहे निर्माण कार्य भी इसमें कम दोषी नहीं हैं। हमने चारों तरफ कंक्रीट के जंगल तो बना दिए लेकिन शहरों में हरियाली का दायरा लगातार सिमटता जा रहा है। जिससे हवा का प्राकृतिक प्रवाह भी बाधित हो रहा है। विकास के नाम पर जो सैकड़ों वर्ष पुराने पेड़ काटे जाते हैं, उसकी क्षतिपूर्ति नये पेड़ लगाकर नहीं की जाती है। हम घरों को प्राकृतिक रूप से ठंडा बनाये रखने वाली भवन निर्माण तकनीक नहीं अपना रहे हैं।

## विचार

# घरेलू हिंसा का घेरा

**विजय गर्ग**

**महिलाओं** के लिए उनका घर-आंगन सबसे सुरक्षित स्थान होना चाहिए। परिवार और परिवेश में अपनों का संबल मिलना चाहिए। मान-सम्मान की रक्षा होनी चाहिए। दुखद है कि भारत ही नहीं, कमोबेश हर देश में घरेलू हिंसा का दंश महिलाओं के हिस्से है। मन और मान को ठेस पहुंचाने वाले इस बर्ताव के रंग-ढंग भले अलग हों, वैश्विक स्तर पर महिलाएं इस पीड़ा को झेल रही हैं। व्यक्तित्व और अस्तित्व को चोट पहुंचाने वाली घरेलू हिंसा महिलाओं के शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है। अपनी ही देहरी के भीतर स्त्रियों के साथ होने वाला हिंसात्मक व्यवहार मानवाधिकार का भी एक संवेदनशील मुद्दा है। हमारे देश में महिलाओं की बड़ी आबादी घरेलू हिंसा झेलने को विवश है। प्रगतिशील सोच और परिवर्तन की बहुत-सी बातों के बीच मानवीय व्यवहार के इस मोर्चे पर आज भी बदलाव की प्रतीक्षा है। यही कारण है कि घरेलू हिंसा की रोकथाम और पीड़ित स्त्रियों की सुरक्षा सहयोग से जुड़े विषयों की सामाजिक पारिवारिक परिवेश में ही नहीं, न्यायिक निर्णयों में भी चर्चा होती रहती है। आज भी बड़ी संख्या में महिलाएं घर के भीतर दुर्व्यवहार और मारपीट का शिकार बनती हैं। तकनीकी तरक्की और शिक्षा के बढ़ते आंकड़ों के बावजूद इस मामले में जागरूकता की कमी भी स्पष्ट दिखती है।

सजग- शिक्षित महिलाएं भी अपना परिवार बचाने के लिए इस दुर्व्यवहार की शिकायत नहीं करतीं । इसीलिए घरेलू हिंसा से स्त्रियों की सुरक्षा पुख्ता करने जुड़े इस पहलू पर उच्चत्तम न्यायालय ने सहयोगी और सजग परिवेश बनाने की बात कही। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों को अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूकता लाने, अधिनियम के तहत सेवाओं के प्रभावी समन्वय को सुनिश्चित करने और इसके प्रावधानों का मीडिया में पर्याप्त प्रचार करने और व्यापक कदम उठाने चाहिए। विशेषकर घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत निशुल्क कानूनी सहायता और सलाह के अधिकार के बारे में महिलाओं के बीच जागरूकता फैलानी चाहिए। इन निदेर्शों में शीर्ष अदालत ने यह भी जोड़ा कि अगर कोई महिला कानूनी सहायता या सलाह के लिए संपर्क करती है, तो उसे शीघ्रता से सहायता प्रदान की जाए, क्योंकि अधिनियम प्रत्येक महिला को निशुल्क कानूनी सहायता के अधिकार की गारंटी देता है। हमारे परिवारों में अधिकतर बदलाव सतही स्तर पर ही हुए हैं। मानसिकता और व्यवहार के मोर्चे पर सार्थक परिवर्तन अब तक नहीं आया। ऐसे में जागरूकता की कमी और पारिवारिक दबाव घरेलू हिंसा का घेरा कसे हुए है। पिछले वर्ष राष्ट्रीय महिला आयोग को महिलाओं के खिलाफ अपराधों की 25,743 शिकायतें मिलीं थी। इनमें सबसे अधिक 6,237 शिकायतें घरेलू हिंसा की थीं। यानी आपराधिक आंकड़ों में 24 फीसद की हिस्सेदारी घरेलू हिंसा की रही। यही वजह है कि इन शिकायतों में 'सम्मान के साथ जीने के अधिकार' की मांग वाली शिकायतें अधिक थीं, जो कुल शिकायतों का लगभग 28 फीसद हैं। इतना ही नहीं, दहेज उत्पीड़न के मामले भी 17 फीसद रहे। समझना कठिन नहीं है कि दहेज उत्पीड़न के मामलों में भी शुरूआत में ही कई महिलाएं शारीरिक-मानसिक हिंसा झेलती ही हैं। दुखद है कि शिक्षित समाज में भी रुग्ण मानसिकता वाला यह व्यवहार महिलाओं के हिस्से है। घरेलू हिंसा का दंश भी हर समुदाय और हर वर्ग में देखने को मिलता है। अपने ही घर में महिलाओं के साथ हिंसक व्यवहार करने वाले शिक्षित और अशिक्षित, हर तबके के लोग हैं। भ्रम यह भी है कि केवल घरेलू महिलाएं ऐसी हिंसा और अपमान झेलती हैं। कई कामकाजी और आत्मनिर्भर स्त्रियां भी घरेलू हिंसा झेलती हैं, क्योंकि यह बर्ताव असल में नकारात्मक और अमानवीय सोच से जुड़ा है, जिसमें परिवर्तन लाना दुष्कर कार्य बना हुआ है। स्त्रियों के मान को ठेस पहुंचाने वाली सोच में बदलाव की धीमी गति को हाल ही में आए आंकड़े भी पुख्ता करते हैं। वर्ष 2025 की पहली तिमाही में राष्ट्रीय महिला आयोग में अब तक 7,698 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। शिकायतों की इस सूची में भी सबसे अधिक मामले घरेलू हिंसा के ही हैं। पीड़ादायक यह है कि महानगरों से लेकर गांवों-कस्बों तक, आंकड़ों में ही नहीं सहज रूप से भी सामाजिक परिवेश में इस विद्रूप व्यवहार की झलक दिख जाती है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# राष्ट्रभाषा हिंदी इतनी उपेक्षित क्यों?

**हिंदी** भाषा न सिर्फ करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है बल्कि विदेशों में भी करोड़ों लोगों के मध्य संवाद की भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है "राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है" हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह विडंबना की बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है? अभी दक्षिण भारत मे हिंदी के विरोध अनर्गल प्रलाप जारी होकर उसका खुलकर विरोध किया जा रहा है।स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया था कि एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा थी। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है।

हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा "हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया" यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं।

# वैज्ञानिकों ने सबसे भारी प्रोटॉन एमिटर एस्टटाइन -188 का पता लगाया

**विजय गर्ग**

**फिनलैंड** के युवेस्कुले विश्वविद्यालय के शोधकताओं के नेतृत्व में एक अंतरराष्ट्रीय सहयोग का पता चला है और सबसे भारी प्रोटॉन उत्सर्जक के आधे जीवन को मापा गया, 188 -आइसोटोप, जो एक प्रोटॉन का उत्सर्जन करके क्षय हुआ। जबकि आइसोटोप अक्सर अल्फा, बीटा और गामा कणों को उत्सर्जित करके रेडियोधर्मी क्षय से गुजरते हैं, वे शायद ही कभी एक प्रोटॉन का उत्सर्जन होता है। अध्ययन प्रकृति संचार में प्रकाशित किया गया था। "मापा आधा जीवन 188 - के लिए 190 माइक्रोसेकंड है, जो प्रोटॉन के लिए टाइमस्केल को दशार्ता है उत्सर्जन, "मेंहदी कोककोनेन, आरएसटी और संबंधित लेखकों में से एक युवेस्कुले विश्वविद्यालय से, "दिए गए प्रोटॉन और न्यूट्रॉन संख्याओं वाले नाभिक के लिए, यदि हम अधिक प्रोटॉन जोड़ते रहते हैं, तो हम एक सीमा तक पहुंच जाएंगे जहां अंतिम जोड़ा प्रोटॉन होगा आईआईटी रुड़की में भौतिकी विभाग में प्रोफेसर और पेपर के सहलेखक परमासिवन अरुमुगम ने कहा, बस दूर ड्रिप । उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा उदाहरण है जहां "प्रोटॉन उत्सर्जन का पता लगाया गया था और एक प्रयोगशाला में अध्ययन किया गया था" और ऐसा करने के लिए आवश्यक प्रयोगात्मक सुविधाएं और "सैद्धांतिक विवरण। डॉ. कोककोनेन ने जोड़ाः "माप तकनीकों और विश्लेषण ने पिछले वर्षों के दौरान सिग्नी कैंटली को उन्नत किया है जिससे हम अधिक अध्ययन कर सकते हैं और अधिक विदेशी नाभिक। परमाणु संख्या 85 के साथ सबसे भारी एस्टाटिन नाभिक, स्ट्रोंटियम आयनों के साथ एक चांदी के लक्ष्य को विकिरण करके एक संलयन वाष्पीकरण प्रतिक्रिया में उत्पादित किया गया था। कई नाभिक का गठन किया गया था, 188-एक रिकॉइल परिवहन इकाई रिकॉल विभाजक का उपयोग करके पहचाना गया था। "जब 188-एस्टाटाइन प्रोटॉन का उत्सर्जन करता है, तो यह 187-पोलोनियम बन जाता है, जिसमें केवल 1.4 एमएस का आधा जीवन होता है।

## न्यूज फ्लैश

### CET पेपर, सरल पोर्टल, आयुष्मान कार्ड पर इलाज न होने पर मंत्री ने दिए जवाब



**कैथल (नसीब सैनी)।** कैथल पहुंचे हरियाणा के पंचायत विकास एवं खनन मंत्री कृष्ण पंवार उन्होंने भाजपा के 11 साल के विकास कार्य और उपलब्धियां को लेकर भाजपा कार्यालय कपिल कमल में जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी के साथ प्रेस वार्ता कर पत्रकारों से बातचीत की। मंत्री ने जाति प्रमाण पत्र व डोमिसाइल सर्टिफिकेट न बनने और सरल पोर्टल बंद होने के साथ गांव पोलड को खाली करवाने के सवाल व आयुष्मान कार्ड पर इलाज न होने पर आ रही समस्या पर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि जाति प्रमाण पत्र व डोमिसाइल सर्टिफिकेट न बनने और सरल पोर्टल बंद होने के मुद्दे पर मंत्री ने कहा कि पहले भी किसी ने इस बारे में सीएम से सवाल किया था। कोई भी युवा टेस्ट देने से वंचित नहीं रहेगा। इसके लिए सरकार जिम्मेवार है। वे इस संबंध में मुख्यमंत्री से बातचीत करेंगे।

कहा– पोलड का मामला संज्ञान में नहीं कैथल के गांव पोलड को खाली करवाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। इस बारे में उच्चाधिकारियों से बातचीत की जाएगी। पानीपत में किसान की मौत के मामले में भी उन्होंने यही कहा कि यह बात उनके संज्ञान में नहीं है। वहीं जाति प्रमाण पत्र बनवाते समय माता या पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र मांगने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये बिल्कुल गलत है। इस बारे में सरकार से बातचीत की जाएगी।

**आयुष्मान कार्ड पर इलाज न हो तो सरकार को दें शिकायत**

प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड बंद करने के मुद्दे पर मंत्री बोले कि अगर किसी को इस प्रकार की दिक्कत है तो सरकार को शिकायत दे सकते हैं। ऐसे अस्पतालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने सरकारी विभागों और कार्यालयों में पेयजल व्यवस्था सुचारू करवाने को लेकर भी प्रशासन से बातचीत करने का आश्वासन दिया।

### पक्षियों के लिए पानी और अनाज की व्यवस्था करना महत्वपूर्ण : राजेश सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल वर्मा**



**थानेसर** : थानेसर,कुरुक्षेत्र में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने कहा कि गर्मी का मौसम है तथा लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है। ऐसे में पक्षियों के लिए पानी और अनाज की व्यवस्था करना महत्वपूर्ण है, खासकर गर्मी के मौसम में जब पानी और भोजन की कमी होती है। सिंगला ने कहा कि उनकी संस्था द्वारा पिछले दिनों हरित हरियाणा अभियान के तहत बीज वितरण का कार्यक्रम चलाया गया था। गर्मी के मौसम को देखते हुए अब गांवों में तथा शहर कस्बों में पशु पक्षियों के लिए भोजन व पानी का प्रबंध किया जा रहा है। इसके लिए समाज के सहयोगी लोगों का भी साथ लिया जा रहा है। सिंगला ने कहा कि मौसम को देखते हुए लोगों को अपने घरों के आसपास या छतों पर पक्षियों के लिए पानी भरे हुए कसोरे और अनाज के भरे हुए छोटे – छोटे बर्तन रखने चाहिएं। इससे पक्षियों को एक ही स्थान पर पानी और भोजन मिलेगा और उनकी जान भी बचेगी। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था द्वारा भी निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। घरों के आसपास हरियाली के लिए पेड़ों व पौधों बारे भी जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर मुनीश मित्तल, कपिल मित्तल, प्रमोद बंसल, जंग बहादुर सिंगला, विजय गर्ग, अशोक गर्ग, अजय गुप्ता, नरेश सिंगला, मंजू सिंगला, पिंकी जैन, सचिन, मनोज कुमार भी उनके साथ मौजूद थे।

### अहमदाबाद विमान हादसा दुखद, पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ: डॉ अरविंद शर्मा

**चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मंत्री डॉ. शर्मा ने हादसे में हुई जनहानि को अत्यंत दुखद और पीड़ादायक बताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है।कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि यह हादसा पूरे देश को स्तब्ध करने वाला है। जिन परिवारों ने इस दुर्घटना में अपने परिजनों को खोया है, उनके दुख की इस घड़ी में हम सभी उनके साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करे।

# प्रधानमंत्री ने बिना किसी भेदभाव सभी क्षेत्रों में करवाया अभूतपूर्व विकास: किरण

**आत्मनिर्भर**

▶▶ ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पूरे विश्व ने देखी नव भारत व आत्मनिर्भर भारत की शक्ति



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना, बलराम**

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 11 वर्षों में ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्ण के मंत्र को अपनाते हुए देश को नई दिशा में आगे ले जाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री ने हमेशा आत्मनिर्भर व मेक इन इंडिया का नारा देते हुए अनेक योजनाएं लागू की, जिसके बलबूते पर जहां वर्ष 2014 से पहले देश की अर्थव्यवस्था 10वें स्थान पर थी लेकिन आज केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण आज हमारी अर्थव्यवस्था विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाई है।राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने भाजपा सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत गोहाना स्थित कृषि विभाग के रेस्ट हाउस में प्रैसवार्ता को संबंधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की अभूतपूर्व उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह कालखंड भारत के इतिहास में विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा का स्वर्णिम युग बनकर उभरा है। आज भारत वोट बैंक की राजनीति से नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्व से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ये 11 वर्ष केवल एक पड़ाव है, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को एक 'विकसित राष्ट्र' बनाना है। यह अमृत काल उस स्वर्णिम काल की नींव रखेगा, जहां भारत ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म और समृद्धि का विश्व गुरु बनेगा उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष भारत के नव-निर्माण, आत्म-विश्वास और वैश्विक पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में पुनः स्थापना की एक स्वर्णिम गाथा है। इन 11 वर्षों में, हर भारतीय ने एक ऐसे भारत का उदय देखा है जो अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व करता है, वर्तमान की चुनौतियों का डटकर सामना करता है और भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी सपने संजोता है।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी मामले में आरोपी गिरफ्तार



**कैथल (नसीब सैनी)।** विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के एक मामले की जांच इकोनॉमिक सेल प्रभारी पीएसआई संदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई रोहताश कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव कुटेल जिला करनाल निवासी जितेंद्र सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डंडवाना निवासी सुनील की शिकायत के अनुसार उसकी कुरुक्षेत्र निवासी जितेंद्र कुमार के साथ वर्ष 2023 में जान पहचान हुई। जितेंद्र कुमार ने उसे कहा कि वह युवाओं को विदेश भेज कर वहां पर सेटल करवाने का काम करता है। जितेंद्र कुमार ने उसे ऑस्ट्रेलिया में भेजने के लिए 18 लाख रुपये की बातचीत की। वह उसकी बातों में आ गया और आरोपी के अनुसार उसने अलग-अलग तिथियां में अपने दस्तावेज और 2 लाख 88 हजार रुपये दे दिए। आरोपी उसे बार-बार वीजा लगवाने की बात कहता रहा लेकिन जब काफी समय बचने के बावजूद उसका वीजा नहीं लगा तो उसने अपने रुपए वापस देने की मांग की। इस पर आरोपी ने राशि देने से साफ इंकार कर दिया व जान से मरवाने की धमकी भी दी। इस बारे थाना ढांड में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी का न्यायलय से 2 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

## अवैध रूप से शराब की भट्ठी चलाता युवक काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार (दिनकर गावड़ी):**झ पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के दिशा-निदेर्शानुसार जिला भर में अपराधों पर लगाम लगाते हुए थाना नारनौंद पुलिस ने भट्ठी चलाते हुए युवक को 50 लीटर लाहन व 5 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब (हथकड़) सहित बलजीत पुत्र ईश्वर निवासी राजथल को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार थाना नारनौंद पुलिस को गुप्त सुचना मिली की एक व्यक्ति गांव राजथल में भट्टी लगाकर अवैध शराब निकाल रहा है अगर फौरी तौर पर रैड की जाए तो उसे पकड़ा जा सकता है।

## एकात्म मानव दर्शन के बिना शिक्षा अधूरी: विजय नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल वर्मा**



**थानेसर :** गीता विद्यालय में प्रांतीय आचार्य विकास एवं पुनश्चर्या शिविर के 11वे दिन विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा, सह संगठन मन्त्री बालकृष्ण, श्रीमद्भगवद्गीता व मा ० विद्यालय के मा० अध्यक्ष मोहिन्द्र पाल सिगंला,वर्गाधिकारी तिलकराज रहलन, वर्ग संयोजक अश्विनी कुमार शर्मा ,अनिल कुलक्षेष्ठ, अनिल मदान ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के पूजन वंदना के वाद कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।कार्यक्रम मे आज पुनश्चर्या शिविर के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कार्यक्रम का समापन एवं आशीर्वाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। साथ ही शेष 121 प्रशिक्षणार्थियों को कार्यक्रम के मुख्यवक्ता विजय नड्डा ने बताया कि इसाई एवं मुस्लिम आकाओं ने हमारे ही कुछ गद्दार लोगों के द्वारा यह ज्ञात किया कि भारतियों की धर्म मे जब तक पूर्ण आस्था रहेगी तब तक हम भारत पर अपना आधिपत्य नहीं जमा सकते हैं। औरगंजेब के पिता ने जब औरगंजेब को उसे बुढापे मे भारत हुए देखकर कहा कि तेरे से तो हिन्दू ही अच्छे हैं जो सैकडों वर्षों तक अपने पिता एवं पूर्वजों की पूजा करते है उनके लिए दान देते हैं तो औरंगजेब ने भारत के धर्म को जड से मिटाने की योजना बनाकर हमारे शिक्षा मन्दिर व धर्मस्थलों को नष्ट करने के लिए योजना बनाकर शिक्षालयों पर प्रहार कर राष्ट्रविकास की गति अवरोध की। परन्तु नई शिक्षा नीति में हमारे विद्वतजन ने एकात्म मानव दर्शन को पूर्ण रूप से समावेश किया । इसका अर्थ प्रत्येक मानव पशु पक्षी ,, जीवजन्तु ., तथा पेड पौधो एक एक समान ईश्वर का वास होता है।पाश्चात्य संस्कृति से ओतप्रोत लौग द्वैतवाद को मानते है अर्थात वे मानव जीवजन्तु तथा पेड पौधो को ईश्वरअलग मानते है । इसलिए इसे द्वैतवाद कहते हैं। यह शिक्षा सभी जीवधारियो को अलग मानती है। परन्तु हमारे जगदगुरू शंकराचार्यो एवं संतो ने बताया कि सभी मानवों, जीवधारियों में एक जैसी पीडा तथा खुशी एक जैसी होती है। परन्तु लालच वश आज मानव ने पशुओं का मांस खाना, पेडों का काटना, जीवजन्तुऔ को क्रुरता के साथ नष्ट करना प्रारम्भ कर दिया है।

## एसडीएम राजेश खोथ ने समाधान शिविर में सुनीं जन समस्याएं

**हिसार(दिनकर गावड़ी):**झसंयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम राजेश खोथ ने प्रेम नगर गांव के लोगों द्वारा रखी गई एक समस्या पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ओवरलोडिंग वाहनों के चालान काटना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चालान काटने के साथ-साथ ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ अन्य नियमानुसार अनुसार कार्यवाही भी अमल में लाई जाए ताकि किसी भी प्रकार की जान एवं माल की हानि न हो। ढाणी कुमाहरन गांव निवासी एक महिला ने विधवा पेंशन बनवाने को लेकर अपना आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए की कागजातों की जांच कर तुरंत पेंशन बनवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। सभी सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को बिना देरी के उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने परिवार पहचान पत्र तथा आधार कार्ड में त्रुटियां को दुरुस्त करने को लेकर रखी गई शिकायतों पर अधिकारियों को इन्हें तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित रहे केंद्र सरकार के 11 साल : पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल 12,जून(नसीब सैनी)।** राज्य के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व में अपनी अलग से पहचान बनाई है और देश आज विकसित भारत की ओर तेजी से अग्रसर है। भारत अब दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। मोदी ने देश हित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिसमें मुख्य रूप से जम्मू कश्मीर में धारा 370 को तोडकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक अखंड भारत का सपना साकार किया है। वहीं अयोध्या में श्री राम लला का भव्य मंदिर का निर्माण करवाया जो हमारे सांस्कृतिक गर्व और आस्था का प्रतीक है। हाल ही में भारतीय सेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। जिला भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत में मंत्री कृष्ण पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में नए-नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार व सीएम नायब सिंह सैनी की अगुवाई में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से संबंधित डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने मंत्री का कपिल कमल में जिला पहुंचने पर स्वागत किया।इस अवसर पर कैथल भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि ये 11 साल सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण के है मोदी है तो मुमकिन हैं अब ये नारा नहीं है ये हकीकत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 साल का कार्यकाल आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की नींव साबित हुआ हैं। मोदी सरकार के कार्यों की बदौलत शासन,सेवा का माध्यम बन गया है।आज की राजनीति प्रदर्शन की संस्कृति पर आधारित हो गई है। ये भी कार्यक्रम में रहे मौजूद इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़,अमरपाल राणा,भीम सैन अग्रवाल, सोनू सैनी खानपुर, शमशेर सैनी,रूपक सैनी,प्रवीण प्रजापति, राजपाल तंवर, सुभाष हजवाना, शैली मुंजाल,के अलावा अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मेवात में बिजली ट्रांसफार्मर को पानी डालकर किया जा रहा ठंडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** भीषण गर्मी के कारण बिजली ट्रांसफार्मरों में हीटिंग हो रही है। तापमान के अत्यधिक बढ़ने से ये ट्रांसफार्मर बार-बार ट्रिप कर रहे हैं। जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। मेवात जिले के डोंडल ट्रांसफार्मर के माध्यम से कई दर्जन गांवों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। मगर इन दिनों प्रचंड गर्मी के कारण ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है, जिससे वे गर्म होकर कार्य करना बंद कर दे रहे हैं। बिजली आपूर्ति को बनाए रखने और ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित रखने के लिए उपकेंद्र के विद्युत कर्मचारी लगातार प्रयास कर रहे हैं। बिजली विभाग ने जानकारी दी कि गर्मी के दौरान ट्रांसफार्मरों को दिन में दो से तीन बार पानी डालकर ठंडा किया जा रहा है, ताकि वे अधिक ताप के कारण खराब न हों और बिजली आपूर्ति बनी रहे। उन्होंने बताया की हीटिंग की इस समस्या के चलते अलग - अलग फीडरों को कुछ समय के लिए ही बिजली मिल पा रही है, जिससे ग्रामीणों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग की यह अस्थाई व्यवस्था गर्मी के इस दौर में बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जा रही है, लेकिन स्थाई समाधान की आवश्यकता महसूस की जा रही है। बढ़ते तापमान और ट्रांसफार्मरों की सीमित क्षमता के कारण बिजली आपूर्ति एक चुनौती बन गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की हुई है



## छठे दिन भी पुलिस को नहीं लगा लापता भट्ठा मजदूर का सुराग

**कैथल (नसीब सैनी)।** एक लापता भट्ठा मजदूर का छह दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। इस बारे मजदूर के परिजन एसपी कार्यालय कैथल पहुंचे और एसपी के पास समय न होने के कारण उन्होंने अपना दुखड़ा डीएसपी वीरभान को सुनाया। मजदूर की पत्नी अमरेश देवी, अंजलि, सोनिया, जगमाल, लोकेश, विपिन, बृजेश, मनपाल आदि ने बताया कि 7 जून को लगभग 4 बजे अमलेश भट्ठा से क्योडक आया था और वापस भट्ठा पर नहीं गया। उसी दिन से सारे भट्ठा मजदूर दिन-रात मारे मारे फिर रहे हैं।

## कांग्रेस ऑब्जर्वर "संगठन सृजन अभियान" के तहत पहुंचे नूंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली):** "संगठन सर्जन अभियान" के तहत पूरे प्रदेश में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति करने के लिए कांग्रेस आलाकमान द्वारा गठित किए गए एआईसीसी ऑब्जर्वर एवं पीसीसी ऑब्जर्वर की टीम गुरुवार को लोक निर्माण विश्राम गृह नूंह परिसर में पहुंची। जहां उन्होंने मीडिया से संगठन सृजन अभियान को लेकर विस्तार पूर्वक बातचीत की। पत्रकारों से बातचीत के दौरान संगठन सृजन अभियान नूंह जिला अध्यक्ष बनाने के लिए एआईसीसी ऑब्जर्वर विधायक काजी निजामुद्दीन, पीसीसी ऑब्जर्वर पूर्व विधायक नीरज शर्मा, राकेश तंवर एवं योगेश ढींगरा की टीम पहुंची। उनका विधायक आफताब अहमद, विधायक मामन खान, पूर्व विधायक शहीदा खान, पूर्व उम्मीदवार हाजी अख्तर हुसैन सहित तमाम कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान एआईसीसी ऑब्जर्वर काजी निजामुद्दीन ने कहा कि अच्छी बात यह है कि विपक्ष झूठ और फरेब पर टिकी हुई पार्टी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम विरोध करना है। हमारे संगठन में हम लोग लगातार काम कर रहे हैं। हर प्रदेश में हमारा मजबूत संगठन है। यहां भी हम एक बड़ा मजबूत संगठन खड़ा करके आने वाले समय के अंदर जितनी भी चुनौती हैं, उनको स्वीकार करेंगे। कांग्रेस में मजबूती से चुनाव लड़ा है और आगे भी लड़ेगी। विधायक एवं दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने कहा कि 30 जून से पहले रिपोर्ट आलाकमान को ऑब्जर्वर के द्वारा भेज दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जो कई जिलों में आपसी विरोध की तस्वीर आ रही हैं, यह बड़ा परिवार है। कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र है। जो सामान्य रूप से भारत में अन्य दलों में देखने को नहीं मिलता। कांग्रेस उस आंतरिक लोकतंत्र का हार्दिक स्वागत करती है। बड़े परिवार में अलग - अलग विचार होते हैं। हमारे आंतरिक विचार हैं।



# भीषण गर्मी के बावजूद महिलाओं की भीड़ से खुश दिखाई दी सुनैना चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** सुनैना चौटाला गुरुवार को नूंह जिले के खेड़ला गांव में पहुंची, जहां उन्होंने महिलाओं की बैठक लेकर संगठन को मजबूत करने पर पूरा जोर दिया। भीषण गर्मी के बावजूद भी सुनैना चौटाला के कार्यक्रम में महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ जुटी, जिससे वह काफी खुश दिखाई दी। पत्रकारों से बातचीत के दौरान इनेलो नेत्री सुनैना चौटाला ने पत्रकार बंधुओं का स्वागत करते हुए कहा कि पत्रकार चौथा स्तंभ है, जिनके माध्यम से हम अपनी आवाज को सरकार तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नूंह के दौरे के अलावा हर जिले में महिला शक्ति को मजबूती देने के लिए इंडियन नेशनल लोकदल के महिला कैडर को मजबूत बनाने के लिए निकले हैं। हर जिले में हमें असीम प्यार मिला है। अगर नूंह की बात की जाए तो पूरी टीम को मैंने भीड़ देखकर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भीड़ ने रिकॉर्ड तोड़ा है। ऐसा पहले कभी देखने को नहीं मिला। यहां जागरूकता है तो आप समझ सकते हैं कि पूरे हरियाणा में इनेलो मजबूती की तरफ जा रही है। सुनैना चौटाला ने कहा कि आधी आबादी महिला है और मेरा मानना है कि सामाजिक पक्षी है। जिसका एक पंख पुरुष है और दूसरा पंख महिला है। जब तक दोनों पंख मजबूत नहीं होंगे, तब तक समाज ऊंची उड़ान नहीं भर सकता। मेरा मानना है की आधी आबादी को बिल्कुल इंडियन नेशनल लोकदल के साथ सौ फीसदी जोड़ने का काम करेंगे। जुड़ते ही पंख मजबूत हो जाएगा और समाज ऊंची उड़ान भरेगा। महिला मोर्चा प्रभारी ने कहा कि जो छात्रों पर लाठी चार्ज हुआ है, यह बहुत ही संवेदनहीन तरीके से पढ़े लिखे बच्चों को जिनमें अहमदाबाद आईआईटी में एडमिशन हुआ है, जो इतना मेधावी है, उनको तंग किया जा रहा है। उनके आगे बढ़ने के रास्ते में रोड़े खड़े किए जा रहे हैं। मैं उसकी घोर निंदा करती हूं। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी स्टूडेंट यूनियन के साथ है, हमेशा साथ देगी और जो सरकार में बैठे लोग अत्याचार कर रहे हैं। उनके खिलाफ आवाज उठाएगी। ल्अव के जो वाइस चांसलर हैं। उनके ऊपर पहले भी बहुत सारे इल्जाम लग चुके हैं। अब उन्हें सुध लेनी चाहिए। क्योंकि अगर हरियाणा प्रदेश का युवा भड़क गया और फिर भारतीय जनता पार्टी को हरियाणा में कोई बचा नहीं सकता है। वहां जो लाठी चार्ज हुआ वह पुलिस के द्वारा नहीं किया गया। वह वहां के कर्मचारी, प्रोफेसर इत्यादि के द्वारा किया गया है। गुरु के हाथ में डंडा डराने के लिए या सीखाने के लिए अच्छा लगता है, लेकिन गुरु अत्याचार पर उतर जाए तो वह डंडा शोभा नहीं देता। गुरुओं के हाथ में डंडा गुंडागर्दी को दिखाता हुआ नजर आए। इसकी निंदा करती हूं।



# विमान हादसा बेहद दुखद भरा: हरिप्रसाद

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर हरियाणा मामलों के प्रभारी महासचिव बी के हरिप्रसाद ने कहा कि बहुत बड़ा हादसा है। यह दुर्घटना नहीं घटनी थी, जो घटी है। 200 से ज्यादा लोगों की जान जाने की आशंका व्यक्त जा रही है। जहां तक पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की बात है, दोनों राज्यसभा में साथ रहे। दोनों यूएस असेंबली में साथ - साथ 15 दिन रहे। बहुत अच्छे आदमी थे। भले ही वह भाजपा के नेता थे, लेकिन इंसानियत उनमें कूट - कूट कर भरी थी। वह जो हमने खोया है। सिर्फ उसके परिवार के लोग नहीं, जब सबने उसको खोया है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उसके परिवार जनों को पूरा शक्ति दे, इसका जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई हो। सोनीपत के पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को लेकर

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार में सुप्रीम कोर्ट, इलेक्शन कमीशन, ईडी, सीबीआई कोई मायने नहीं है। जहां तक कांग्रेस की सरकार में ईडी की बात है, यह संवैधानिक किसी से क्षमता भाजपा आने के बाद यह ईडी उसका संगठन बन गया। राजनेताओं को और उनके विरोधियों को धमकाने का काम करते हैं। ज्यादा दिन नहीं चलेगा, जब हिटलर ने जब लोगों को तंग किया । 50 साल के बाद भी लोगों ने गिरफ्तार करके सजा दी। यही भारतीय जनता पार्टी व उनके चेले - चपाटों का हाल होने वाला है।



## न्यूज फ्लैश

### कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशे की हालत में बिजली, नशीला पदार्थ रखने के सामान को गिरफ्तार कर लिया।

**शाहाबाद मारकंडा/(प्रदीप कुमार):** पुलिस ने नशीला पदार्थ भंडार के माल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अटल अग्रवाल के निर्देश- निर्देश में एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ भंडार के आरोप में अरविंद आर्य निवासी अंजनी जिला यूपी को गिरफ्तार करके उसके व्यवसाय से 3 किलो 206 ग्राम का अवैध सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11 जून 25 को एंटी नारकोटिक सैल के उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक रणधीर सिंह, मुख्य सिपाही सुनील कुमार और एसपीओ संजय कुमार की टीम क्राइम की तलाश में एनएच-44 रतनगढ़ पुल के पास मौजूद थे। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि अरविन्द आर्य वासी अंजनी जिला डेयरी यूपी काफी समय से नशे/ स्मैक/हैरोइन की दुकान पर काम करता है। आज भी वह यूपी जिला सब्जी मंडी से बस में मैराथन लेकर कुशुराहट और शाहबाद क्षेत्र में बिक्री के लिए आई है। यदि उसे फिजियोलॉजी द्वारा उसकी यूक्रेन ली जाए तो उसके पास से काफी मात्रा में लॉफी/स्मैक/हेरोइन बरामद हो सकती है। पुलिस टीम ने शाहबाद बस अड्डे पर सूचना के आधार पर निगरानी रखना शुरू कर दिया है। मौका मिलने पर राजपत्रित अधिकारी ईटीओ आईपीएल के अध्यक्ष कुमार शाहाबाद को बुलाया गया। पुलिस टीम को शाहबाद बस अड्डे पर एक बॉय घुमंता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने लड़के को अपने नामपता प्लॉट पर रखकर अपना नाम अरविंद आर्य वासी अंजनी जिला ड्राय यूपी बताया। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस ने उसके कब्जे से 3 किलो 206 ग्राम की नकदी बरामद की। मैसाचुसेट्स के थाना शाहाबाद में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके एंटी नारकोटिक सेल के सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। बुनियादी ढांचे को अदालत में पेश किया गया।

### विधायक राम कुमार कश्यप ने गांव कलसौरा में तालाब के पुनर्निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य का किया उद्घाटन



**इन्द्री/(मैनपाल कश्यप) :** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने वीरवार को गांव कलसौरा में करीब एक करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत तीन तालाबों में से मंदिर वाले तालाब के पुनर्निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया तथा शेष दो तालाबों का कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा, इनमें एक तालाब बस स्टैंड के पास और दूसरा तालाब बीबीपुर रोड पर स्थित है। इस दौरान गांव कलसौरा में ग्रामवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला के तहत केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने संयुक्त रूप से कम से कम एक एकड़ क्षेत्रफल वाले तालाबों के पुनर्निर्माण एवं नवीनीकरण करने के लिए अमृत सरोवर योजना शुरू की है। उन्होंने बताया कि जल सबसे अनमोल प्राकृतिक संसाधनों में से एक है जिसे हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। तालाबों का सुधारीकरण होने से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा, गन्दा पानी नालियों में नहीं फैलेगा और पानी की निकासी भी ठीक प्रकार से हो सकेगी।

# पर्यवेक्षक ने बंद कमरे में एक-एक कांग्रेसी से बात कर ली उनकी राय

## बापौली अनाज मंडी में कांग्रेस की रीति-नीति व विचारधारा से जुड़े वरिष्ठ व युवा कांग्रेसियों की बैठक बुलाई गई

**संगठन**

**मूल उद्देश्य जिला संगठन में सक्षम लोगों को ज्यादा से ज्यादा जिम्मेदारी प्रदान करना है**



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** **अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर देश के कई राज्यों में चलाया जा रहा है जिसका मूल उद्देश्य जिला संगठन में सक्षम लोगों को ज्यादा से ज्यादा जिम्मेदारी प्रदान करना है। इसी दृष्टि से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर संगठन सृजन अभियान के तहत पानीपत जिले में बापौली अनाज मंडी में कांग्रेस की रीति-नीति व विचारधारा से जुड़े वरिष्ठ व युवा कांग्रेसियों की बैठक बुलाई गई। जिसमें बापौली व सनौली ब्लांक के कांग्रेसियों ने भग लिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक व छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा बैठक में बापौली-सनौली क्षेत्र से संबंधित पूर्व विधायक, वरिष्ठ कांग्रेसीजन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन.एस.यू.आई. सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों व कांग्रेस सेवादल सहित समस्त संगठनों एवं मोर्चा प्रकोष्ठों से जुड़े पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक बैठक में हिस्सा लिया। प्रदेश पर्यवेक्षक चक्रवर्ती शर्मा ने लोगों में उत्साह भरते हुए कहा कि आप सभी के लिए पार्टी की ओर से अपनी योग्यता साबित करने के लिए भरपूर अवसर मिल रहा है जिसका लाभ उठाना चाहिए। जो व्यक्ति स्वयं को सक्षम और सर्वमान्य समझता है और पार्टी में जिलाध्यक्ष पद का इच्छुक है आवेदन दे सकता है। पर्यवेक्षक उदयवीर सिंह पुनिया ने उपस्थित कांग्रेसजनों से अपील करते हुए कहा कि आज समय की जरूरत है कि हम सब अपनी एकजुटता का परिचय दें और संगठन व पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करें। बैठक में उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने हरियाणा राज्य में कांग्रेस पार्टी की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि आज समय की आवश्यकता है कि आपसी मतभेदों को समाप्त करते हुए हम सभी को एकजुटता के साथ पार्टी हित में काम करना है। अग्रवाल ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि पार्टी स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप बिना किसी पक्षपात के आप सभी के बीच से सक्षम व सुलझे हुए लोगो को अवसर प्रदान करना व पार्टी हित में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपना ही इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है। बैठक में उपस्थित सभी अनुभवी व वरिष्ठ कांग्रेसजनों से आह्वान करते हुए जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि आप सभी को निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर जिला स्तर व राज्य स्तर पर पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है और इसके लिए ब्लॉक स्तर व जिला स्तर पर हर समाज व वर्ग के लोगों को अपने साथ जोडना है। पार्टी हित में इस तरह के पुनीत कार्यों के लिए आप सभी के सहयोग से ऐसे लोगों के नाम हाई कमान तक निर्णय लेने के लिए पहुंचाए जाएंगे।

# योग दिवस के लिए रोल का दिया गया प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**मिशन** फिट योग के अंतर्गत लक्ष्य स्वस्थ युवा समिति, भारत के पर्यटक मित्र और आयुष विभाग के योग सहायकों के प्रशिक्षण संस्थान द्वारा गुरुवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए रोल का प्रशिक्षण दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामान्य अभ्यास क्रम के दौरान वैज्ञानिक योग चिकित्सक हरज्ञान सिंह आर्य ताड़ नेसन का अभ्यास करवाते हुए बताया कि शारीरिक अभ्यास और दृढ़ता के लिए ताड़ासन का नियमित अभ्यास बहुत अभ्यास होता है। यह आसन लगाए जाने वाले सभी आसनों का आधार है। मेरुदंड से संबंधित सभी नासा नाड़ियों के रक्त संग्रह के उपचार,गलत शरीराकृति के सुधार और एक निश्चित आयु तक की वृद्धि के लिए यह आसन सहायक है।

**अभ्यास**

**शारीरिक अभ्यास और दृढ़ता के लिए ताड़ासन का नियमित अभ्यास बहुत अभ्यास होता है**

सूची के अनुसार सहायक अभ्यासों का अभ्यास और अभ्यास होने वाले सूक्ष्म व्यायाम, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, वक्रासन, मंडूकासन, कपालभाति, अनुलोमविलोम, भ्रामरी, शीतली आदि प्राणायामों का अभ्यास और अभ्यास होने वाले। योगाभ्यास के दौरान दी गई सावधानियों में कहा गया है कि हार्ट स्ट्रेंथ, वेरिकोज वेन्स और स्टीच रेस्ट से किसी भी योग विशेषज्ञ की सलाह और सलाह के अनुसार ही इस आसन का अभ्यास करना चाहिए।

## इग्नू में जुलाई सत्र दाखिलों के लिए पोर्टल खुला: डॉ धर्म

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्विद्यालय (इग्नू) में जुलाई 2025 सत्र के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। ऐसे विद्यार्थी जो किसी भी कारण से रेगुलर कॉलेज और विश्विद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसानी से इग्नू के माध्यम से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। जॉब करने वाले कैंडिडेट भी आसनी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में एडमिशन ले सकते है ऐसे इच्छुक विद्यार्थी जिनको प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी उनके लिए इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली एक उपयुक्त प्लेटफार्म है। डॉ धर्म पाल ने बताया की इच्छुक विद्यार्थी इग्नू द्वारा संचालित लगभग 350 तरह के सर्टिफिकेट, पीजी सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, बैचलर्स और पोस्ट ग्रेजुएट के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन इग्नुएडमिशनडॉटस्मर्थडॉटएजुडॉटइन लिंक पर अप्लाई कर सकते हैं।

# प्राथमिकता से लोगो की समस्याओं का करें समाधान सुनिश्चित- डा. ब्रह्मजीत

**अविलम्ब**

**प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब समाधान करवाना सुनिश्चित करें**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि समाधान शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। संबंधित अधिकारी समाधान शिविर में पहुंचने वाली प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब समाधान करवाना सुनिश्चित करें। एडीसी उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे।
अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए शिकायतकताओं की समस्याओं को सुना और साथ ही प्रार्थियों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को मार्क जल्द निपटाने के निर्देश दिए। इस दौरान शिविर मे कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया और शेष शिकायतों को संबंधित को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए।
उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित व उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में समाधान शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजें से 12 बजें तक आयोजित किए जाते है। इन समाधान शिविरों मे विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रह कर लोगो की समस्याओं का समाधान करवाते है।
उन्होंने आमजन से अपील की कि समाधान शिविरों मे अपनी समस्याओं को रखें और उनका समाधान करवाकर इन शिविरों का लाभ उठाएं।
इस मौके पर नगराधीश अभिषेक गर्ग, एसीयूटी राहुल कनवरिया, डीएसपी विजय कुमार, जिला कष्ट निवारण समिति के गैर-सरकारी सदस्य साहब सिंह, जिला सिविल अस्पताल की डिप्टी सिविल सर्जन डा. बलजिन्द्र कौर, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ कर्ण सिंह, नगर निगम से शेरसिंह के साथ-साथ अन्य मौजूद रहें।

# जिला न्यायालय में जेल में बने सामान की लगाई गई प्रदर्शनी: सीजेएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निदेर्शानुसार कंचन माही, जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला ने जिला न्यायालय में जेल फैक्ट्री में बने सामान की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी बेकरी आइटम्स जैसे बिस्किट, ब्रैड तथा फर्नीचर



सम्बधिंत समान जैसे की कुर्सी टेबल और भी घर में काम आने वाला सामान रखा। इस कार्यक्रम में जिला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण और जिला न्यायालय के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मानपाल रामावत तथा अन्य न्यायाधीशों ने शिरकत की सचिव प्रवीण ने बताया की, ये सारा सामान जेल में बंद कैदियों के द्वारा बनाया जाता है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य ये है की कैदियों की कलाकारी को दिखाना है। उन्होंने बताया की जेल में बंद ऐसे कारीगर कैदियों से उनके हुनर के हिसाब से काम करवाया जाता है ताकि उनका मनोबल बना रहे इस प्रदर्शनी में कोर्ट स्टाफ अधिवक्ताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और सबने कुछ न कुछ खरीददारी की।

**प्रदर्शनी**

**ब्रैड तथा फर्नीचर सम्बधिंत समान जैसे की कुर्सी टेबल और भी घर में काम आने वाला सामान रखा।**

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के नए शिखर को छू रहा है : बबिता त्रिभुवन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत(संजीव कौशिक)।** सोनीपत नगर निगम के वार्ड 4 के पार्षद व भारतीय जनता पार्टी की नेता बबिता त्रिभुवन कौशिक ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 11 वर्षों में देश के हर वर्ग के हित में काम करके अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का 11 वर्ष का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा, क्योंकि यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प सिद्धि का स्वर्णिम काल बन गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत पीएम मोदी के नेतृत्व



में विकास के नए शिखर को छू रहा है। पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक ने कहा कि इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जहां तरक्की की वहीं गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है। शासन अब सेवा है, सरकार अब सहभागी है और सुशासन अब संस्कृति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 वर्षों के दौरान केवल अपनी या पार्टी की नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के हितों की बात की है।

## गांजा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस ने नशा तस्करों पर प्रहार करते हुए अलग-अलग मामलों में गांजा बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल दो किलो 760 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि क्राइम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने मौहम्मद साहिल निवासी गांव चरिया जिला अररिया बिहार हाल नेहरू कालोनी थाना डबुआ को 2.220 किलो ग्राम गांजा सहित फतेहपुर चंदीला से और क्राइम ब्रांच उंचा गॉव की टीम ने राहुल निवासी बसेलवा कालोनी ओल्ड फरीदाबाद को 540 ग्राम गांजा सहित सब्जी मण्डी खेडीपुल से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायलय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# सेंट्रल जेल अम्बाला में किया नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निदेर्शानुसार सुश्री कंचन माही जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला द्वारा सेंट्रल जेल अम्बाला में कैदियों के अधिकार के लिए अभियान चलाया गया है तथा जेल में बंद कैदियों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाए जा रहे हैं। जिसमें कैदियों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। अम्बाला जेल में कल्ला धारा मंच की टीम ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिससे जेल में बंद



कैदियों को नाटक के माध्यम से उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, जिसमे कैदियों ने बढ़चढ़ उत्साह दिखाया।
इस कार्यक्रम में जेल अधिकारी भी मौजूद रहे कैदियों ने बताया की इस नुक्कड़ नाटक से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है सेंट्रल जेल अम्बाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की और से हर दिन अधिवक्ताओं को भेजा जाता है ताकि हर कैदी को कानूनी सहायता मिल सके। इसके साथ ही हर माह दो बार जेल लोक अदालत का भी आयोजन किया जाता है जिसमे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा छोटे छोटे केसों का निपटारा किया जाता है इसके साथ ही हर माह जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भी जेल का निरीक्षण किया जाता है और ये भी निश्चित किया जाता है, कि किसी भी कैदी को कोई भी किसी प्रकार की समस्या न हो।

**अभियान**

**कैदियों के अधिकार के लिए अभियान चलाया गया, कैदियों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाए जा रहे**

# कृषि वैज्ञानिकों ने 13 हजार 500 किसानों को दिया उन्नत कृषि का मूल मंत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** भारत सरकार तथा आईसीएआर की पहल से संचालित अत्यंत महत्वकांक्षी व राष्ट्रीय स्तर का विशाल जागरूकता अभियान कृषि विज्ञान केंद्र उझा के प्रभारी डॉ. सतपाल सिंह ने बताया कि यह अभियान अभी तक जिले के कुल 95 गावों के किसानों को जागरूक किया गया। इस अभियान में किसान बढ़ चढकर भाग ले रहे है ० विभिन्न गावों के लगभग 13 हजार 500 किसानों ने भाग लेकर कृषि सबंधित नवीनतम जानकारी ली है। इस कर्यक्रम में कृषि विज्ञानं केंद्र, आईसीए (दिल्ली) की विभिन्न प्रकोष्ट, कृषि विभाग, इफको, मछली पालन, पशुपालन, बागवानी



सहित अन्य विभागों के ब्लॉक तथा जिला स्तर के वैज्ञानिक ० विशेषज्ञ शामिल हो रहे है ० अपने विभाग से सम्बंधित सरकारी योजनाओं ० वैज्ञानिक विधि से कृषि के तरीके किसानों तक पंहुचा रहे है। इस अभियान में वैज्ञानिकों ने किसानों को कृषि में उपयुक्त होने वाली विभिन्न नवीनतम उपकरणों जैसे ड्रोन तकनीक ० आर्टिफिशिल इंटेलीजेन्स युक्त विभिन्न मोबाइल फोन ?प्लिकेशन्स के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने किसानों को नवीनतम कृषि ऐप्स के ज्ञान से भी समृद्ध किया। वैज्ञानिकों ने ड्रोन दीदी के बारे में भी चर्चा की व बताया की ड्रोन तकनीक का उपयोग फसलों की निगरानी करने, उर्वरकों का छिडकाव करने और यहां तक कि बीमारियों का शीघ्र पता लगाने के लिए किया जाता है जिस से समय की बचत होती है और शारीरिक श्रम कम होता है। ड्रोन के साथ-साथ विषेशज्ञों ने मिट्टी की गुणवत्ता का विश्लेषण करने, मिट्टी और पानी के नमूने लेने की तकनीक, मौसम का पूवार्नुमान करने के फायदे, सही तरीके से धान की नर्सरी तैयार करने की विधि जिस से पौधों में अछि वृद्धि हो सके, धान में उर्वरकों और रसायनों का उपयोग आदि के बारे में बता रहे है। वैज्ञानिकों ने भू जल के स्तर को बचने के लिए धान की सीधी बिजाई ० सरकार द्वारा दी जारी अनुदान राशि के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। कृषि विभाग के विशेषज्ञों ने मेरी फसल मेरा ब्योरा, मेरा पानी मेरी विरासत आदि के पंजीकरण के महत्व के बारे में बताया। बागवानी, प्राकृतिक खेती, मत्स्य पालन और पशुपालन पर विभिन्न सब्सिडी और योजनाओं पर भी चर्चा की गई। केवीके के वैज्ञानिकों ने फसल विविधीकरण और वैकल्पिक फसलों के रूप में सब्जियों को अपनाने पर जोर दिया।

**अभियान**

**विकसित कृषि संकल्प अभियान जिले में 29 मई से कृषि विज्ञानं केंद्र, उझा व अन्य विभागों के सहयोग से सफतापूर्वक आयोजन कर रहा है।**

# विश्व में मोदी का डंका बज रहा है और कांग्रेस की बैंड बज रही है: पार्षद सुरेंद्र

**सोनीपत ( संजीव कौशिक)** **सोनीपत** नगर निगम के वार्ड 3 के पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल ह्लविकसित भारतह्व और ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व के ह्लसंकल्प की सिद्धिह्व का स्वर्णिम काल बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए पार्षद सुरेंदर मदान ने कहा कि कुर्सी वही है, सिर्फ व्यक्ति बदला है जिसने देश को बदला है। विश्व में पीएम मोदी के नाम का डंका बज रहा है और कांग्रेस की बैंड बज रही है। पार्षद सुरेंदर मदान ने मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां गिनवाई



वहीं कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास पांच साल का नहीं, बल्कि पचास साल का विजन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों में देश भक्ति की भावना को जगाया है। पीएम मोदी ने इन 11 वर्षों में परिश्रम से परिकाष्ठा का मिसाल दी है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा सरकार है, वहां गरीब का कल्याण है। बातें हो रही हैं। कांग्रेस की सरकार में सरकारी योजनाओं के पैसे लोगों तक नहीं पहुँचते थे, बिचौलिये खा जाते थे, लेकिन अब पैसा सीधे जनता के अकाउंट में पहुँच रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना से गरीबों का मुफ्त इलाज हो रहा है।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चिरायु-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के दायरे का विस्तार कर किया है। भाजपा सरकार ने वृद्धावस्था सम्मान भत्ता तीन गुना बढ़ाकर 2024 में 3,000 रुपये प्रति माह कर दिया।

# निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/(धर्मबीर)**
यमुनानगर के जगाधरी शहर में अतिक्रमण ने आमजन का जीना मुहाल किया हुआ है। नगर निगम द्वारा वीरवार को जगाधरी के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सफाई निरीक्षक अमित कांबोज की टीम ने दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखा सामान उठाकर दुकानों के अंदर रखवाया और उन्हें सड़क पर अतिक्रमण न करने के बारे में चेतावनी दी। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी कि इस बार सामान दुकानों के अंदर रखवाया जा रहा है। अगली बार यदि सड़क पर सामान रखा तो उसे निगम के वाहन में लोड कर जब्त किया जाएगा। साथ ही अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का चालान किया जाएगा।

**जगाधरी शहर की इन जगह पर हुई करवाई**
जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह, जोन दो में सीएसआई विनोद बेनीवाल व जोन तीन में सीएसआई अनिल नैन के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ दस्ते बनाए गए हैं। वीरवार को जोन एक में सफाई निरीक्षक अमित कांबोज, सफाई निरीक्षक पंकज, सहायक सफाई निरीक्षक सचिन कांबोज व होमगार्ड के जवानों की टीम ने जगाधरी के पत्थरों वाला बाजार, खेड़ा बाजार, पंसारी बाजार, चौक बाजार, शर्मा टेंट हाउस तक अतिक्रमण हटाओ व जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान निगम की टीम दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखा सामान उठाकर अंदर रखवाया। निगम की टीम को देख दुकानदारों ने स्वयं अपना सामान समेटना शुरू कर दिया। कुछ दुकानदारों ने सड़क तक सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ था।

**अतिक्रमण से आमजन को होती है भारी परेशानी**
सड़कों पर अतिक्रमण करने से मार्ग संकरे हो जाते हैं। जिससे सड़कों पर जाम की स्थिति बनती है। कुछ दुकानदार आधी सड़क तक सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ था। ऐसा करने से सड़क पर जाम लग जाता है और आमजन को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए आमजन को होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए कोई भी दुकानदार सड़कों पर अतिक्रमण नहीं करना चाहिए।

# रजिस्ट्री पर नम्बरदारी की तजदीक न करने पर नम्बरदार को जान से मारने की धमकी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रजिस्ट्री पर नम्बरदारी की तजदीक न करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में नम्बरदार ने पुलिस को शिकायत दी है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हुआ था। पुलिस को दी शिकायत में नम्बरदार हरीश त्यागी ने बताया कि 12 जून को तहसील परिसर में था। गांव गढ़ी केसरी के रकबे में बिना एनओसी के गांव का ही युवक रजिस्ट्री पर नम्बरदारी की तसदीक करने के कहने लगा तो जिस पर मैने नगरपालिका के अन्दर स्थित जमीन होने व एनओसी के लिए पूछा तो उन्होंने कहा कि हमारी रजिस्ट्री ऐसे ही आएगी। आरोप है कि उसके बाद तजदीक के लिए मैने मना कर दिया। जिस पर उन्होंने एतराज जताया। उसके बाद रजिस्ट्री पर बेचने वालो के हिस्सेदार, रिश्तेदार ने नायब तहसीलदार को शिकायत दी कि उनकी रजिस्ट्री बाबत जमीन की सच्चाई जानी जाई। उसके बाद नायब तहसीलदार ने मुझे मौके पर बुलाया और वहां से निकलते समय तहसीलदार के कमरे के सामने गैलरी में गांव के ही युवक ने मुझे नम्बरदारी करने व जान से मारने की धमकी दी, धमकी देने की सीसीटीवी फूटेज तहसील के अन्दर कैमरे में मौजूद है। शिकायत में बताया कि जिस समय उन्हें धमकी दी उसी समय मौके पर मुकेश, रविन्द्र, श्रीकांत, प्रवीन भी मेरे पास में ही थे। पुलिस को शिकायत देते हुए नम्बरदार ने जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्जकर कार्रवाई की मांग की।

प्लाटों की रजिस्ट्री रूकवाने के लिए तहसीलदार को रजिस्ट्री न करने की शिकायत दी

- गढ़ी केसरी गांव की ही मंजू, मनोज ने तहसीलदार को शिकायत दी है कि गढ़ी केसरी में किले नम्बर 276 में बतौर हिस्सेदार है। उनकी दादालाई जमीन है। उक्त जमीन नगरपालिका में है। जिसकी रजिस्ट्री के लिए एनओसी जरूरी है। उपरोक्त जमीन में काफी मकान व प्लाटों की नींव भरी हुई है।

## न्यूज फ्लैश

### 14 जून तक भीषण हीट वेव को लेकर उपायुक्त ने जारी की एडवाइजरी

**सोनीपत, (संजीव कौशिक)/ टीम एक्शन इंडिया**
लगातार बढती जा रही गर्मी व भीषण हीट वेव (लू) से बचाव के लिए उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने एडवाइजरी जारी कर व विभागों को आमजन को भीषण हीट वेव व गर्मी की चपेट मे आने से बचाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।
उपायुक्त ने जानकारी दी की बढती गर्मी के मौसम में गर्म हवाओं और बढे हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम ले से बचे रहे और जारी की गई एडवाइजरी का पालन करें।
**हीट वेव से बचने के लिए क्या करें-**
* दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें।
* अधिक मात्रा में पानी पिए व शरीर को हाइड्रेट रखें।
* हल्के रंग के, ढीले सूती वस्त्र पहनें।
* धूप मे निकलते समय छाता, टोपी या गमछे का उपयोग करें।
* छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों को दिन के समय घर के अंदर ही रखें।

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए की सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लू से ग्रस्त रोगियों के उपचार हेतु तैयारी पूरी हो। ओआरएस, आईवी फलूइड एवं कूलिंग उपकरणों की उपलब्धता पूरी हों। आशा वर्कर एवं एएनएम के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलांए विभाग ।
उन्होंने पीडब्लयूडी विभाग व अन्य इंजीनियरिंग विभागों को निर्देश दिए की नगर क्षेत्रों मे सडकों पर पानी के छिडकाव की व्यवस्था करें। जल की कमी वाले क्षेत्रों में टैंकर से पानी उपलब्ध कराएं। सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल स्टॉल की व्यवस्था की जाए।

### सीवर जाम के कारण दुकान में भर जाता है गंदा पानी, शिकायत के बाद भी नही हो रहा समाधान

**गन्नौर।** गुमड़ रोड फ्लाई ओवर के नीचे सर्विस लाईन पर सीवर जाम होने के कारण दुकान में गंदा पानी भरने की दुकानदार ने नगरपालिका सचिव को शिकायत दी। शिकायत में दुकानदार कृष्ण ने बताया कि गुमड़ रोड़ पर फ्लाई ओवर के नीचे सर्विस लाईन पर उनकी दुकान है। पिछल्ले कई दिनों से उनकी दुकान के आगे बना सीवर लाईन का ढक्कन टूटकर उसके अन्दर गिरने से सीवर जाम हो गया है। जिस कारण गंदा पानी उनकी दुकान में भर जाता है। उन्होंने बताया कि गंदा पानी भरने के कारण वे बेहद परेशान है। दुकानदार कृष्ण का कहना कि इससे उनकी पूरा दिन दुकानदारी प्रभावित हो रही है लेकिन नगरपालिका व जनस्वास्थय विभाग कोई ध्यान नही दे रहे। दुकानदार ने प्रशासन से मांग की है कि दोनो विभागों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी समस्या का समाधान करवाया जाए।
**शिकायत के बाद जनस्वास्थय विभाग ने नगरपालिका के सीवर लाईन बता नही किया समाधान-** दुकानदार कृष्ण ने बताया कि 30 मई को उन्होंने जनस्वास्थय विभाग को आनलाईन शिकायत देकर सीवर लाईन को खोलने की शिकायत दी थी। शिकायत के बाद आनलाईन समाधान के लिए जनस्वास्थय विभाग के जेई बंसत को व एसडीई धर्मबीर अतिरिक्त कार्यभार को जिम्मेदारी दी गई। लेकिन उसके बाद भी कोई समाधान नही हुआ और शिकायत में बताया गया कि यह सीवर लाईन नगरपालिका की है।
**सीवर लाईन हमारी नही नगरपालिका की : जेई बंसत**
जनस्वास्थय विभाग के जेई बंसत ने बताया कि उनके पास दुकानदार कृष्ण की शिकायत आई थी। उन्होंने दुकानदार को बता दिया था कि यह सीवर लाईन बरसाती पानी की निकासी के लिए है और यह नगरपालिका की है। अब दुकानदार का समाधान नगरपालिका करेगी।

### बेगा रोड व जीटी रोड पर अवैध कालोनियों पर टाउन प्लानिंग विभाग ने थमाए नोटिस

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
जिला नगर योजनाकार विभाग ने बेगा रोड व जीटी रोड पर अवैध तरीके से काटी जा रही कालोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। विभाग ने अवैध कालोनी विकसित कर रहे कालोनाइजरों को नोटिस जारी किए हैं। बेगा रोड पर करीब 17 एकड़ भूमि पर काटी जा रही एक बड़ी कालोनी के मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, उक्त कालोनी पर कुछ दिन पहले भी विभाग ने कार्रवाई की थी, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया था। विभाग की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए कालोनाइजरों ने दोबारा प्लाट काटने व निर्माण गतिविधियां शुरू कर दी थीं। प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवाया और संबंधित कालोनाइजर के खिलाफ पुलिस में शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया।

# समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त

**समाधान शिविर**

▶▶ उपायुक्त शांतनु शर्मा ने वीरवार को समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनीं



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आई आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने वीरवार को समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जिला में आयोजित इन शिविरों में कुल 30 शिकायतें दर्ज की गईं।
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ तय समय में हल करें, ताकि लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने जोर दिया कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का स्थायी और समयबद्ध समाधान हो, जिससे वे सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। उन्होंने अधिकारियों से समाधान शिविरों और सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निपटारा करने और किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।
उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा हैं। शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है। उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि आमजन की शिकायतों का त्वरित निदान हो सके।

# 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः चौधरी देवी लाल विवि, सिरसा में भव्य समारोह 14 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)** आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग और हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में, 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा में 14 जून, 2025 को बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस गरिमामय अवसर पर चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, प्रोफेसर विजय कुमार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन योग के सार्वभौमिक संदेश को फैलाने और सभी के लिए स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। योग सत्र में बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों, विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों के भाग लेने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर अशोक शर्मा, रजिस्ट्रार; प्रोफेसर राजकुमार, डीन छात्र कल्याण; और डॉ. सुभाष चंद्र, सीईओ जिला परिषद भी शिरकत करेंगे।
इनकी उपस्थिति से यह आयोजन और भी गौरवपूर्ण होगा।
कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6 बजे विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय हॉल में दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होगा। मुख्य अतिथि प्रोफेसर विजय कुमार अपने संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालेंगे और सभी को नियमित रूप से योग का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करेंगे।

# पुराने तहसील भवन का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** एसडीएम प्रवेश कादियान ने वीरवार को पुराने तहसील भवन का निरक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुराने तहसील कार्यालय में पटवार खानों की जांच की। जांच के दौरान पटवारखानों में किसी तरह का बाहरी हस्तक्षेप नहीं मिला।
इस दौरान दो पटवारी नदारद मिले जिन्हें एसडीएम ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसके बाद एसडीएम ने परिसर में खोखे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिन खोखों के बाहर सरकारी फीस के बोर्ड नहीं लगाए गए उन्हें जरूरी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी खोखों के बाहर सरकारी फीस लगाई के बोर्ड लगाए जाएं, यदि ऐसा नहीं किया गया तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य ने किया गन्नौर थाना व सीएचसी का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**
हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने बृहस्पतिवार को गन्नौर थाना का दौरा किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी जसपाल सिंह को निर्देश दिए गए की एक सप्ताह के अंदर थाने में चाइल्ड फ्रेंडली कक्ष बनवाया जाए तथा बच्चों से संबंधित मामलों को जिला बाल संरक्षण कार्यालय व बाल कल्याण समिति को तुरंत रिपोर्ट किया जाए। इसके अतिरिक्त बाल विवाह से संबंधित केस को बाल विवाह निषेध अधिकारी को भेजना सुनिश्चित किया जाए। जिसके पश्चात थाना प्रभारी के द्वारा आश्वासन दिया गया कि वे एक सप्ताह के अंदर चाइल्ड फ्रेंडली कक्षा बनवा कर रिपोर्ट भेजेंगे। इसके बाद आयोग के द्वारा सीएचसी गन्नौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल के प्रसुती विभाग में लगा एसी खराब था तथा कूलर की भी व्यवस्था नहीं थी।
अस्पताल के रिसेप्शन पर कर्मचारी उपस्थित नहीं था। जिस पर आयोग ने एसएमओ को निर्देश दिए कि संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।

# राई बीडीपीओं कार्यालय में टी शर्ट, जींस पैंट पर रोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राईः** अब खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय राई में सरकारी कर्मचारी और अधिकारी टी शर्ट और जींस पैंट पहने नजर नहीं आएंगे। सभी को फॉर्मल कपड़ों में ऑफिस आना होगा। ऐसा आदेश खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (एचसीएच)सुरेन्द्र आर्य ने जारी किया है। जारी पत्र में कर्मचारियों को सख्त आदेश दिए है कि आदेश का पालन न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश शुक्रवार से लागू हो जाएगा। कर्मचारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे फॉर्मल कपड़ों में ही ऑफिस आए।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**शिविर**

▶▶ नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने भागीदारी कर योग को जीवन का अंग बनाने का संकल्प लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।**
ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा एसडीएम अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में स्थानीय हुडा ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 14 जून तक चलेगा। शिविर में नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी कर योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।एसडीएम अनिल कुमार यादव ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है और यह आत्म-संतुलन, मानसिक शांति और शारीरिक स्फूर्ति का माध्यम है। शिविर में योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन और कार्यक्षमता में वृद्धि के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के तहत सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, भ्रामरी, अनुलोम विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन आदि योगाभ्यासों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन योग सहायक सुनील देवी के द्वारा किया गया तथा सुंदर सिंह एवं मनोज के द्वारा योग प्रोटोकॉल का उत्कृष्ट डेमो प्रस्तुत किया गया।
नोडल अधिकारी डॉ. सुमन कुमारी ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नशामुक्ति के लिए जागरूक किया एवं कैंसर, हाइपरटेंशन, थायराइड व शरीर से विषाक्त तत्वों को निकालने के लिए आयुर्वेदिक उपचारों की जानकारी दी। साथ ही प्रकृति के संरक्षण के लिए सभी को प्रेरित भी किया।
इस अवसर पर डॉ. नवीन, डॉ. इंदु अग्रवाल, डॉ. हेमंत, डॉ. अर्चना, डॉ. पुष्पा, फार्मासिस्ट अनिल कुमार व अनुराधा, योग सहायक सुनील कुमारी, मनोज शर्मा, संजय सिवाच, रिसाल शर्मा व श्याम सहित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपित पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जो को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिनके तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने थाना सदर महेंद्रगढ़ क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित सौरभ वासी निंदाना थाना महम रोहतक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल बरामद किया है। आरोपित को आज न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम गस्त के दौरान बस अड्डा पाली पर मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि सौरभ वासी निंदाना थाना महम अपने पास अवैध हथियार लिए हुए किसी के इंतजार में बस अड्डा जाट पर बैठा है। अगर तुरंत रैड की जाए तो अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है। सूचना के आधार पर टीम ने बतलाए हुए स्थान पर पहुंचकर देखा तो एक नौजवान लड्का बस अड्डा जाट पर बैठा दिखाई दिया, जिसको काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सौरभ वासी निंदाना थाना महम जिला रोहतक बतलाया।

# सिरसा पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स ने रोड़ी थाना क्षेत्र में किया रूट मार्च



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा..**
**(रणबीर खटक)...** बवाना नई दिल्ली से आई रैपिड एक्शन फोर्स की 194 बटालिय के कमांडेंट किशोर कुमार के दिशा निदेर्शानुसार व सहायक कमांडेंट विजय सिंह के नेतृत्व में सिरसा पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स ने आज रोड़ी थाना क्षेत्र में संयुक्त रूप से गांवों व कस्बों में रूट मार्च कर वहां की भौगोलिक परिस्थितियों का जायजा लिया । इस संबंध में जानकारी देते हुए रोड़ी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जनक राज ने बताया कि लगातार चले इस संयुक्त ऑपरेशन में सिरसा पुलिस तथा रैपिड एक्शन फोर्स के सभी जवान आधुनिक हथियारों से लैस थे । रैपिड एक्शन फोर्स दंगा नियंत्रण के लिए सबसे विश्वसनीय फोर्स मानी जाती है,जो बिना समय गंवाए,कम से कम वक्त में संकट की स्थिति उत्पन्न होने पर घटना स्थल पर पहुंच जाती है । साथ ही सामान्य जनता के बीच पहुंचने पर उन्हें सुरक्षित करती है,और उनमें विश्वास पैदा करती है कि उनकी सुरक्षा के लिए कोई है । जिले भर के प्रमुख धार्मिक स्थलों, साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील शहरों कस्बों में रुट मार्च कर यहां की भौगोलिक,सामाजिक एवं अन्य जानकारी लेकर सर्वे कर रही है । जैसा कि अनाधिकृत आंदोलन के साथ धार्मिक,साम्प्रदायिक,जातिगत अथवा विभिन्न प्रकार की अफवाहों को लेकर भारी संख्या में आमजन का आपसी टकराव दंगे का रूप ले लेती है । ऐसी स्थिति में सिरसा पुलिस प्रशासन हर चुनौती का सामना करते हुए विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपने सिपाहियों और अधिकारियों को,कुछ विशेष प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित कर अभ्यास करवाती रही है । जिसमें क्षेत्र के अनुसार दंगों की स्थिति व नियंत्रण के लिए कारगर उपाय का अभ्यास शामिल होता है ।
आरएएफ की टीम ने आज विभिन्न रोड़ी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पंहुचकर स्थानीय पुलिस के साथ पैदल रुट मार्च कर यहां की भौगोलिक स्थिति से परिचित हो रही है । अभ्यास के दौरान पुलिस बल ने विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए एक-दूसरे जवान से तालमेल रखते हुए अपना शौर्य प्रदर्शित किया । इस अभ्यास के दौरान रोड़ी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जनक राज ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स के सहायक कमांडेंट सहित आरएएफ की टीम व रोड़ी थाना के सभी पुलिस चौकी प्रभारियों के अतिरिक्त सभी पुलिस जवानों ने हिस्सा लिया । अभ्यास संपन्न होने के पश्चात रोड़ी थाना प्रभारी जनक राज ने सभी जवानों के साहसिक अभ्यास को प्रोत्साहित करते हुए प्रेरणात्मक संदेश दिया । उन्होंने बताया कि फोर्स ने परिचित अभ्यास के दौरान इलाके कि जनसंख्या साक्षर, निरक्षर, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील इलाकों और उपद्रवियों की सूची तैयारी की गई ।

# गेल गैस के अधिकारियों को दी गई चेतावनी



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
गेल गैस के अधिकारियों को चेतावनी दी गई की गैस पाईप लाईन बिछाने या कनेक्शन करने के बाद सड़क को ठीक नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी और परमिशन लिए बगैर लाईन बिछाना गैरकानूनी है।
निगम कार्यालय में गेल गैस अधिकारियों के साथ बैठक में नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि पार्षदों ने एक स्वर से शिकायत की थी कि गैस कंपनी वाले गड्ढा खोदने के बाद मरम्मत करना तो दूर की बात मलबा भी वहीं छोड़ देते हैं। नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों की भी टीम बनाई जाएगी जो कि खोदे गए सड़क के टुकड़ों की मरम्मत हो रही है या नहीं इस का निरीक्षण करेगी। बैठक में संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ भी मौजूद रही।
गेल गैस कंपनी के एरिया प्रबंधक अभिषेक वशिष्ठ ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह की शिकायत नहीं मिलेगी और अपने कर्मचारियों को भी सख्त हिदायत देंगे। उन्होंने बताया कि निगम क्षेत्र की शहरी इलाके में 95% गलियों में पाईप लाईन बिछाने का काम पूरा हो चुका है और अब गांव में भी गैस लाईन बिछाई जाएगी।
उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में लिबासपुर, जाट जोशी, देवड़ू, शाहपुर, रेवली, जगदीशपुर, श्यामाबाद, लिवान, राई, जटवाड़ा, लहराडा, कालूपूर, अहमदपुर सहित 37 गांव में काम शुरू किया जायेगा जिससे लगभग 15000 से ज्यादा उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

# टूटी-फूटी सड़कों से थमी यातायात की गति, बढ़ी दुर्घटनाओं की संभावना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बुराड़ी** विधानसभा क्षेत्र की टूटी-फूटी सड़कों के चलते राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, तो वहीं क्षेत्र में कुछ दिनों पूर्व हुई चंद बारिश की बूंदों ने कई सड़कों की सूरत बिगाड़ कर रख दी है।

लेकिन बुराड़ी की इन टूटी-फूटी सड़कों को दुरुस्त करने को लेकर जिम्मेदार विभाग और विधायक द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सड़क मार्ग की हुई बदहाली के कारण राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होती जबकि इसकी शिकायत कई बार सरकारी अम्लों से की जा चुकी है लेकिन इसकी सुध लेने अभी





तक कोई अधिकारी नहीं आया। तो वहीं, तेज रफ्तार से दौड़ते बाइक सवारों के लिए हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

**क्षतिग्रस्त सड़कें दे रही है हादसे को न्यौता:** सड़क मार्ग की हुई बदहाली के कारण राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ रहा है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है। तेज रफ्तार से दौड़ते बाइक सवारों के लिए हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। तो वहीं इसकी शिकायत कई बार स्थानीय लोग क्षेत्रीय विधायक संजीव झा से कर चुके है, लेकिन विधायक साहब इसकी सुध लेने कभी नहीं गए। तोमर कॉलोनी में रहने वाले व **प्रधान डा. देवेंद्र चौधरी** ने कहा कि बदहाल सड़कों पर सफर करना बेहद मुश्किल हो गया है। सड़कों की सूरत बिगड़ गई है। बुराड़ी मोड से लेकर इब्राहिम पुर तक सड़कों में जगह-जगह बडे-बडे गड्ढे हो गए है जो कि किसी बड़े खतरे को न्यौता दे रहें है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बुराड़ी में100 फूटा पर रेहड़ी-पटरी वालों के द्वारा अवैध कब्जे ने भी लोगों के आवागमन में खलल डाल रखा है।

मुकुंदपुर वार्ड में रहने वाले व पूर्व निगम प्रत्याशी **श्याम सिसोदिया** ने कहा कि बुराड़ी चौक से लेकर इब्राहिम पुर तक की सड़के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसके चलते रोजाना बुराड़ी 100 फूटा पर घंटो तक गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारे लगी रहती है, तो वहीं कुछ दिन पूर्व बुराड़ी 100 फुटा की सड़कों को जैसे-तैसे बनवाया गया था लेकिन पुनः उन सड़कों को तोडकर निर्माण कार्य किया जाने लगा।

उन्होंने कहा कि जब वहां निर्माण कार्य करना ही था तो निर्माण कार्य ही करते पहले सड़क किस लिए बनवाई गई थी, जनता की गाढ़ी कमाई बर्बाद करने के लिए या फिर जनता को बेवकूफ बनाकर पैसे ऐंठने के लिए।



सावन पार्क क्षेत्र के शिव शक्ति मंदिर में आयोजित मंदिर के वार्षिकोत्सव के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज व अन्य।

# मोदी के 11 साल पूरे होने पर किया गया स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भाजपा की** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र में भाजपाइयों द्वारा मुफ्त चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया।

चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असड़ी ने बताया कि शिविर का आयोजन ठाकुर द्वारा में किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता अरविंद गर्ग और चांदनी चौक विधान सभा प्रत्याशी सतीश जैन, चांदनी चौक मंडल अध्यक्ष रोहित शर्मा, सिविल लाइन मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी कनौजिया, आशा वर्मा मौजूद रहें। इस मौके पर असड़ी ने





बताया कि इस कैंप का लाभ क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने उठाया। इस मौके पर अरविंद गर्ग ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 वर्ष के अंदर देश के अंदर कई काम किए और भारत का नाम विश्व के अंदर ऊंचाईयों पर पहुंचाया और भाजपा कि दिल्ली सरकार के सौ दिनों के कार्यकाल में दिल्ली वालों के लिए कई काम किए है, जैसे कि आयुष्मान योजना का लाभ और दिल्ली सरकार द्वारा 70 साल के ऊपर के व्यक्ति को 10 लाख तक का बीमा फ्री, मोदी की सोच ही कर सकती है। इस दौरान अतिथियों का स्वागत करते हुए हरीश असडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों के बारे में बताया। शिविर के आयोजन के दौरान लगभग 500 लोगों को मुफ्त में कान की मशीनों और आंखों के चश्मे दिए गए। उन्होंने कहा कि इस कार्य का सारा श्रेय क्षेत्रीय सांसद प्रवीण खंडेलवाल को जाता है।

# बुराड़ीः दो साल पूर्व बना पिंक टॉयलेट पर आज भी लटका है ताला

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**

**नई दिल्ली: स्वच्छ** भारत अभियान के तहत बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले झड़ौदा वार्ड नंबर-10 में 2 साल पूर्व महिलाओं की सुविधाओं को देखते हुए लाखों रूपए की रकम से पिंक टॉयलेट बनाया गया था, जोकि स्थानीय निगम पार्षद गगन चौधरी की लापरवाही के चलते आज तक ताला लटका हुआ है।

राहगीरों का कहना है कि पिंक टायलेट बूथ में ताला लगा होने से यहां महिलाओं को वापस लौटना पड़ता है।

**रख-रखाव के अभाव में लाखों रूपए हुए स्वाहा:** स्वच्छ भारत मिशन के तहत करीब दो वर्ष पहले नगर निगम ने झड़ौदा वार्ड स्थित



डा. साहिब वर्मा पोली क्लीनिक के और बुराड़ी थाने के सामने महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पिंक शौचालय का निर्माण कराया था। जिस पर अनुमानित लाखों रूपए खर्च किए गए थे जो कि काफी लंबे समय से रख-रखाव के अभाव के चलते शो पीस बनकर रहा गया।

**लटका रहता है ताला, महिलाओं को लौटना पड़ता है बेरंग:** पोलीक्लीनिक में आई हुई महिला मरीजों और बुराड़ी थाने में आने वाली महिलाओं व आस-पास में कामगार महिलाओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस टॉयलेट का निर्माण करवाया गया था लेकिन 2 साल बीत जाने के बाद भी आज तक उपयोग में नहीं लाया गया है। शौचालय पर ताला लटक रहा है। जिससे महिलाओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।



**रेखा सिन्हा, पूर्व निगम पार्षद:** झड़ौदा वार्ड की पूर्व निगम पार्षद रेखा सिन्हा ने बताया कि महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 2022 में मेरे द्वारा पिंक टॉयलेट बनवाया गया था, जो कि पूरी तरह से तैयार भी कर दिया गया था, लेकिन आचार संहिता के कारणवश उसका उद्घाटन नहीं कर पाई थी और उसके बाद क्षेत्र के पार्षद आम आदमी पार्टी से गगन चौधरी चुने गए जिन्होंने इस पिंक टॉयलेट को चालू ही नहीं किया।



**गुलाब सिंह राठौर, चेयरमैन सिविल लाइन जोन:** मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, लेकिन मैं इस मामले में दस दिन के भीतर ही कार्यवाही करके इस पिंक टॉयलेट को जल्द से जल्द चालू करवाने का पूरा प्रयास करूंगा। 2 साल से बंद पड़े इस टॉयलेट को कभी का चालू कर देना चाहिए था, लेकिन स्थानीय निगम पार्षद ने कभी ध्यान ही नहीं दिया।

# नरेलाः जागरूक समाज से ही होगा संपूर्ण विकासः सागर यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय सचिव सागर यादव ने कहा कि जागरूक समाज से ही हम जल्द विकास की ओर अग्रसर हो सकते है। इसलिए मेरी यादव समाज के लोगों से अपील है कि अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये। जिससे की बच्चे पढ़-लिख कर देश और समाज का नाम रोशन करें।

उन्होने एक अन्य सवाल के जवाब में बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए और



दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा अपना रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी रक्तदान अवश्य ही करें।

# यदुवंशी महासभा दिल्ली में चलायेगी जन जागरूकता अभियानः मनीष यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा** के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव ने कहा कि दिल्ली में महासभा के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जायेगा और अधिक से अधिक बैठक कर समाज के लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि महासभा के द्वारा वैसे तो लगभग पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है, हर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में बैठके कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा देश के



कई इलाको में अहीर रेजीमेंट जागरूकता रैली का भी आयोजन कर चुकी है। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि जागरूक और शिक्षित बनों, तभी विकास होगा। हम सभी को जागरूक होना होगा और समाज के लोगों की अधिक से अधिक मदद करनी होगी, जिससे की समाज के लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री यादव ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि सेवा हमेशा ही निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए।

# पंडित राम प्रसाद बिस्मिल जी की 128वीं जयंती मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में स्थित श्री गोवर्धन विद्या निकेतन विद्यालय में पंडित राम प्रसाद बिस्मिल जी की 128वीं जयंती दीप प्रज्वलित कर मनाई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विष्णु दत्त शर्मा, विशिष्ट अतिथि योगेश कौशिक जोशीला टाइम्स, ज्योतिषाचार्य पवन कुमार और गणमान्य साथियों ने अपनी भावांजलि प्रकट कर महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल को श्रद्धांजलि दी।

आज के ही दिन यानि 11 जून 1897 में उत्तर प्रदेश के शाहजहां पुर जिले में क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल का जन्म हुआ था। ये



भारत मां के वो सच्चे सपूत थे, जिन्होंने ऐतिहासिक काकोरी कांड को अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया।

काकोरी कांड के अलावा रामप्रसाद बिस्मिल को उनकी बहुआयामी प्रतिभा के लिए भी याद किया जाता है।



मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल देवराहा और निगम पार्षद सुशील जोंटी संगम पार्क वार्ड स्थित रेलवे चौकी नं. 4 में जनता प्याऊ का शुभारंभ करते हुए। साथ में कई गणमान्य लोग।

# देवेंद्र यादव ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया विमान हादसे में सभी 242 जहाज में सवार यात्री और चालक दल के सदस्यों की मौत पर दिल्ली कांग्रेस की ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। जो दृश्य सामने आए है वो बेहद पीड़ादायक है। पूरा देश शोक में है। श्री यादव ने कहा कि विमान दुर्घटना में मारे गए सैंकड़ों लोगों के परिवारजनों के संकट के समय कांग्रेस परिवार की संवेदनाएं उनके साथ है। ईश्वर



से हम दुआ करते है मृतकों की आत्मा को शांति मिले। यह अत्यंत दुखद है कि मेडिकल के कुछ छात्र भी मेडिकल हॉस्टल पर जहाज गिरने से मरे है। घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की हम कामना करते है।

# पीएम सूर्य घर योजना के तहत दिल्ली में सोलर पैनल लगाने की योजना को प्रोत्साहित किया जाएः सूद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली में बिजली की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए बिजली कंपनी और ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में तीनों बिजली कंपनी और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

बैठक के बाद ऊर्जा मंत्री ने बताया कि बैठक में दिल्ली में बढ़ते हुए बिजली के लोड को देखते हुए दिल्ली की सभी बिजली कंपनियों को अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में मौसम की



भविष्यवाणी को देखते हुए दिल्ली में बिजली कंपनी अपनी पूरी तैयारी रखें। प्राकृतिक आपदाओं जैसे तेज आंधी, भारी बारिश, पेड़ गिरने तथा कुछ असामान्य कारणों से यदि बिजली कटौती की जाती है तो उसको ठीक करने के लिए समय सीमा को कम करने के भी निर्देश दिए। ताकि उपभोक्ताओं को सुचारू और निर्बाध बिजली देने का प्रयास किया जा सके। ऊर्जा मंत्री ने बताया की दिल्ली सरकार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सभी नागरिकों को निर्वाध और सुचारू रूप से बिजली देने के लिए कटिबंध है। इस दिशा में सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है और किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री ने सभी बिजली कंपनियों को निर्देश दिए कि वह अपने क्षेत्र में बिजली के पुराने ग्रिडों को बदले और नई केवल डालने तथा बिजली के उत्पादन और वितरण में नई तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दें। ऐसी व्यवस्था भी करें।

# जनता को बेहतर सुविधाएं दे रही है भाजपा सरकारः साहिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा नेता साहिल वासन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे करती है, वह पूरे करके दिखाती है, यही कारण है कि आज भाजपा के राज में देश के लोग काफी खुश है और भारतीय जनता पार्टी के कार्यों की सराहना कर रहे है।

उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहे है। यही



कारण है कि देश के लोग ही नहीं बल्कि विदेशी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की सराहना कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा ने हमेशा ही जनहित में कार्य किया है। जिससे की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

# इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार! ऑस्ट्रेलिया-द.अफ्रीका ने बनाया रिकॉर्ड

**लंदन :** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 फाइनल के पहले दिन लॉर्ड्स में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा। कगिसो रबाडा (51 रन पर पांच विकेट) और मार्को यानसेन (49 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर समेटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की भी शुरूआत खराब रही और उसने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 43 रन पर चार विकेट गंवा दिए हैं। मिचेल स्टार्क (10 रन पर दो विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों एडेन मार्करम (00) और रेयान रिकेल्टन (16) को जल्दी पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरूआत दिलाई। कप्तान पैट कमिंस (14 रन पर एक विकेट) और जोश हेजलवुड (10 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। पहले दिन ही एक ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड बना जो इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के 145 साल के इतिहास में नहीं बना था।





**दोनों टीमों का नंबर-एक बल्लेबाज शून्य पर आउट**

दरअसल, इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट 1880 से खेला जा रहा है। तब से इस फाइनल से पहले तक इस देश में 561 टेस्ट हुए, लेकिन कभी यह रिकॉर्ड नहीं बना। अब फाइनल में पहली बार ऐसा हुआ है कि इंग्लैंड में किसी टेस्ट में दोनों टीमों का पहले नंबर का बल्लेबाज (पहली गेंद पर स्ट्राइक लेने वाला बल्लेबाज) अपनी-अपनी पहली पारी में खाता नहीं खोल सका हो। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा शून्य पर आउट हुए थे। उन्हें रबाडा ने पवेलियन भेजा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में एडेन मार्करम भी खाता नहीं खोल पाए। यह अनचाहा रिकॉर्ड इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार बना। ओवरऑल (सभी देशों को मिलाकर) ऐसा 10वीं बार हुआ है।

**बेडिंघम और बावुमा नाबाद**

पहले दिन का खेल खत्म होने पर दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम आठ, जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा तीन रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 169 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन, 92 गेंद, 11 चौके) और स्टीव स्मिथ (66 रन, 112 गेंद, 10 चौके) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी करके उस समय मुश्किल से उबारा जब टीम 67 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी (23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। वेबस्टर और कैरी ने छठे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी भी की।

**द. अफ्रीका की भी खराब बल्लेबाजी**

दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत भी खराब रही। टीम ने पहले ओवर में ही मार्करम (00) का विकेट गंवा दिया जो मिचेल स्टार्क की गेंद पर बोल्ड हुए। वियान मुल्डर को एक रन के निजी स्कोर पर स्टार्क की गेंद पर कैरी ने जीवनदान दिया। सलामी बल्लेबाज रियान रिकेल्टन (16) ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौके मारे। वह हालांकि स्टार्क की गेंद पर पहली स्लिप में उस्मान ख्वाजा को कैच दे बैठे। मुल्डर ने 44 गेंद में छह रन बनाने के दौरान काफी संघर्ष किया और फिर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए। हेजलवुड ने ट्रिस्टन स्टब्स (02) को बोल्ड करके दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 30 रन किया।

**बावुमा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया**

इससे पहले आसमान में छाए बादलों के बीच दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसे उनके गेंदबाजों ने सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऑस्ट्रेलिया के लिए बल्ले से पहला रन मार्नस लाबुशेन (17) ने यानसेन पर पारी के चौथे ओवर में दो रन के साथ बनाया। लाबुशेन पहली बार टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज कर रहे थे। रबाडा ने सातवें ओवर में उस्मान ख्वाजा को स्लिप में डेविड बेडिंघम के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। ख्वाजा 20 गेंद खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल पाए।


**पहली बार लाबुशेन ओपनिंग करने उतरे**

मार्च 2024 के बाद पहली बार टेस्ट क्रिकेट खेल रहे कैमरन ग्रीन (04) ने रबाडा की पहली ही गेंद पर चौका जड़ा लेकिन एक गेंद बाद स्लिप में एडेन मार्करम के हाथों लपके गए। लाबुशेन और स्मिथ ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। स्मिथ ने रबाडा जबकि लाबुशेन ने लुंगी एनगिडी पर चौका जड़ा। स्मिथ ने भी एनगिडी के ओवर में दो चौके मारे। यानसेन ने लाबुशेन को विकेटकीपर काइल वेरेने के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने लंच से पहले की अंतिम गेंद पर ट्रेविस हेड (11) को भी लेग साइड में विकेटकीपर के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 67 रन किया।

**स्मिथ-वेबस्टर ने संभाली पारी**

स्मिथ और वेबस्टर ने इसके बाद पारी को संभाला।

## महिला टेनिस खिलाड़ियों को प्रजनन प्रक्रिया के दौरान मिलेगा संरक्षित रैंकिंग का लाभ : डब्ल्यूटीए



**नई दिल्ली।** महिला टेनिस की शासी संस्था डब्ल्यूटीए (डब्ल्यूटीए) ने बुधवार को घोषणा की कि जो महिला खिलाड़ी प्रजनन संरक्षण प्रक्रिया (फर्टिलिटी प्रोटेक्शन प्रोसीजर) से गुजरना चाहती हैं, उन्हें खेल से समय लेने की अनुमति दी जाएगी और वे वापसी पर संरक्षित रैंकिंग के साथ प्रतिस्पर्धा में लौट सकेंगी। डब्ल्यूटीए के इस नए नियम का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को पारिवारिक लक्ष्यों और पेशेवर करियर के बीच संतुलन बनाने में सहायता करना है। यह कदम डब्ल्यूटीए द्वारा तीन महीने पहले घोषित उस नीति के बाद आया है, जिसमें खिलाड़ियों को 12 महीने तक का सशुल्क मातृत्व अवकाश देने की बात कही गई थी। डब्ल्यूटीए ने एक बयान में कहा, नए नियम के तहत खिलाड़ी अब अंडाणु या भ्रूण को सुरक्षित रखने जैसी प्रजनन संरक्षण प्रक्रिया के लिए पेशेवर टेनिस से समय ले सकती हैं और संरक्षित रैंकिंग के साथ सुरक्षित रूप से प्रतियोगिता में लौट सकती हैं। इस निर्णय को महिला खिलाड़ियों के लिए एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिससे वे अपने व्यक्तिगत जीवन और खेल करियर दोनों को बेहतर ढंग से संभाल सकेंगी।

## भारतीय टेस्ट टीम में वापसी पर करुण नायर ने कहा-बहुत खास है ये मौका



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर की टीम इंडिया में टेस्ट क्रिकेट में वापसी हुई है। नायर ने आखिरी बार भारत के लिए मार्च 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। 2016 में चेन्नई टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक लगाने वाले नायर का फॉर्म बाद में गिर गया और उन्हें टीम में जगह नहीं मिल पाई थी। अब नायर को एक बार फिर मौका मिला है और उन्होंने बीसीसीआई के एक्स हैंडल पर जारी एक वीडियो में अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा, "बहुत खास महसूस हो रहा है। इस मौके को फिर से पाने के लिए मैं आभारी और सौभाग्यशाली हूं। अब इसे दोनों हाथों से लपकने की कोशिश करूंगा। इस समय जो भावनाएं हैं, उन्हें शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। यह बहुत खास एहसास है ॥ टीम के सीनियर खिलाड़ी केएल राहुल ने भी करुण की वापसी पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, ॥मैं नायर को बहुत समय से जानता हूं। मैंने उसे यूके में काउंटी क्रिकेट खेलते हुए देखा है, जहां उसने कड़ी मेहनत की और अकेले संघर्ष किया। उसका टीम में लौटना न केवल उसके लिए, बल्कि उसके परिवार और हम दोस्तों के लिए भी बेहद खास है। उसका अनुभव और सीखना निश्चित रूप से टेस्ट मैचों में टीम के काम आएगा ॥ नायर ने 2023 और 2024 में इंग्लैंड की काउंटी टीम नॉर्थैम्पटनशायर का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने 10 मैचों की 14 पारियों में 56.61 की औसत से 736 रन बनाए। इसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 202 रन नाबाद* रहा। भारत की यह टेस्ट सीरीज जून से अगस्त 2025 के बीच इंग्लैंड में खेली जाएगी। मुकाबले हैडिंग्ले (लीड्स), एजबेस्टन (बर्मिंघम), लॉर्ड्स, ओवल (लंदन) और ओल्ड ट्रैफर्ड (मैनचेस्टर) में आयोजित किए जाएंगे।

## लेवांडोव्स्की के विरोध के बाद पोलैंड कोच मिशाल प्रोबिएर्ज.ने दिया इस्तीफा

**वारसॉ।** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मिशाल प्रोबिएर्ज.ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह फैसला तब आया जब टीम के स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने यह साफ कर दिया कि वह अब उनके नेतृत्व में टीम के लिए नहीं खेलेंगे। 36 वर्षीय लेवांडोव्स्की, जो वर्तमान में बार्सिलोना क्लब से जुड़े हैं, ने हाल ही में आरोप लगाया था कि उनके साथ विश्वासघात हुआ है। उन्होंने कहा कि कप्तानी छीने जाने की सूचना उन्हें एक संक्षिप्त फोन कॉल के जरिए दी गई थी, जब वह अपने बच्चों को सुला रहे थे। इसके बाद जल्द ही यह खबर पोलैंड फुटबॉल संघ की वेबसाइट पर जारी कर दी गई। प्रोबिएर्ज.ने लेवांडोव्स्की को हटाकर मिडफील्डर पियोटर ज़िलिंस्की को नया कप्तान नियुक्त किया था। इस्तीफा देते हुए प्रोबिएर्ज.ने एक बयान में कहा, मुझे लगता है कि मौजूदा हालात को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में मेरा इस्तीफा देना ही सबसे बेहतर फैसला होगा। इस पद पर काम करना मेरे करियर का सबसे बड़ा सपना और सम्मान था। मिशाल प्रोबिएर्ज.की कोच के रूप में आखिरी मैच फिनलैंड के खिलाफ था, जिसमें पोलैंड को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर्स के अंतर्गत खेला गया था।

## नायर के टेस्ट में दमदार वापसी पर गौतम गंभीर ने कहा- यह कभी आसान नहीं होता

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई.टीवी की ओर से जारी एक वीडियो में गंभीर ने कहा, "वापसी कभी आसान नहीं होती। जिस तरह से करुण ने रन बनाए और हार न मानने वाला रवैया दिखाया, वो पूरी टीम के लिए प्रेरणास्रोत है। करुण, एक बार फिर टीम में आपका स्वागत है।" करुण नायर ने आखिरी बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था, कुछ ही महीनों बाद जब वह भारत की ओर से टेस्ट में तिहरा शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने थे।

## बीसीसीआई अपेक्स काउंसिल की बैठक, आईपीएल में जीत के बाद जश्न को लेकर नियम बना सकता है बोर्ड



**मुंबई :** बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की दुखद घटना के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जीत के जश्न के लिए मानक दिशानिर्देश तैयार करना भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शनिवार को होने वाली 28वीं शीर्ष परिषद बैठक के एजेंडे में प्रमुख मुद्दों में शामिल होगा। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। यह घटना पिछले बुधवार को घटी थी, जब लगभग 2.5 लाख प्रशंसक अपने पसंदीदा सितारों की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम और उसके आसपास के इलाकों में उमड़ पड़े थे। इसके कारण भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 56 घायल हो गए थे। बीसीसीआई ने हालांकि माना कि समारोह का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता था, लेकिन अब इस मामले पर बैठक के दौरान औपचारिक रूप से विचार-विमर्श किया जाएगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'बैठक के दौरान आईपीएल जीत के जश्न के लिए नियम बनाने की जरूरत पर चर्चा की जाएगी।' इस बैठक में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली आगामी सीरीज के लिए स्थलों के चयन पर भी चर्चा की जाएगी। इसके अलावा बैठक में आयु सत्यापन की मौजूदा प्रक्रिया की समीक्षा किए जाने की संभावना भी है। यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसका उद्देश्य आयु-समूह क्रिकेट में, विशेष रूप से अंडर-16 (लड़के) और अंडर-15 (लड़कियां) श्रेणियों में आयु-धोखाधड़ी को रोकना है।

## फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के लिए इंटर मियामी की टीम घोषित

**नई दिल्ली।** इंटर मियामी ने बुधवार को फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के लिए अपनी 26 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी इस टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ उनके पुराने साथियों लुइस सुआरेज और सर्जियो बस्केट्स को भी स्क्वाड में शामिल किया गया है। फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 इस बार बदले हुए फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें कुल 32 टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूनार्मेंट अमेरिका में 14 जून से 13 जुलाई के बीच खेला जाएगा। अगले साल होने वाले फीफा वर्ल्ड कप से पहले यह टूनार्मेंट एक तरह से अभ्यास और माहौल परखने का अवसर भी होगा।

इंटर मियामी की पूरी टीम


**गोलकीपरः** ड्रेक कैलेंडर, रोको रियोस नोवो, ऑस्कर उस्तारी, विलियम यारब्रू।

**डिफेंडरः** जोरदी आल्बा, नोआ एलन, टॉमस अविलेस, इस्राएल बोटराइट, मैक्सीमिलियानो फाल्कोन, इयान फ्रे, गोंजालो लुहान, टायलर हॉल, डेविड मार्टिनेज, रयान सेलर, मासेलो वेगांट।

**मिडफील्डरः** यैनिक ब्राइट, सर्जियो बस्केट्स, बेनजामिन क्रेमास्की, सैंटियागो मोरालेस, फेडरिको रेडोंडो, बाल्तासार रोड्रिगेज, डेविड रूइज, टेलास्को सेगोविया।

**फॉरवर्डः** लियो अफोंसो, तादेओ एलेंदे, लियोनेल मेसी, एलेन ओबांडो, फाफा पिकॉल्ट।

## फीफा विश्व कप क्वालिफायर: रोमानिया ने साइप्रस को 2-0 से हराया



**बुखारेस्ट।** नेशनल एरीना में मंगलवार रात खेले गए 2026 फीफा विश्व कप क्वालिफायर के ग्रुप-एच मुकाबले में रोमानिया ने साइप्रस को 2-0 से हराकर अहम जीत दर्ज की। इस जीत से रोमानिया ने ग्रुप में शीर्ष स्थान की होड़ में खुद को बनाए रखा है। पहले हाफ के अंतिम क्षणों में फ्लोरिन तानासे और डेनिस मैन के गोलों ने मेजबान टीम को बढ़त दिलाई। 43वें मिनट में मैन की शुरूआत से हुए तेज काउंटर-अटैक में तानासे ने पहला गोल किया। इसके कुछ ही मिनट बाद, मैन ने डेनिस द्रागुश के साथ शानदार एक-दो खेलते हुए हाफ टाइम से ठीक पहले दूसरा गोल दागा। मैच की शुरूआत से ही रोमानिया ने आक्रामक रवैया अपनाया और कई मौके बनाए। मिहाई पोपेस्कु की क्लोज रेंज से कोशिश और मैन की लंबी दूरी की शॉट को साइप्रस के गोलकीपर जोएल मॉल ने शानदार बचाव कर रोका। पहले हाफ में दो बार वीएआर की मदद ली गई, दोनों बार संभावित रेड कार्ड की स्थिति बनी, लेकिन लिथुआनियाई रेफरी डोनाटस रुम्सास ने वीडियो देखकर अपने मूल फैसलों को बरकरार रखा।

हालांकि रोमानिया की रक्षा में कुछ खामियां नजर आईं, लेकिन गोलकीपर स्टीफान मोल्दोवान ने कुछ अहम बचाव कर क्लीन शीट बनाए रखने में सफलता पाई। दूसरे हाफ में रोमानिया ने खेल पर नियंत्रण रखा, मगर वह अपनी बढ़त को और नहीं बढ़ा सका। इसके बावजूद टीम ने क्वालिफाइंग अभियान में एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की।

## शुचि उपाध्याय की जगह राधा यादव इंग्लैंड

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इंग्लैंड दौरे से पहले एक बड़ा झटका लगा है। टीम की खिलाड़ी शुचि उपाध्याय को चोट के कारण दौरे से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह अब राधा यादव को टीम इंडिया के टी20 और वनडे स्क्वॉड में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसआई) ने गुरुवार को बताया कि शुचि को यह चोट बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में आयोजित प्री-टूर कैंप के दौरान लगी थी। जांच में पाया गया कि उनकी बाईं टिबिया (निचले पैर की एक हड्डी है, जिसे पिंडली की हड्डी के रूप में भी जाना जाता है) में चोट है, जिसके बाद मेडिकल टीम ने उन्हें आराम की सलाह दी। अनुभवी स्पिन गेंदबाज राधा यादव अब इंग्लैंड दौरे पर भारत की दोनों सीमित ओवरों की टीमों का हिस्सा होंगी।

**भारत की अपडेटेड टी20 टीमः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गाऊद, सायली सतघरे, राधा यादव।

**भारत की अपडेटेड वनडे टीमः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति

## इंग्लैंड के उप-कप्तान ओली पोप के मुताबिक भारत को खलेगी इस दिग्गज की कमी



**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, फैंस के मन में उत्सुकता उतनी बढ़ती जा रही है। इस सीरीज की शुरूआत 20 जून से होगी। भारतीय टीम नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में इस सीरीज में उतरेगी और सभी खिलाड़ी इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। इस दौरान टीम इंडिया भारत-ए टीम के खिलाफ एक इंट्रा स्क्वॉड मैच भी खेलेगी। हालांकि, काफी समय बाद ऐसा होगा कि किसी टेस्ट सीरीज में विराट कोहली, रोहित शर्मा, रविचंद्रन अश्विन नहीं खेलते दिखेंगे।

**'कोहली की चमक की कमी खलेगी'**

रोहित और कोहली ने टेस्ट को अलविदा कह दिया है तो वहीं अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। इसके अलावा मोहम्मद शमी को भी इस दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है। इंग्लैंड के उपकप्तान ओली पोप का मानना है कि शुभमन गिल की अगुआई वाली युवा भारतीय टीम में काफी गहराई और प्रतिभा है, लेकिन 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की सीरीज के दौरान टीम इंडिया को विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी।

**चयनकताओं ने युवा टीम का चयन किया**

कोहली और रोहित जैसे दिग्गजों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारत ने इस हाई-प्रोफाइल सीरीज के लिए युवा टीम का चयन किया है। पोप ने 'टॉकस्पोर्ट' क्रिकेट से कहा, 'यह एक युवा टीम है, लेकिन इन भारतीय खिलाड़ियों में बहुत गहराई और प्रतिभा है। इसलिए उनके पास बहुत से युवा खिलाड़ी हैं। बहुत से अच्छे खिलाड़ी हैं। उनके नए कप्तान शुभमन गिल एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्हें स्लिप में खड़े होकर चहकने वाले विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी।'

**'भारतीय टीम के पास कुछ अच्छी प्रतिभाएं'**

उन्होंने कहा, 'लेकिन उनके पास कुछ अच्छी प्रतिभाएं हैं इसलिए वे आत्मविश्वास से भरे होंगे। लेकिन हमारे खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।' भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है। 2011, 2014 और 2018 में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि 2021-22 की सीरीज ड्रॉ रही। पोप ने आगामी सीरीज को इस साल के अंत में होने वाली एशेज की इंग्लैंड की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बताया।

**'एशेज की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है यह सीरीज'**

उन्होंने कहा, 'हमारे लिए भारत के साथ खेलने का यह एक बेहतरीन समय है। पिछली गर्मियों में हमने वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ खेला था। भारत के साथ खेलने का यह एकदम सही समय है और फिर एक बार जब एशेज आ जाएगी तो यह रोमांचक होगा।' इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की भी शुरूआत हो जाएगी।

## शूटिंग विश्व कप में मनु भाकर फाइनल में पदक से चूकीं



**म्यूनिख :** पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर और सीनियर निशानेबाज चैन सिंह ने यहां चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपनी-अपनी स्पधाओं के फाइनल में जगह बनाई लेकिन पोडियम स्थान हासिल नहीं कर सके जिससे भारत बुधवार को एक भी पदक नहीं जीत पाया।ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल में आठ निशानेबाजों के फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफाइंग दौर में उन्होंने 588 के कुल स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया था। चैन सिंह ने क्वालिफिकेशन राउंड में अच्छे स्कोर के आधार पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन आठ निशानेबाजों के पदक राउंड में सातवें स्थान पर रहे। मंगलवार को भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उसे यह पदक एलावेनिल वलारिवान ने दिलाया था। मनु भाकर ने प्रिसिशन में 290 और रैपिड फायर राउंड में शानदार प्रदर्शन करके 298 अंक हासिल किए थे लेकिन फाइनल में उनका प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा। चीन की सुन युजी ने 38 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की ओह येजिन और यांग जिन ने क्रमशः 36 और 32 अंकों के साथ रजत और कांस्य पदक हासिल किया। भाकर तीसरे एलिमिनेशन राउंड से आगे नहीं बढ़ सकीं और उन्होंने 20 अंकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। एशियाई खेलों के पदक विजेता और हाल ही में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाले चैन सिंह ने 592 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। लेकिन फाइनल में वह शुरू में ही लड़खड़ा गए और बाहर होने वाले दूसरे प्रतियोगी बने। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य भारतीय, पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और अंकुश जाधव 587 और 580 अंक लेकर क्रमशः 38वें और 67वें स्थान पर रहे।

**फास्ट न्यूज**

## बीसीए छात्र ने लॉज में फंखे से झूलकर की आत्महत्या

**सहरसा।** सदर थाना क्षेत्र के हटिया गाछी पटेल नगर के निजी कोचिंग संस्थान में पढ़ रहे बीसीए का एक छात्र ने लॉज के कमरे में गुरुवार को पंखे में फंदे लगा कर आत्महत्या कर ली। पंखे से झूलते उनके शव मिलने से हड़कम्प मच गया।घटना सदर थाना क्षेत्र के पटेलनगर, वार्ड नम्बर – 28 की है। मृत छात्र की पहचान 21 वर्षीय आयुष कुमार के रूप में हुई । वे जिले के बिहरा थाना क्षेत्र के सिहौल गांव का रहने वाला था। घटना की सूचना मिलते ही मृत छात्र के परिजनों और लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। सभी आक्रोशित लोगों ने कोचिंग संचालक आदेश चौहान और एक छात्र पर हत्या का आरोप लगाते हुए उन दोनों पर टूट पड़े। लोगों की भीड़ कोचिंग संचालक के साथ मारपीट करने लगे। ऐसा लग रहा था की लोग उनकी भी जान ले लेंगे। गनीमत रही की इस दौरान पुलिस गस्ती टीम मौके पर पहुंच चुकी थी। जिसने काफी मशक्कत के बाद लोगों की भीड़ से कोचिंग संचालक को छुड़ाकर एक कमरे में बंद कर दिया।

## अहमदाबाद विमान हादसे पर मुख्यमंत्री मर्माहत

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया विमान हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा अत्यंत पीड़ादायक है और मैं इस घटना से मर्माहत हूं। मुख्यमंत्री ने सभी यात्रियों और प्रभावित परिवारों के लिये ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस विकट घड़ी में मेरी संवेदनायें सभी प्रभावित परिवारों के साथ है।

## भीषण गर्मी की चपेट में आने से मंदिर के महंत की हुई मौत

**पूर्वी चंपारण।** भीषण गर्मी की चपेट में आने से रक्सौल में गुरूवार को एक मंदिर के महंत की मौत हो गई। मृतक की पहचान नंद किशोर दास जी महाराज के रूप में हुई है, जो पश्चिम चंपारण जिले के नरकटियागंज स्थित रामजानकी मंदिर के महंत थे। मिली जानकारी के अनुसार, वे नरकटियागंज से रक्सौल होते हुए अपने पैतृक गांव मधुबनी जिले के बेनीपट्टी अपने पिता के बरखी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले थे।नरकटियागंज से रक्सौल पहुंचने के बाद जब वे बस स्टैंड की ओर पैदल जा रहे थे, तभी सोना टॉकीज के पास अचानक गिर पड़े।

# सीएम के हाथों सम्मानित होकर खिल उठे मेधावियों के चेहरे

- गुरुवार को लोक भवन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश का मान बढ़ाने वाले मेधावियों व प्रतिभावानों को किया गया सम्मानित
- सीएम योगी के प्रयास से अभिभूत हुए स्टूडेंट्स,

**युवा प्रतिभा**

- पहले की सरकारों की अपेक्षा युवा शक्ति को प्रोत्साहित करने में सफल रही योगी सरकार : अभिभावक



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश न केवल देश में सबसे अधिक युवा आबादी वाला प्रदेश है बल्कि सबसे ज्यादा युवा प्रतिभाओं से युक्त प्रदेश है। युवा न केवल प्रदेश बल्कि देश का भी भविष्य हैं, यही कारण है कि उनकी प्रख्याति, प्रशस्ति और प्रगति पर योगी सरकार विशेष महत्व देती है। सीएम योगी के इसी विजन की झलक गुरुवार को लोक भवन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में देखने को मिली, जहां प्रदेश का मान बढ़ाने वाले मेधावी व प्रतिभावान स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में केन्द्र व राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों को एक लाख रुपए, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। जबकि, 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर मेडल जीतने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को 75 हजार से लेकर 15 हजार तक की धनराशि वितरित की गई। इस समारोह में सीएम योगी के हाथों सम्मानित होकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। उन्होंने सीएम योगी का धन्यवाद करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सरकार की कोशिशों से प्रदेश में प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिल रहा है। वहीं, उनके अभिभावकों ने सीएम योगी और सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि पहले की सरकारों की अपेक्षा योगी सरकार युवा शक्ति को प्रोत्साहित करने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा का स्तर सुधारने के साथ ही युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करने का जो प्रयास योगी सरकार कर रही है वह न केवल सराहनीय व अनुकरणीय है, बल्कि इससे युवा शक्ति के सशक्तिकरण को भी बल मिल रहा है।

**प्रदेश में प्रतिभाओं को निखरने का मिल रहा मौका:** सीएम योगी के हाथों सम्मानित होकर स्टूडेंट्स न केवल अभिभूत दिखे बल्कि उन्होंने सीएम योगी व राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ की। स्टूडेंट्स के साथ ही उनके अभिभावकों के चेहरे पर भी प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। सीएम योगी के विजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए अभिभावकों ने कहा कि सीएम योगी का विजन मिशन मोड में उत्तर प्रदेश में ट्रांसफॉर्मेशन को सुनिश्चित कर रहा है। प्रदेश की युवा मेधा और प्रतिभा का सम्मान जिस प्रकार सीएम योगी ने सुनिश्चित किया वह पूर्ववर्ती सरकारें नहीं कर सकीं। यही कारण है कि युवाओं के मन में एक निराशा घर कर गई थी जिसे योगी सरकार के प्रयासों ने आशा की किरण देकर निखरने का मौका दिया है।

**योगी सरकार के प्रयासों से लक्ष्य हासिल करना हुआ आसान:** आईसीएसई बोर्ड की 10वीं क्लास की परीक्षा को 99.4 प्रतिशत मार्क्स लाकर पूरे उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान पाने वाले वत्सल अग्रवाल ने सीएम योगी द्वारा सम्मानित होने को गौरवान्वित होने वाला क्षण बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा को लेकर बड़े स्तर पर कार्य हुए हैं।

### योगी सरकार का स्किल्स बढ़ाने पर फोकस

*सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत मार्क्स लाने वाले आरव मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में जो सुधार हुआ है। चाहें बात करिकुलम की हो या फिर को-करिकुलर एक्टिविटीज की, उत्तर में शिक्षा के स्तर में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और इसके लिए निश्चित तौर पर सरकार बधाई की पात्र है। 99.4 प्रतिशत मार्क्स लाकर ऑल इंडिया तीसरी रैंक प्राप्त करने वाली अमरोहा की तनिष्का राजपूत ने कहा कि उनका सपना आईएएस ऑफिसर बनकर देश की सेवा करना है। योगी सरकार के इस प्रयास से प्रदेश में प्रतिभाओं के प्रोत्साहन को बल मिलेगा। वहीं, यूपी बोर्ड से 10वीं परीक्षा को 97.60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करने वाले यश प्रताप सिंह भदौरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए योगी सरकार विदेशों की तरह नए इनोवेशंस को बढ़ावा दे रही हैं ।*

### लड़कियां बहुत कुछ कर सकती हैं, बशर्ते उन्हें सपोर्ट मिले

**सहारनपुर** की रीत राठौर ने नेशनल स्कूल गेम्स में भाग लेकर हाई जम्प में गोल्ड मेडल जीता था। उन्हें 75 हजार रुपए की धनराशि प्राप्त हुई है। सीएम योगी के हाथों हर्ष जताते हुए उन्होंने कहा कि मैं मेरठ में ट्रेनिंग करती हूं। एक खिलाड़ी के लिए सपोर्ट सबसे जरूरी होता है। जब सरकार का सपोर्ट मिलता है तो अभिभावकों की चिंताएं दूर होती हैं। उन्होंने सीएम योगी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रयास से समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा। लड़कियां बहुत कुछ कर सकती हैं बशर्ते उन्हें प्रोत्साहन मिले और सीएम योगी के प्रयास पुरानी सरकारों से इतर खिलाड़ियों के प्रोत्साहन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। नेशनल स्कूल गेम्स में 2 गोल्ड मेडल जीतने वाली निष्ठा गुप्ता ने भी सीएम योगी से हाथों सम्मानित होने पर हर्ष जताया।




जदयू कार्यालय आयोजित कार्यकर्ता दरबार में में सुनवाई करते परिवहन मंत्री शील मंडल और मंत्री रतनेश सदा।

## दूध गर्म करते वक्त भड़की आग, घर-दुकान जलकर राख

**मीरजापुर।** कछवां थाना क्षेत्र के पाहो बाजार में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक मकान में अचानक आग भड़क उठी। गैस चूल्हे पर दूध गर्म करने के दौरान लगी आग ने देखते ही देखते पूरे घर और दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दंपति झुलस गए, जबकि उनके बेटे, बहू और पोते को छत के रास्ते सुरक्षित बाहर निकाला गया। पाहो गांव निवासी दीना मोदनवाल की पाहो बाजार में कॉस्मेटिक और किराने की दुकान है।

गुरुवार सुबह उनकी पत्नी रीता मोदनवाल (55) गैस पर दूध गर्म कर रही थीं कि तभी अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग बुझाने की कोशिश में दीना मोदनवाल भी झुलस गए। सबसे बड़ी चुनौती उस वक्त सामने आई जब घर के भीतर उनका बेटा छोटू, बहू और दो मासूम पोते फंस गए। धुएं और आग के बीच छत ही एकमात्र सुरक्षित रास्ता बचा था।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की निर्णायक यात्रा है यह अमृतकाल : गिरीराज सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**भागलपुर।** मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर भागलपुर के परिसदन में गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट जयराम विप्लव, क्षेत्रीय प्रभारी अनिल ठाकुर, जिला अध्यक्ष संतोष शाह, मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेई सहित पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के साथ आत्मनिर्भरता और वैश्विक विश्वास की नई इबारत लिखी है। यह अमृतकाल, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की निर्णायक यात्रा है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। बालाकोट स्ट्राइक से लेकर तेजस, ब्रह्मोस, आईएनएस विक्रांत और एस-400 जैसे अत्याधुनिक संसाधनों से भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना है। नक्सलवाद पर निर्णायक कार्रवाई से हिंसा में 70 प्रतिशत की गिरावट आई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि टेक्नोलॉजी के जरिए पारदर्शिता और सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है। 24 लाख करोड़ से अधिक डिजिटल लेन-देन और 97 करोड़ इंटरनेट यूजर भारत की डिजिटल क्रांति का प्रमाण हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डीबीटी के माध्यम से 44 लाख करोड़ सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजे गए।

## मुख्यमंत्री साय का पुलिस लाइन हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों ने किया आत्मीय स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आज गुरुवार को कोरबा के पुलिस लाइन हेलीपेड आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री साय के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी उपस्थित रहे। हेलीपेड पर मुख्यमंत्री साय का कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी सिद्धार्थ तिवारी, मुख्य वन संरक्षक प्रभात मिश्रा, डीएफओ कोरबा मयंक अग्रवाल, कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।



## महिला समूहों के उत्पाद के मूल्य को बढ़ाए: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने गुरुवार को नैनीताल राजभवन में आयोजित महिला स्वयं सहायता समूहों की उत्पाद प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में नैनीताल जनपद के भीमताल, कोटाबाग, धारी, रामगढ़, हल्द्वानी और रामनगर क्षेत्र की महिलाओं ने ऐपण, लकड़ी की कलाकृतियां, हस्तशिल्प, बेकरी, अचार, जैम और मसालों सहित विविध उत्पाद प्रदर्शित किए। राज्यपाल ने इन उत्पादों की गुणवत्ता, नवाचार और सृजनात्मकता की सराहना करते हुए महिलाओं की आत्मनिर्भरता को प्रेरणास्पद बताया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं न केवल प्रतिभाशाली हैं, बल्कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस प्रयास कर रही हैं। उन्होंने प्रदर्शित उत्पादों की गुणवत्ता में हुई प्रगति को सराहनीय बताया और सुझाव दिया कि उनमें और अधिक मूल्य संवर्धन किया जाए, जिससे उत्पादों की मांग और मूल्य दोनों में वृद्धि हो सके।



## बेकाबू कार पलटने से दो की मौत, दो घायल

**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र में तेंदुआवन कला गांव के पास गुरुवार को एक कार अचानक पुलिया से भिड़ने के बाद नाले में पलट गई। हादसे में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को बाहर निकाला और अस्पताल ले गई। हादसे की खबर परिवार एवं रिश्तेदारों को दिया। पुलिस ने परिवार के पहुंचते ही दोनों मृत युवकों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**भविष्य** ड्रीम लैब्स से योगी सरकार का बड़ा कदम, शिक्षा और तकनीक के संगम से बदलेगा उत्तर प्रदेश का भविष्य

## डिजाइन से ड्रोन तक, ड्रीम लैब्स बनेंगी स्कूली शिक्षा की नई पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश शिक्षा और उद्योग के संगम से भविष्य की दिशा तय कर रहा है। इसी कड़ी में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अत्याधुनिक ड्रीम लैब्स की स्थापना के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने टाटा नेल्को और यास्कावा के साथ महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह पहल न केवल स्कूली शिक्षा को व्यवहारिक और तकनीकी रूप से समृद्ध बनाएगी, बल्कि राज्य को तकनीकी कौशलयुक्त जनशक्ति की दिशा में अग्रसर करेगी। जैसे अमेरिका, जर्मनी, जापान और कोरिया जैसे देश स्कूली स्तर पर ही व्यवसायिक प्रशिक्षण को एकीकृत कर छात्रों को रोजगार-योग्य बना चुके हैं, वैसे ही उत्तर प्रदेश अब उसी दिशा में मजबूत कदम उठा रहा है। योगी सरकार की यह पहल शिक्षा को औद्योगिक दृष्टिकोण से जोड़ने का स्पष्ट संकेत है।

**ओडीओपी से ड्रीम लैब्स तक आत्मनिर्भरता की ओर कदम**

एक जिला एक उत्पाद योजना की सफलता ने पारंपरिक शिल्प और स्थानीय उद्योगों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अब इसी नींव पर निर्मित ड्रीम लैब्स उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण जैसे रोबोटिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमेशन, डिजाइन थिंकिंग आदि क्षेत्रों में छात्रों को तैयार करेंगी। इससे न केवल स्थानीय एमएसएमई इकाइयों को तकनीकी संबल मिलेगा, बल्कि उत्पाद गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी मजबूती आएगी। ड्रीम लैब्स हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित हैं, जहां विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण, उद्योग प्रासंगिक विशेषज्ञता और रोजगार के अवसरों के लिए तैयार किया जाएगा।



